




# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित








वर्ष 40 | चंडीगढ़, वीरवार, 23 जनवरी, 2025 | माघ कृष्ण पक्षः नवमी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 23 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12







हरियाणा स्थानीय निकाय विभाग का चुनाव से पहले बड़ा फैसला

## निकायों में सेवानिवृत्ति के बाद तैनात सलाहकारों के वित्तीय अधिकार खत्म

- प्रदेश के सभी निकायों से मांगी नियुक्तियों पर स्टेटस रिपोर्ट
- अब केवल सुपरविजन वालों कामों पर होगी तैनाती

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के स्थानीय निकायों में सेवानिवृत्ति के बाद बतौर सलाहकार काम कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को झटका दिया है। निकाय विभाग ने इन अधिकारियों व कर्मचारियों से वित्तीय अधिकार वापस ले लिए हैं। स्थानीय निकाय विभाग के निदेशालय की तरफ से बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। प्रदेश में निकाय चुनाव से पहले सरकार का यह बड़ा फैसला माना जा रहा है।
सरकार द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सलाहकार के रूप में तैनात सेवानिवृत्त अधिकारियों को केवल सुपरवाइजर रोल ही सौंपे जाने चाहिए। निकाय विभाग ने सभी निगमों को ऐसे सलाहकारों की स्टेटस रिपोर्ट भी मांग ली है। निदेशालय ने कहा है कि सलाहकारों को कभी-कभी वित्तीय निर्णय और पेमेंट प्रोसेसिंग से संबंधित जिम्मेदारियां दी जाती हैं, जो सरकारी प्रोटोकॉल के अनुरूप नहीं ठीक नहीं हैं। निगम आयुक्तों को यह सुनिश्चित करना होगा कि विशेषज्ञ या सलाहकार के रूप में कार्यरत सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों को केवल अति आवश्यक स्थितियों के लिए ही नियुक्त किया जाए, जहां वह सलाहकार या पर्यवेक्षी कार्य करते हैं। उनकी भागीदारी सहयोगात्मक बनी रहनी चाहिए तथा उन्हें निगम के कर्मचारियों को वित्तीय निहितार्थ या भुगतान प्रसंस्करण वाले कार्य नहीं सौंपने चाहिए।


### आदेश तत्काल प्रभाव से लागू

सरकार के आदेशानुसार वर्तमान में ऐसे विशेषज्ञ, सलाहकार वित्त इंप्लिकेशन या पेमेंट प्रोसेसिंग से संबंधित कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, तो उन्हें तत्काल वापस लिया जा रहा है। अब से यह कार्य उनके पर्यवेक्षी, नियंत्रण प्राधिकरण, संबंधित संयुक्त आयुक्तों द्वारा किए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और निगम के नियमों और नीतियों के अनुसार विशेषज्ञों, सलाहकारों को पहले से सौंपी गई वित्तीय शक्तियां वापस ले ली गई हैं।

## हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक आज



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा मंत्रिमंडल की अहम बैठक गुरुवार को चंडीगढ़ में होने जा रही है। जिसमें विधानसभा के बजट सत्र समेत कई अहम फैसले लिए जाएंगे। नए साल में मंत्रिमंडल की यह दूसरी बैठक है, लेकिन विधानसभा के बजट सत्र तथा प्रदेश सरकार के सौ दिन पूरे होने के चलते यह कई मायनों में अहम मानी जा रही है। इस बैठक में जहां विधानसभा के बजट सत्र की तारीख तय करने की चर्चा हो सकती है वहीं प्रदेश वासियों को सौ दिन पूरे होने पर शुरू की जाने वाली योजनाओं पर भी मोहर लगेगी। वित्त विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार महिलाओं के लिए शुरू की जाने वाली लाडो लक्ष्मी योजना पर गंभीरता से मंथन कर रही है। सौ दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री इस योजना को शुरू करने के संबंध में ऐलान कर सकते हैं। माना जा रहा है कि पहले बजट में इस योजना को शुरू करने के लिए धनराशि आरक्षित की जा सकती है।



महाराष्ट्र के जलगांव में दर्दनाक ट्रेन हादसा

## कर्नाटक एक्सप्रेस ने यात्रियों को कुचला, 11 की मौत; 40 घायल



- आग के अफवाह के बाद रोकी गई थी पुष्पक एक्सप्रेस, ट्रैक पर खड़े थे पैसेंजर्स

अर्थप्रकाश नेटवर्क

**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम दर्दनाक ट्रेन हादसा हो गया। यहां पाचोरा स्टेशन के पास माहेजी और परधाड़े के बीच पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैली। इस दौरान किसी यात्री ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन रुकी और घबराए यात्री कूद गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया। हादसे में 11 लोगों की मौत और 40 पैसेंजर्स घायल हो गए। यह पुष्टि जलगांव के एसपी ने की है।

सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जहां घटना हुई, उस जगह पर शार्प टर्न था। इस वजह से दूसरे ट्रैक पर बैठे पैसेंजर्स को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा। यही वजह रही कि कर्नाटक एक्सप्रेस से इतनी बड़ी संख्या में लोग कुचले गए। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल निला ने बताया, भुसावल से मेडिकल रिलीफ ट्रेन निकल चुकी है। घटनास्थल मुंबई से 400 किलोमीटर दूर है।

### ब्रेक लगने पर ट्रेन के पहिए से निकला था धुआं

गाड़ी नंबर 12627 कर्नाटक एक्सप्रेस यशवंतपुर से हजरत निजामुद्दीन जा रही थी। जबकि पुष्पक एक्सप्रेस (12533) लखनऊ से मुंबई जा रही थी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर 'हॉट एक्सल' या 'ब्रेक-बाइंडिंग (जैमिंग)' के कारण चिंगारी उठी और कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने जंजीर खींची और उनमें से कुछ नीचे कूद गए।



# हरियाणा आईएएस कैडर में एक और अधिकारी उत्सव आनंद शामिल

## 2022 बैच की महिला आई.ए.एस अंजलि श्रोत्रिय से विवाह फलस्वरूप उत्तर प्रदेश कैडर से हरियाणा में हुआ ट्रांसफर

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 22 जनवरी।** हरियाणा के आई.ए.एस (भारतीय प्रशासनिक सेवा ) कैडर में एक और अधिकारी शामिल हो गया है, हालांकि इस अधिकारी का न तो हरियाणा सिविल सेवा (एच.सी.एस ) कोटे से प्रमोशन और न ही गैर-राज्य सिविल सेवा (नॉन-एससीएस) वर्ग से आई.ए.एस. में चयन हुआ है। 2022 बैच के इस आई.ए.एस अधिकारी का नाम है उत्सव आनंद। हरियाणा कैडर की 2022 बैच की महिला आई.ए.एस अधिकारी अंजलि श्रोत्रिय से विवाह फलस्वरूप उत्तर प्रदेश कैडर से हरियाणा कैडर में इंटर-कैडर (एक प्रदेश कैडर से दूसरे राज्य कैडर में ) ट्रांसफर किया गया है।

इसी माह 15 जनवरी 2025 को ही केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा इस आशय में आदेश जारी किया गया है। इसमें उल्लेख है कि आई.ए.एस कैडर नियमों, 1954 के नियम 5 (2) के अंतर्गत एवं उत्तर प्रदेश और हरियाणा की प्रदेश सरकारों की सहमति से उत्सव आनंद, आई.ए.एस का हरियाणा कैडर की आई.ए.एस अंजलि श्रोत्रिय से विवाह कारण उत्तर प्रदेश कैडर से हरियाणा कैडर में ट्रांसफर किया जाता है। उत्सव मूल रूप से झारखंड से हैं जबकि अंजलि मध्य प्रदेश की ही मूल निवासी हैं।

**कई अफसर पहले भी शादी के चलते बदलवा चुके हैं कैडरः** हरियाणा में हालिया वर्षो में ऐसे अन्य मामलों के बारे में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के हेमंत ने केंद्र सरकार से आरटीआई मार्फ़त जानकारी प्राप्त कर बताया कि सितंबर, 2023 में इसी प्रकार त्रिपुरा कैडर के आईएएस राहुल मोदी का हरियाणा कैडर की आईपीएस दीप्ति गर्ग से विवाह कारण त्रिपुरा कैडर से हरियाणा कैडर में ट्रांसफर किया जाता है। राहुल मोदी मूल रूप से राजस्थान से हैं जबकि दीप्ति हरियाणा की ही मूल निवासी है।

अप्रैल, 2023 में आंध्र प्रदेश कैडर 2018 बैच की महिला आई.ए.एस अधिकारी अनुपमा अंजलि का हरियाणा कैडर के 2020 बैच के एक आईएएस हर्षित कुमार से विवाह कारण आन्ध्र प्रदेश कैडर से हरियाणा कैडर में इंटर-कैडर ट्रांसफर किया गया था। नवंबर, 2022 में रेनू सोगन, 2019 बैच की पश्चिम बंगाल कैडर की आईएएस अधिकारी का हरियाणा कैडर के 2019 बैच के ही एक आईएएस हितेश मीणा से विवाह कारण पश्चिम बंगाल कैडर से हरियाणा कैडर में ट्रांसफर किया गया था। हितेश और रेनु दोनों मूल रूप से राजस्थान राजस्थान से हैं।

उससे पूर्व फरवरी, 2022 में 2019 बैच के एक आईएएस अधिकारी डॉ. बलप्रीत सिंह का हरियाणा कैडर की 2017 बैच की महिला आईपीएस उपासना से विवाह कारण केरल कैडर से हरियाणा कैडर में इंटर-कैडर ट्रांसफर किया गया। बलप्रीत का गृह राज्य पंजाब है जबकि उपासना हरियाणा की मूल निवासी है। उससे पूर्व अक्टूबर, 2021 में 2015 बैच के असम-मेघालय कैडर के आईएएस शांतनु शर्मा का हरियाणा कैडर की 2020 बैच की महिला आईएएस सी. जयशरधा से विवाह कारण असम-मेघालय कैडर से हरियाणा कैडर में ट्रांसफर किया गया था। शांतनु मूल रूप से झारखंड के निवासी है जबकि जयशरधा तमिलनाडु से हैं।

### गुजरात से ट्रांसफर होकर हरियाणा आई थी आईएएस नेहा

वर्ष जुलाई, 2021 में ही 2015 बैच की एक महिला आईएएस अधिकारी नेहा सिंह भी हरियाणा आईएएस कैडर में सम्मलित हुई थी क्योंकि उनका हरियाणा कैडर के 2015 बैच के आईएएस राहुल हुड्डा से विवाह कारण गुजरात से हरियाणा में ट्रांसफर किया गया था। नेहा मूल रूप से बिहार की निवासी हैं। बहरहाल राहुल हुड्डा, के कैडर ट्रांसफर मामले में एक रोचक तथ्य?? यह है कि राहुल हुड्डा जिनका आधिकारिक रिकॉर्ड अनुसार गृह-राज्य दिल्ली है एवं जिन्हें प्रारंभ में आईएएस का हिमाचल प्रदेश कैडर अलॉट किया गया था, उनका दिसंबर, 2015 में हरियाणा कैडर में ट्रांसफर हो गया था क्योंकि उन्होंने तब हरियाणा कैडर की 2011 बैच की एक महिला आईपीएस अधिकारी मनीषा चौधरी से विवाह किया था। कुछ वर्षो बाद राहुल और मनीषा का तलाक हो गया था जिसके बाद राहुल ने 2015 बैच की गुजरात कैडर की नेहा से विवाह कर लिया जिसके फलस्वरूप नेहा का हरियाणा कैडर में ट्रांसफर हो गया।

### सिक्किम कैडर के आनंद कुमार को भी मिला हरियाणा कैडर

मार्च 2021 में सिक्किम कैडर के 2019 बैच के आईएएस आनंद कुमार शर्मा द्वारा हरियाणा कैडर की 2018 बैच की आईपीएस पूजा वशिष्ठ से विवाह के फलस्वरूप आनंद का कैडर सिक्किम से बदलकर उनकी पत्नी के कैडर अर्थात हरियाणा में कर दिया गया था। आनंद का गृह राज्य दिल्ली है जबकि पूजा? मूल रूप से हरियाणा की निवासी? हैं। इसी प्रकार हरियाणा में ऐसे कई आईएएस और आईपीएस हैं जिन्हें उनके विवाह के फलस्वरूप हरियाणा कैडर अलॉट किया गया। वर्ष 2012 के आईएएस और हाल? ही में फतेहाबाद के डीसी पद? पर तैनात अजय सिंह तोमर और 2013 बैच आईएएस पार्थ गुप्ता, जो सिरसा के डीसी है, ?वह दोनों भी क्रमशः आईएएस संगीता तेतरवाल और आइपीएस आस्था मोदी से विवाह कारण हरियाणा कैडर में शामिल हुए थे।

### पहले भी होते रहे हैं इंटर-कैडर ट्रांसफर

एडवोकेट हेमंत ने बताया कि अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों को आवंटित प्रदेश कैडर में परिवर्तन संबंधी केंद्र सरकार द्वारा बनाये गए एवं मौजूदा लागू दिशा-निर्देशों के अनुसार आईएएस, आईपीएस और आईएफएस (भारतीय वन सेवा ) अधिकारियों द्वारा आपस में (उक्त तीनो सेवाओं के अधिकारियों के मध्य ) विवाह करने के फलस्वरूप संबंधित अधिकारी को मूल तौर पर आवंटित प्रदेश कैडर में बदलाव/परिवर्तन किया जा सकता है एवं उस अधिकारी को उसकी पत्नी (या उसके पति) को आवंटित प्रदेश कैडर में स्थायी तौर पर केंद्र सरकार द्वारा ट्रांसफर किया जा सकता है जिसे इंटर-कैडर ट्रांसफर कहा जाता है। ध्यान देने योग्य है कि विवाह के फलस्वरूप आईएएस/आईपीएस /आईएफएस कैडर में परिवर्तन करते समय संबंधित सेवा के अधिकारी का उसके अपने गृह राज्य में ट्रांसफर नहीं किया जा सकता है। मसलन, अगर कोई पुरुष आईएएस/आईपीएस/आइएफएस अधिकारी हरियाणा का मूल निवासी है और उसे कर्नाटक कैडर आवंटित किया गया है तो वह हरियाणा कैडर की महिला आईएएस/आईपीएस/आईएफएस अधिकारी के साथ विवाह कर वापिस अपने गृह राज्य हरियाणा में ट्रांसफर नहीं हो सकता है। हालांकि अगर दोनों पति-पत्नी चाहें तो केंद्र सरकार उन्हें कोई तीसरा राज्य कैडर आवंटित कर सकती है।

---

## न्यूज ब्रीफ

### हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन



**इंद्री (सीमा देवी)।** बुधवार को शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी, करनाल में, 'स्वामी विवेकानंद जयंती' से 'महर्षि दयानंद जयंती' (12 जनवरी 2025 से 12 फरवरी 2025) चल रहे 'हर घर परिवार सूर्य नमस्कार' अभियान के तहत सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि दयानंद सरस्वती के योग और स्वस्थ जीवन के प्रति उनके योगदान को समर्पित है। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी के निर्देशानुसार एवं उपप्राचार्य डॉ राजीव गुप्ता के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों, एनसीसी कैडेट्स और शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार के 12 चरणों का अभ्यास किया और इसके लाभों को समझा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग और प्राचीन भारतीय परंपराओं को बढ़ावा देना और लोगों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है । डॉ. राजीव गुप्ता जी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि दयानंद सरस्वती ने हमें स्वच्छ और स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। सूर्य नमस्कार एक प्राचीन योग तकनीक है, जो न केवल शरीर को सुदृढ़ बनाती है, बल्कि मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। महाविद्यालय में एनसीसी कप्तान डॉ रणवीर सिंह व प्रोफेसर प्रदीप वत्स ने सूर्य नमस्कार के प्रत्येक चरण को विस्तार से समझाया और इसे नियमित जीवन में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि नियमित सूर्य नमस्कार करने से न केवल शारीरिक मजबूती बढ़ती है, बल्कि यह आत्मा को भी संतुलित करता है।

### स्मैक तस्करी मामले में सप्लायर काबू

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने 14 ग्राम स्मैक तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को समालखा से काबू किया। आरोपी की पहचान अफसार उर्फ काला निवासी राणा माजरा के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि उनकी टीम ने बीती 6 दिसम्बर को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर राणा माजरा गांव से नशा तस्कर आरोपी शमशाद निवासी राणा माजरा को 14 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया था उसने शॉर्टकट तरीके से मोटे पैसे कमाने के लिए अपने गांव निवासी अफसार उर्फ काला 20 ग्राम स्मैक कम कीमत पर खरीदी थी। जिसमें से 6 ग्राम स्मैक उसने राह चलते अज्ञात लोगों को बेच दी। बची 14 ग्राम स्मैक को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में गांव के कब्रिस्तान के पास घूम रहा था। इंचार्ज इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने मंगलवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर आरोपी नशा सप्लायर अफसार उर्फ काला को समालखा से काबू किया। पूछताछ में आरोपी ने अफसार उर्फ काला ने आरोपी शमशाद को 20 ग्राम स्मैक 35 हजार रूपए में बेचने बारे स्वीकारा।

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां शुरू



**सफीदों (अप्रस/दीवान)।** उपमंडल स्तर पर मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां प्रशासन द्वारा शुरू कर दी गई हैं। बुधवार को एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने नगर के रामलीला मैदान में उपमंडल के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मार्च पास्ट की रिहर्सल का निरीक्षण किया। इस दौरान गणतंत्र दिवस समारोह के नोडल अधिकारी एवं तहसीलदार विकास कुमार तथा सहायक रजिस्ट्रार आदिति सांगर, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य बलजीत लांबा व अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने विभिन्न स्कूलों से पहुंचे विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर दी जाने वाली प्रस्तुतियों की रिहर्सल देखी। उन्होंने सांस्कृतिक टीमों के इंचार्जो को निर्देश दिए कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी स्कूलों की प्रस्तुतियां सामाजिक उपदेश, राष्ट्रीयता तथा समरसता से ओतप्रोत होनी चाहिए। इस दौरान पुलिस की टूकडी समेत विभिन्न स्कूलों की कुल 6 टुकडियां ने मार्च पास्ट के लिए पूर्वाभ्यास किया।

### चोरों ने दान पेटी तोड़कर चुराई नकदी

**सफीदों (अप्रस/दीवान)।** नगर की नहर पटरी स्थित श्री गणेश विकलांग गौशाला ने चोरों ने वहां पर खड़ी रिक्सा में रखी कांच की दान पेटी को तोड़ दिया। चोर उस दान पेटी का शीशा तोड़कर उसमें से करीब 10 हजार रूपए चुराकर ले गए। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार श्री गणेश विकलांग गौशाला के द्वारा गऊओं के भरण पोषण के लिए लोगों के घरों से खाने का सामान व दान राशी लाने के लिए रिक्सा लगाई हुई है। इस रिक्सा में एक कांच की दान पेटी भी रखी हुई थी और इस दान पेटी में काफी धनराशी एकत्रित थी। हर रोज की भांति इस रिक्सा को रात में गौशाला के अंदर खड़ा कर दिया गया। रात को चोर गौशाला में घुसे और उस रिक्सा को खींचकर गौशाला के साईड में खाली स्थान पर ले गए और उसमें रखे दानपात्र का शीशा तोड़कर उसमें प?ी 15 दिन की करीब 10 हजार रूपए की राशी को ख्चुराकर ले गए। वारदात को अंजाम देने से पूर्व चोरों ने गौख्शाला में लगे सीसीटीवी कैमरों की तारों को काट दिया। गौशाला के प्रधान नीटू धीमान ने बताया कि इस दान पेटी को महीने में दो बार खोला जाता था।

---

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

# लगभग 36 करोड़ रुपये से 290 सरकारी भवनों पर लगेंगे रूफटॉप सोलर पावर प्लांट

- बैठक में 804 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को दी गई मंजूरी
- विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद लगभग 30 करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई
- इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार से नहीं होगा समझौता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी चंडीगढ़ में हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए। फोटोः अजय गौतम

**चंडीगढ़, 22 जनवरी।** हरियाणा में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली लागत को कम करने के लिए 290 सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इस परियोजना पर लगभग 36 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) में इस संबंध में मंजूरी प्रदान की गई है।

उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) तथा हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में कुल 804 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 30 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की गई है।

बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल, श्री रणबीर गंगवा और श्रीमती श्रुति चौधरी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को तीव्र गति से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य घरों की छत पर 2 किलोवाट तक का सोलर पैनल लगाकर लोगों को सस्ती बिजली मुहैया कराना है। जितनी उपभोक्ता की आवश्यकता होगी, वो उतनी बिजली उपयोग करेगा तथा शेष बिजली ग्रिड को बेचेगा। इस योजना के तहत केंद्र सरकार 60 हजार रुपये तथा हरियाणा सरकार अपनी तरफ से 50 हजार रुपए की सब्सिडी दे रही है। इसलिए अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

बैठक में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एजेंडों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें 33 केवी के नए सब स्टेशन बनाने, ट्रांसमिशन लाइनों को जोड़ने सहित विभिन्न कार्य शामिल हैं। इन पर लगभग 391 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

बैठक में फील्ड ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मियों विशेषकर महिला कर्मियों की सुविधा के लिए 7 मोबाइल टॉयलेट वैन, एंटी करप्शन ब्यूरो के लिए 35 वाहनों तथा इकोनॉमिकल एवं स्टेटिस्टिकल अफेयर्स विभाग के लिए 22 वाहनों की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की गई। इन पर लगभग 6.33 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता और आपूर्ति एवं निपटान विभाग के महानिदेशक पंकज सहित संबंधित विभागों के प्रशासनिक सचिव उपस्थित थे।

#### बंधवाड़ी लैंडफिल साइट से लेगसी वेस्ट का पूर्ण रूप से होगा निस्तारण

बैठक में गुरुग्राम जिला में बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर लिगेसी वेस्ट के पूर्ण रूप से निस्तारण करने के लिए एजेंसी को फाइनल किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी 4 माह में बंधवाड़ी से कचरे का पूरी तरह से निस्तारण होना चाहिए। ऐसा न होने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में सभी शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कहीं पर भी कचरे के ढेर नहीं दिखाई दिए जाने चाहिएं। बैठक में सीवरेज की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सुपर सकर मशीनों की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इस पर लगभग 13 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि सीवरेज सफाई हेतु एडवांस तकनीक का भी अध्ययन किया जाए।

#### इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में गुणवत्ता पर नहीं होगा समझौता

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा। हर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। क्वॉलिटी एश्योरेंस अथॉरिटी को भी इसमें जोड़ा जाए ताकि वो प्रोजेक्ट्स की क्वॉलिटी जांच कर सके। प्रत्येक कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### स्कूलों में खेल सुविधाओं के लिए आधारभूत ढांचा किया जाए विकसित

बैठक के दौरान स्कूलों में खेल उपकरण व सामग्री खरीद के संबंध में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्कूलों से विभिन्न स्पोर्ट्स की मांग प्राप्त की जाए और उस मांग के अनुसार स्कूलों में आधारभूत ढांचा विकसित किया जाए। सरकार का उद्देश्य बच्चों को बचपन से ही खेल का माहौल प्रदान करने और उनके खेल हुनर को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश - देश का नाम रोशन कर सकें।

#### सीएचसी को 50 बिस्तरों वाले अस्पताल में किया जाएगा अपग्रेड

बैठक में यमुनानगर जिले के साढौरा में सीएचसी को 50 बिस्तरों वाले अस्पताल में अपग्रेड करने को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस पर लगभग साढ़े 12 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा, 39 करोड़ रुपये की लागत से गुरुग्राम सेक्टर-99 से 115 तक मास्टर सीवर लाइन आदि के निर्माण कार्य को भी मंजूरी दी गई।

---

### डॉ. चावला द्वारा दी गई ऑनलाइन प्रस्तुति में व्याकरण के नवाचारी भाषायी खेल रहे विशेष आकर्षण का बिंदू



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** आरोही स्कूल ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली में (सेतु सामग्री) के निर्माण कार्य हेतु पांच दिवसीय ऑनलाइन हाइब्रिड मोड में कार्यशाला आयोजित की जा रही। डॉ चावला ने बताया कि आज उन्होंने सेतु सामग्री के निर्माण कार्य हेतु कार्यशाला में हिंदी विषय की विभिन्न दक्षताओं को मध्य नजर सात गतिविधियां प्रस्तुत की हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा सेतु सामग्री हेतु आकलन संबंधी गतिविधियां तैयार करते समय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार खे .खेल में शिक्षा के दृष्टिकोण को भी ध्यान में रखा गया है। सेतु सामग्री निर्माण में आकलन गतिविधियों का उद्देश्य सीखने के लिए आकलन ही निर्धारित किया गया है। तैयार की गई गतिविधियों में व्याकरण के खेल विशेषण आकर्षण का बिंदु रहे। सभी अन्य प्रतिभागियों ने उनके नवाचारी प्रयासों की खूब प्रशंसा की है।

### किलकारी कार्यक्रम के तहत नरड़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कैथल (अप्रस)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे किलकारी कार्यक्रम के तहत गांव नरड़ के आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशा फैसिलेटर सुमन कश्यप ने की। सुमन कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना है कि वे किस प्रकार से किलकारी कार्यक्रम के माध्यम से लाभ ले सकती हैं। आशा वर्कर्ज सीमा, मोहिनी, सोनिया, सुनीता ने बताया कि किलकारी सेवा से कॉल आने का नंबर 01244451660 है।

---

### बॉर्डर क्षेत्र सहित जिले में दवाइओं की दुकानों पर निगरानी बढ़ाने के डीसी ने दिए आदेश

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** डीसी प्रीति ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार नशे की बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए विशेष मुहीम चलाई गई है। इसीलिए पुलिस सहित संबंधित विभाग नशे की बुराई को खत्म करने के लिए अपनी अपनी जिम्मेवारियों को गंभीरता से निभाएं। पूरे जिले में दवाओं की दुकानों पर निगरानी बढ़ाई जाए और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्य रूप से बॉर्डर क्षेत्र की दुकानों पर कड़ी निगरानी की जाए। सभी दवाइयों का रिकॉर्ड नियमानुसार अपडेट हो और जारी किए गए निर्देशानुसार सभी दवा बिक्री दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं जो उनके काउंटर को अच्छे से कवर करते हों। यदि कहीं प्रतिबंधित दवाओं की खपत ज्यादा मिलती है तो उसके कारणों का पता लगाया जाए। यदि कोई डॉक्टर भी अनावश्यक रूप से प्रतिबंधित दवाओं की सिफारिश करता है तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसीलिए ड्रग कंट्रोल ऑफिसर सुनिश्चित करें कि नशे की श्रेणी में आने वाली दवाईयों का प्रयोग नियमानुसार ही हो। डीसी लघु सचिवालय में नारकोटिक्स को.ओर्डिनेश सेल की मासिक बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रही थी। डीसी ने पिछली बैठक में पंचायत एवं विकास विभाग, सीईओ जिला परिषद व ड्रग कंट्रोल ऑफिसर को जारी निर्देशों की पालना में की गई गतिविधियों पर असंतुष्टि जताई और अगली बैठक तक नशे के खात्मे के लिए जारी निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी राजेश कालिया ने बताया कि पुलिस ने कलायत में एक झाडि?ों के स्थान को साफ करवाया है। इसके बारे में नशे का अड्डा बनने को लेकर शिकायतें आ रही थीं। डीसी ने नशामुक्ति केंद्रों के निरीक्षण की रिपोर्ट लेते हुए कहा कि एकदम से किसी केंद्र को बंद करने से पहले उसे नोटिस जारी कर पक्ष लिया जाए।

---

### स्काडा परियोजना का कार्य प्रगति पर, मार्च 2025 में होगी मुकम्मलः डॉ. वैशाली शर्मा

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 22 जनवरी।** शहर में स्काडा परियोजना का कार्य प्रगति पर चल रहा है, अब तक इसका 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। यह परियोजना मार्च 2025 में मुकम्मल होगी। अनुमानित साढे 38 करोड़ रूपये की महत्वपूर्ण परियोजना स्काडा से शहर की पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी। नलकूप, बूस्टर स्टेशन व ओवर हैड रिजरवायर ऑटोमेटिक सिस्टम से ऑन-ऑफ होंगे। बुधवार को यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति के नेटवर्क के तहत शहर में अलग-अलग लोकेशन पर 182 नलकूप, 3 बूस्टर स्टेशन तथा 4 ओवरहैड टैंक स्थापित हैं। योकोगावा इंडिया लिमिटेड एजेंसी इन सभी पर स्काडा के उपकरण स्थापित करने का काम कर रही है। इसके साथ-साथ इनके कनैक्शन भी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्काडा प्रोजेक्ट को एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई.सी.सी.सी.) से जोड़ा जा रहा है, जहां से रियल टाईम डाटा एकत्र होगा। उपकरणों की निगरानी और उन पर नियंत्रण होगा। कार्य मुकम्मल होने के बाद पांच वर्ष तक एजेंसी द्वारा ही सभी उपकरणों का संचालन एवं रख-रखाव भी किया जाएगा।

यह हुए कार्य- निगमायुक्त ने बताया कि स्काडा परियोजना के अंतर्गत नलकूप, बूस्टर स्टेशन तथा ओवरहैड टैंक पर विभिन्न प्रकार के उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 135 नलकूपों, मॉडल टाऊन स्थित बूस्टर स्टेशन तथा राम नगर, पुरानी अनाज मंडी व जुण्डला गेट स्थित ओवरहैड टैंक पर स्काडा के तहत लगाए जाने वाले सभी प्रकार के उपकरण स्थापित किए जा चुके हैं।

### अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर लगाया भंडारा

**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** कलायत अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ उपलक्ष्य में कलायत की रेता बजरी बाजार से संबंधित दुकानदारों ने रेलवे रोड पर भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने कढ़ी और चावल को प्रसाद के तौर ग्रहण किया। आयोजन के दौरान जय श्री राम का उद्घोष होता रहा। विश्व हिंदु परिषद जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को नवनिर्मित राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला के श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। भगवान राम को निमित्त मान कर उनको समर्पित भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे में दुकानदारों ने सहयोग दिया। उन्होंने बताया की पिछले साल इसी दिन जब रामलला प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी तो उस समय इसी स्थान पर भंडारे का आयोजन किया गया था। इस बार यह दूसरा भंडारा है जिसमें प्रभु राम के प्रसाद के रूप में करीब चार हजार लोगों ने अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई। रूप शर्मा ने कहा कि प्रभु राम की कृपा से हर साल इसी तारीख को भंडारे का आयोजन होता रहेगा। रूप शर्मा, महेंद्र रायका, बलकार सिंह और दूसरे दुकानदारों ने बताया कि भगवान राम का जीवन भारतीय संस्कृति के लिए आदर्श है। सत्य, दया, करुणा, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलते हुए उन्होंने राज किया। इसी लिए उनको मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।

### कलायत उप मंडल नागरिक अस्पताल परिसर में इन दिनों सूर्य नमस्कार का मंजर निराला

**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** कलायत उप मंडल नागरिक अस्पताल परिसर में इन दिनों सूर्य नमस्कार का मंजर निराला रहता है। स्वामी विवेकानंद जयंती उपलक्ष्य में 12 जनवरी से शुरू हुए इस अभियान का 12 फरवरी को महर्षि दयानंद जयंती पर समापन किया जाएगा। आयुष योग सहायक सतीश कुमार, राम मेहर सिंह व सविता ने बताया कि इसको लेकर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के निर्देश पर कार्ययोजना तय की गई है। डा.प्रमोद कुमार की निगरानी में उप मंडल नागरिक अस्पताल, एनसीसी, व सीएचसी स्टाफ सूक्ष्म व्यायाम एवं सूर्य नमस्कार अभियान में हिस्सा लेते हैं। इसका लक्ष्य नियमित स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति का अभिन्न अंग है। इसका स्वस्थ जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए आयुष विभाग द्वारा आम जन को योग के प्रति उत्साहित करने को इस प्रकार के आयोजनों का क्रम समय-समय पर किया जाता है।

### आरकेएसडी कॉलेज की एनसीसी इकाइयों ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश


**कैथल, 22 जनवरी।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल की राष्ट्रीय कैडेट कोर ने 10 हरियाणा बटालियन कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। सीटीओ डॉ. रितु कांग और एएनओ डॉ. रघबीर लांबा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रस्तुति और घोषणा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में अंशुल प्रथम, आशीष दूसरे और स्नेहा तीसरे स्थान पर रही। कैडेट्स मीनाक्षी, ईशा, संजू, मोहित, पायल, तमाना, शिवानी, अर्जु, सिया और काजल ने युवाओं से संबंधित विषयों पर पोस्टर बनाए । घोषणा प्रतियोगिता में कैडेट सीकू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन वृत्त प्रस्तुत किया। आशीष ने राष्ट्रीय विकास के लिए महिलाओं को सशक्त बनाने पर प्रकाश डाला और अंशुल ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व को रेखांकित किया। हिमांशु ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रिंसिपल डॉ. संजय गोयल ने एनसीसी अधिकारियों सीटीओ डॉ. रितु कांग और एएनओ डॉ. रघबीर लांबा द्वारा युवा दिवस मनाने पर सराहना की। प्रिंसिपल ने कहा कि यह दिवस युवाओं को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करता है। सीटीओ 4/10 कंपनी डॉ. रितु कांग ने कैडेट्स को अपने लक्ष्यों पर फोक्स करने को प्रेरित किया।

# दिल्ली में होंगी मोदी की 3, योगी की 14 और राहुल गांधी की 3 रैलियां

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 14 जनसभाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 29 जनवरी, 31 जनवरी और 2 फरवरी को अलग-अलग इलाकों में रैली करेंगे। वहीं योगी आदित्यनाथ 23 जनवरी से अपनी रैलियों की शुरुआत करेंगे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कांग्रेस की ओर से अकेले मोर्चा संभाले हुए हैं। उन्होंने 12 जनवरी को सीलमपुर में पहली रैली की थी। इसके बाद वे 22 जनवरी को सदर बाजार, 23 जनवरी को मुस्तफाबाद और 24 जनवरी को मादीपुर में रैलियां करेंगे।







**नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की शाम 5 बजे रैली :** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दिल्ली में चुनावी रैली करेंगे। इसमें वे दिल्ली कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को उत्साह बढ़ाएंगे, साथ ही कैंडिडेट के लिए वोट भी मांगेंगे।

**पीएम मोदी दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार सुबह दिल्ली के भाजपा कार्यकर्ताओं को नमो ऐप के जरिए संबोधित करेंगे। दिल्ली भाजपा ने बताया कि पीएम मोदी विधानसभा चुनाव जीतने के लिए प्लान बताएंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाएंगे।

### दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग, 8 को नतीजे

दिल्ली में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है।



### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले- केजरीवाल के वादे झूठे


दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा- लोग क्कके शासन से परेशान हैं और उन्होंने एक मजबूत कांग्रेस सरकार बनाने का मन बना लिया है। चाहे गरीबों की पेंशन की समस्या हो, राशन कार्ड और गंदे पानी की समस्या हो। अरविंद केजरीवाल के वादों की पोल खुल गई है। उन्होंने कोई नया स्कूल या मोहल्ला क्लीनिक नहीं खोला है।

### केजरीवाल की 3 जनसभाएं, आतिशी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस भी

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चुनाव प्रचार के लिए 3 जनसभाएं करेंगे। वे पटपड़गंज, लक्ष्मी नगर और त्रिलोकपुरी में आप कैंडिडेट के लिए वोट मांगेंगे। इसके पहले केजरीवाल और आतिशी सुबह 10.30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे।

# केजरीवाल धोखेबाज हैं, दिल्ली की जनता बनाएगी भाजपा की सरकार : वीरेंद्र सचदेवा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रोजाना कुछ न कुछ घोषणा कर रहे हैं। अब मिडिल क्लास को लेकर उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि अगला बजट मिडिल क्लास को समर्पित होना चाहिए। केजरीवाल ने केंद्र के सामने अपनी सात मांगें भी रखी हैं।

केजरीवाल के इन मांगों पर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली के हर वर्ग को धोखा दिया है। ऑटो चालकों, कैब चालकों और दिल्ली की पूरी जनता को धोखा दिया है। हमें इस धोखेबाज से कोई उम्मीद नहीं है। दिल्ली की जनता इस धोखेबाज से मुक्ति चाहती है। आम आदमी पार्टी जाएगी और भाजपा आएगी। कांग्रेस नेता अजय माकन के बयान पर उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में, बल्कि शिक्षा और विकास के क्षेत्र में भी भ्रष्टाचार किया है। उनकी सरकार घोटालों और भ्रष्टाचार की सरकार है, एक या दो नहीं बल्कि अनेक घोटाले हुए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में शामिल होने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के संदेश ने सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया है। उन्होंने सभी से मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ने और बूथ पर 50 फीसद से अधिक वोटों से जिताने का आग्रह किया। हमारा संदेश स्पष्ट है, बूथ जीतो, चुनाव जीतो। प्रधानमंत्री ने एक पत्र का भी जिक्र किया, जो खुशखबरी लेकर आएगा।

# भाजपा की सरकार बनेगी तो सभी सीएजी रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर होगी पेश : हर्ष मल्होत्रा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा जंगपुरा पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए सौभाग्य का क्षण है, क्योंकि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता पीएम मोदी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से बातचीत की। पांच कार्यकर्ताओं ने पीएम से बात की, इस दौरान उन्होंने जीत का मंत्र साझा किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने जंगपुरा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट भी मांगे।

सीएजी की रिपोर्ट पर उन्होंने कहा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार के खिलाफ कई सीएजी रिपोर्ट आई हैं। चाहे वो स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी हो, जल बोर्ड से जुड़ी हो या शीश महल से जुड़ी हो। हमारे संविधान और कानून के मुताबिक, सभी सीएजी रिपोर्ट को राज्य विधानसभा के पटल पर रखी जानी चाहिए। लेकिन, पिछले चार सालों से ये रिपोर्ट विधानसभा में पेश नहीं की गई हैं। हम वादा करते हैं कि भाजपा की सरकार बनने के बाद ये सभी सीएजी रिपोर्ट विधानसभा की पटल पर पेश की जाएगी।

दिल्ली चुनाव में भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी दिल्ली के हर वर्ग की चिंता करते हैं। महिलाओं को हर माह 2500 रुपये दिए जाएंगे। गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये दिए जाएंगे। गरीब महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। ऑटो चालकों को 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा दिया जाएगा। मैं मानता हूं कि भाजपा का कार्यकर्ता दिल्ली के जन-जन तक जाएगा। क्योंकि, झूठे केजरीवाल के भ्रष्टाचार को हटाना है। भाजपा का सीएम बनाना है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सभी 70 सीटों पर 5 फरवरी को वोटिंग होगी और 8 फरवरी को परिणाम घोषित किया जाएगा। जंगपुरा विधानसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। यहां से पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं।

# करावल नगर भाजपा ने पांच बार जीत दिलाने वाले प्रत्याशी को बदला, कांग्रेस का अभी तक नहीं खुला खाता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टियां सक्रिय होती जा रही हैं। 70 विधानसभा सीटों वाले दिल्ली में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप), मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय लड़ाई होने की संभावना है। तीनों पार्टियों के बीच एक-एक विधानसभा सीट के लिए नजदीकी लड़ाई देखने की उम्मीद है, जिसमें करावल नगर विधानसभा सीट भी शामिल है।

करावल नगर विधानसभा क्षेत्र, दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 10 विधानसभा क्षेत्रों में से एक है। यह क्षेत्र 2020 के दिल्ली दंगों के केंद्र में था। अगर यहां की कनेक्टिविटी की बात करें तो मेट्रो, डीटीसी बस, कैब



और ऑटो रिक्शा के माध्यम से ये दिल्ली के अन्य हिस्सों से जुड़ता है। शहर का नजदीकी मेट्रो स्टेशन जौहरी एन्क्लेव है, जिसकी शहर से इसकी दूरी महज 1.8 किलोमीटर है।

करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल पांच वार्ड आते हैं। इसमें श्री राम कॉलोनी, सादतपुर, करावल नगर-पश्चिम, सोनिया विहार और सबापुर शामिल हैं। अगर विधानसभा के आबादी की बात करें तो देश में हुए 2011 के अंतिम जनगणना के अनुसार करावल नगर विधानसभा क्षेत्र की कुल जनसंख्या 2,24,281 थी, लेकिन चुनाव



आयोग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार यहां पर मतदाताओं की कुल संख्या तीन लाख के पार हो गई हैं। करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 3,07,716 है, जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,69,669 और महिला मतदाताओं की संख्या 1,38,030 है, जबकि 17 थर्ड जेंडर के वोटर हैं।

विधानसभा क्षेत्र के चुनावी इतिहास की बात करें तो इसको भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां पर 1992 से चुनाव हो रहे हैं। ये उन चुनिंदा सीटों में से एक है, जहां पर कांग्रेस पार्टी अभी तक एक भी बार जीत हासिल नहीं कर पाई है।

1993 विधानसभा चुनाव में भाजपा के रामपाल ने जीत दर्ज की थी। उसके बाद पार्टी ने मोहन सिंह बिष्ट पर दांव चला। 1998 विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर बिष्ट करावल नगर से पहली बार विधायक चुने गए। इसके बाद उन्होंने जीत का सिलसिला जारी रखा। 2003 में वो दोबारा विधायक चुने गए और 2008 में जीत दर्ज करके उन्होंने जीत की हैट्रिक लगा दी। 2013 विधानसभा चुनाव में पहली बार चुनावी अस्तित्व में आई आम आदमी पार्टी ने लड़ाई को त्रिकोणीय रूप दे दिया, इसके बावजूद करावल नगर की जनता ने भाजपा प्रत्याशी बिष्ट पर रिकॉर्ड चौथी बार भरोसा जताया।

2015 विधानसभा चुनाव में 'आप' प्रत्याशी कपिल मिश्रा ने भाजपा की जीत का सिलसिला तोड़ा और क्षेत्र में पहली बार गैरभाजपाई विधायक चुनकर आया। 'आप' प्रत्याशी कपिल मिश्रा ने 1,01,865 वोट हासिल किए, जबकि दूसरे नंबर पर आई भाजपा को 57,434 वोट पड़े।

2020 विधानसभा चुनाव में 'आप' ने उम्मीदवार बदलते हुए दुर्गेश पाठक पर भरोसा जताया, जबकि भाजपा ने मोहन सिंह बिष्ट को एक बार फिर चुनावी मैदान में उतारा। बिष्ट 50.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 96,721 मत हासिल किए और एक बार फिर करावल नगर से विधायक चुने गए, वहीं 'आप' के दुर्गेश पाठक को 88,498 मत हासिल हुए।

# घरौंडा में अवैध कॉलोनियों का बढ़ता जाल प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल

अर्थ प्रकाश /रविन्द्र गिरि

**घरौंडा।** प्रदेश सरकार की सख्ती के बावजूद घरौंडा में अवैध कॉलोनियों का निर्माण धड़ल्ले से जारी है। बालाजी कॉलोनी, भगत राम कॉलोनी के पीछे और अराईपूरा रोड पर ऋषिकुल स्कूल के सामने भी इसी तरह की अवैध कॉलोनियों के बनने की सूचना मिली है। कॉलोनाइजर कृषि भूमि खरीदकर अस्थायी चारदीवारी कर रहे हैं और भोले-भाले लोगों को प्लॉट बेचने का लालच दे रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, यह पूरा खेल काफी सुनियोजित तरीके से चल रहा है। चारदीवारी के बाद डिमार्केशन किया जाता है और सड़कों के निर्माण की तैयारी शुरू होती है। कई जगहों पर मिट्टी डालकर सड़क निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। प्रशासन की लापरवाही के कारण अवैध निर्माण बेरोक-टोक जारी है।



भगत राम कॉलोनी के पीछे तीन एकड़ जमीन पर भी इसी तरह की गतिविधियां चल रही हैं। स्थानीय निवासियों ने इस मामले में विरोध जताया और इसे न्यायालय तक पहुंचाया, लेकिन अब भी कॉलोनाइजर अपने काम में जुटे हुए हैं। यह स्पष्ट है कि जब तक कॉलोनियां पूरी तरह विकसित नहीं हो जातीं और लोग मकान बनाना शुरू नहीं करते, तब तक प्रशासन मौन रहता है। इसके बाद ही नगर पालिका और जिला टाउन प्लानर की सक्रियता देखने को मिलती है।

नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति अपने खेत में चारदीवारी करता है, तो इसमें हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। रजिस्ट्री संबंधी मामले तहसीलदार देखते हैं। यदि अवैध निर्माण की पुष्टि होती है, तो कार्रवाई की जाएगी।

# आरेडिका में आयकर के संबंध में सेमिनार का आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में 22 जनवरी को आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आयकर के संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से आरेडिका के प्रधान मुख्य वित्त सलाहकार बीएल मीना के नेतृत्व में रायबरेली एवं सुल्तानपुर के आयकर अधिकारियों के सहयोग से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में बृजेश राजौरिया आयकर अधिकारी टीडीएस/सुल्तानपुर, प्रशांत कुमार आयकर अधिकारी/रायबरेली एवं प्रतीक सिंह कसेरा आदि ने आयकर की कटौती, कर समय से जमा करना, टीडीएस स्टेमेंट्स को सावधानीपूर्वक समय से दाखिल करना एवं अनुचित आयकर रिफण्ड न लेना इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया और ऐसा न करने पर आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत लगने वाली शास्तियों, अभियोजन आदि के संबंध में कर्मचारियों का ज्ञानवर्धन किया। इस सेमीनार में आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

# केजरीवाल के बयान में दिख रही उनकी बौखलाहट : विनीत यादव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस और भाजपा पर सांठगांठ का आरोप लगाया है। केजरीवाल के आरोपों पर अब दिल्ली की राजेंद्र नगर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विनीत यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के बयान में उनकी बौखलाहट दिखाई दे रही है।

कांग्रेस प्रत्याशी विनीत यादव ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, ÷केजरीवाल को हार का डर सता रहा है और इसलिए वह बौखलाहट में ऐसे बयान दे रहे हैं। हम भाजपा के साथ हाथ क्यों मिलाएंगे? कांग्रेस पार्टी पूरे देश में भाजपा के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। ये काम आम आदमी पार्टी करती है। अगर साल 2013 में उन्होंने हमारा हाथ नहीं पकड़ा



होता तो वो आज यहां नहीं खड़े होते। विनीत यादव ने दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन के चुनाव लड़ने पर कहा, 'जो व्यक्ति जेल में बैठा है और उस पर दंगों समेत कई आरोप लगे हैं, मेरा मानना है कि उसे चुनाव नहीं लड़ना चाहिए।'

उन्होंने दिल्ली चुनाव पर कहा, 'दिल्ली में जो भी काम हुआ है, वह शीला दीक्षित की सरकार में हुआ है। आप खुद लोगों से जाकर पूछ सकते हैं कि दिल्ली में किसने काम किया है। आज दिल्ली के लोग शीला दीक्षित को याद कर रहे हैं। पिछले 10 सालों से दिल्ली में आप की सरकार है। दिल्ली में कांग्रेस ने जो वादा किया है, उसे पूरा करके दिखाएंगे, अगर हमारी सरकार यहां बनती है।'

आप ने इस सीट से दुर्गेश पाठक को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने विनीत यादव को मैदान में उतारा है। भाजपा ने उमंग बजाज को टिकट दिया है।

राजेंद्र नगर विधानसभा सीट एक समय भाजपा का गढ़ थी। हालांकि, अब यहां आम आदमी पार्टी (आप) का दबदबा है। 1993 से 2020 के विधानसभा चुनाव पर नजर डालें तो यहां चार बार बीजेपी, दो बार आप और एक बार कांग्रेस का विधायक चुना गया है।

# योगी की एंट्री से भाजपा के पक्ष में बनेगा माहौल, 'आप' का आया रिएक्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगेंगे। योगी करीब 14 चुनावी सभाओं को संबोधित कर सकते हैं। योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभाओं के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। भाजपा की ओर से माहौल बनाया जा रहा है कि योगी आदित्यनाथ की एंट्री से भाजपा के पक्ष में माहौल जाएगा और भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी। दिल्ली में होने वाली योगी की चुनावी सभाओं को लेकर आम आदमी पार्टी का रिएक्शन आया है।

करोल बाग से आम आ

मुझे मेरी विधानसभा में लोगों का अटूट प्यार और समर्थन मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ के आने से



पूर्वांचली वोटरों का मन नहीं बदलेगा। क्योंकि, सभी को पता है कि दिल्ली में केजरीवाल ही सभी के लिए काम कर सकते हैं। दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि कोर्ट ने जो टिप्पणी की है, वह सही है। लेकिन, लोकतंत्र में व्यवस्था बनी है, उसका पालन होना चाहिए।

पंजाब में महिलाओं के खाते में पैसे नहीं पहुंचाए गए, दिल्ली में कैसे वादा पूरा करेंगे। इस पर आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी ने कहा कि पंजाब में अभी सरकार को तीन साल बीते हैं। जब पांच साल पूरे हो जाएं और जो वादा किया वह पूरा न हो ता सवाल कर सकते हैं। भाजपा पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तो एक वक्त तक केजरीवाल की योजनाओं को फ्री की रेवड़ी कहते थे। दिल्ली के लोगों को मुफ्तखोर बताते थे। लेकिन, आज जब हम महिलाओं को 2100 रुपये देने की बात करते हैं तो वह कह रहे हैं हम 2500 रुपये देंगे। भाजपा के पास अपना कोई स्टैंड नहीं है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की सभी 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी को वोटिंग होगी और 8 फरवरी को परिणाम घोषित किया जाएगा।

# खेल मंत्री मनसुख मांडविया खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का करेंगे उद्घाटन

अर्थ प्रकाश /साक्षी जैन

**लेह (लद्दाख)।** खेलो इंडिया सीजन की शुरुआत गुरुवार को खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 से होगी। राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संस्थागत संगठनों से बनी उन्नीस टीमें पांच दिनों तक दो स्पर्धाओं - आइस हॉकी और आइस स्केटिंग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया गुरुवार को लेह में प्रतिष्ठित नवांग दोरजे स्टोबदान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे और खेलों की शुरुआत की घोषणा करेंगे।

यह खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का पहला भाग होगा। दूसरा भाग, जिसमें स्कीइंग जैसे बर्फ के खेल शामिल हैं, 22-25 फरवरी तक जम्मू और कश्मीर द्वारा आयोजित किया जाएगा। मांडविया के साथ कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे, जिनमें यूटी लद्दाख के



उपराज्यपाल ब्रिगेडियर डॉ. बीडी मिश्रा और भारतीय खेल प्राधिकरण तथा लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

594 प्रतिभागियों के स्वागत के लिए पारंपरिक, लद्दाखी शैली में उद्घाटन की योजना बनाई गई है, जिसमें 428 एथलीट होंगे। यह दूसरा मौका होगा जब लद्दाख शीतकालीन खेलों की मेजबानी करेगा, यह इसका पांचवां संस्करण होगा। एन.डी.एस. और गुपुक्स तालाब में कई युवा स्केटर्स एक्शन में दिखेंगे, ये दो स्थान हैं जहां शॉर्ट और लॉन्ग-फॉर्म स्केटिंग का आयोजन किया जाएगा। एन.डी.एस. और लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंटल सेंटर में आइस हॉकी मैच खेले जाएंगे। कार्यक्रमों के तकनीकी संचालन की निगरानी राष्ट्रीय खेल महासंघों की मदद से एस.ए.आई. द्वारा की जाएगी। केआईडब्ल्यूजी उद्घाटन समारोह को दूरदर्शन स्पोर्ट्स द्वारा लाइव कवर किया जाएगा और 27 जनवरी तक हर दिन कार्यक्रमों का लाइव-स्ट्रीम किया जाएगा।

केआईडब्ल्यूजी 2024 में, महाराष्ट्र ने स्केटिंग में 20 पदक जीते, जिसमें छह स्वर्ण शामिल हैं। कर्नाटक ने भी छह स्वर्ण पदक जीते, लेकिन महाराष्ट्र के 20 के मुकाबले उनके आठ पदकों की कुल संख्या ने उन्हें स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। मेजबान लद्दाख, जिसने स्पीड स्केटिंग में दो ऐतिहासिक खेलो इंडिया स्वर्ण पदक जीते, 13 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

आइस हॉकी प्रतियोगिता में सेना, आईटीबीपी, हिमाचल प्रदेश और यूटी-लद्दाख की टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। गत पुरुष चैंपियन सेना और महिला खिताब धारक आईटीबीपी ने अधिकांश राष्ट्रीय और खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के खिताब आपस में साझा किए हैं।

सभी टीमें लेह पहुंच चुकी हैं, जो 11,562 फीट की ऊंचाई पर है। हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा दल 78 एथलीटों और सहायक कर्मचारियों का है। हरियाणा (62), मेजबान लद्दाख (52) और महाराष्ट्र (48) लद्दाख संस्करण में प्रतिस्पर्धा करेंगे। उत्तराखंड, जो इस महीने के अंत में राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा, की सबसे छोटी टीम में एक अकेला एथलीट शामिल है।

▲ अधिकतम 24 डिग्री से.
डिग्री से. 12 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.52 बजे
सूर्यास्त 5.24 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 75,800.00 |
| सेंसेक्स | 77,580.31 |
| अमेरिका | 84.48 |
| कैनेडियन | 59.89 |
| आस्ट्रेलिया | 54.55 |

## न्यूज़ ब्रीफ

### लक्जेमबर्ग का वीजा दिलवाने के नाम पर लाखों ठगे, मामला दर्ज

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। थाना 26 पुलिस ने लक्जेमबर्ग का वीजा दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता पंचकूला के रहने वाले राजिंद्र सिंह और अन्य ने पुलिस को बताया कि उनका कुछ समय पहले सेक्टर 7 स्थित एक प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी के कर्मियो से हुआ था। उन्होंने पीड़ित और अन्य को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उस लक्जेमबर्ग का वीजा दिलवा देंगे। पीड़ित और अन्य उनके झांसे में झांसे में आ गया। उन्होंने आरोपी साहिल,जगदीप सिंह,और अन्य को कुल 8 लाख 34 हजार 690 रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद उन्होंने संपर्क किया तो वह टाल मटोल करते रहें। ना तो उन्हें विदेश भेजा। और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने सुपरमार्केट से लाखों की नकदी और कीमती सामान उड़ाया

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। सुपर मार्किट को अपना निशाना बना कर लाखों रुपए की नकदी और कीमती सामान चोरी करने के मामले में आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित शिकायत कर्ता राहुल बंसल ने पुलिस को बताया कि वह अपने 7 स्थित अपने परिवार के साथ रहता है ।और सैक्टर 7 स्थित सुपर मार्किट के नाम से ग्रॉसरी स्टोर चलाता है। रोजाना की तरह जब शिकायतकर्ता ने उसी दिन सुबह करीब 10 बजे लॉक ओपन किया तो स्टोर पर काम करने वाले भी वर्कर अंदर आ गए। सामान को इधर उधर रखने लग गए। जब पीड़ित काउंटर पर गया तो तो देखा कि दोनों दराज खुले हुए थे ।और लाखो रुपए की नकदी के अलावा 5 सिल्वर कॉइन,एक गोल्ड कॉइन, और डीवीआर गायब था। जिसके चलते हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जीरकपुर में जल्द लागू होने जा रही है स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी

## बाजारों में लगने वाली रेहड़ियों के कारण लगने वाले जाम से जल्द मिलेगी निजात

शहर में चार स्थानों की पहचान करने के बाद शुरू कर दी है अगली प्रक्रिया: कार्यकारी अधिकारी

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 22 जनवरी।** शहर के बाजारों तथा गलियों में लगने वाली रेहड़ियों के चलते शहर में जाम की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वर्षों से नगर कौंसिल की हाउस मीटिंग में यह मुद्दा बार-बार प्रस्तावित किया जाता रहा है फिर भी अभी तक इसको अमली रूप नहीं दिया जा सका जीरकपुर में जब नगर कौंसिल पर अकाली दल का कब्जा था उसे समय भी मीटिंग में स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी लाने का प्रस्ताव लाया गया था तथा दयालपुर के पास जगह भी निर्धारित की गई थी लेकिन कुछ समय बाद वह मुद्दा भी कागजों में दब गया।

उसके बाद नगर कौंसिल पर कांग्रेस का कब्जा हो गया और उदयवीर सिंह ढिल्लों अध्यक्ष बन गए शुरू-शुरू में हुई मीटिंगों में शहर में स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी लाने के लिए विचार चर्चा होती रही और आज से करीब डेढ़ वर्ष पहले स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी का प्रस्ताव हाउस मीटिंग में पास करके मंजूरी के लिए भेजा गया। इसके कुछ समय बाद नगर कौंसिल जीरकपुर की प्रधानगी को लेकर पार्षदों की जोड़-तोड़ शुरू हो गई और सारे मुद्दे ठंडे बस्ते में चले गए। इसके बाद नगर कौंसिल जीरकपुर में डिप्टी कमिश्नर मोहाली को प्रशासक लगा दिया गया और अब जीरकपुर के विकास के सारे काम प्रशासक के अनुसार ही चल रहे हैं।

### क्या है स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी



जीरकपुर शहर में जगह-जगह रेहड़ियों वाले अवैध रूप में कब्जे करके ट्रैफिक की समस्या को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसके चलते पार्षदों द्वारा यह बात हाउस के आगे रखी गई थी कि अगर पूरे शहर को चार जोन में बांट दिया जाए तथा वहां पर जगह निर्धारित करके रेहड़ियों वालों को दे दी जाए जिससे शहर में विभिन्न बाजारों तथा गलियों में रेहड़ी तथा फड़ी वालों को हटाकर बाजार खाली करवा लिए जाए। जिससे बाजारों में ट्रैफिक समस्या खत्म हो सकती है तथा रेहड़ी वालों का काम भी चल सकता है?। इसके साथ-साथ नगर कौंसिल को राजस्व का भी फायदा हो सकता है।



-हमसे पहले भी नगर कौंसिल में दयालपुर गांव के पास रेहड़ी वालों को जगह देने का प्रस्ताव पास करके भेजा गया था लेकिन वह मंजूर होकर नहीं आया। हमने उस समय के कागज भी निकलवाए थे और अपना प्रस्ताव भी मंजूर करने के लिए भेजा था, जिसमें शहर की 4 जोन में बांटने का प्रस्ताव था। वह अभी तक मंजूर होकर नहीं आया। बलटाना क्षेत्र में रेहड़ी वालों तथा दुकानों वालों ने सड़कों पर कब्जा कर रखा है जिसके कारण ट्रैफिक जाम होता है ।अगर यह प्रस्ताव मंजूर होकर आ जाता तो शहर में जाम की समस्या खत्म हो सकती थी।

**-उदयवीर सिंह ढिल्लों, पूर्व अध्यक्ष, नगर कौंसिल जीरकपुर।**



-हमने उस समय नगर कौंसिल की हाउस मीटिंग में प्रस्ताव पास करके मंजूरी के लिए भेजा था जब नगर कौंसिल के अध्यक्ष उदयवीर सिंह ढिल्लों थे। प्रस्ताव में बलटाना, ढकोली, जीरकपुर तथा पटियाला रोड 4 जोन बनाकर इन चारों जगह पर जगह निर्धारित करके रेहड़ी वालों को दी जानी थी और रेहड़ी वालों की पर्ची काट के उनसे नगर कौंसिल को राजस्व का फायदा भी होना था और दूसरी तरफ पूरे शहर में ट्रैफिक की समस्या का स्थाई समाधान भी हो जाना था। लेकिन अब यह सारा प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चले गया। अब नगर कौंसिल का कोई प्रधान ना होने के चलते नगर कौंसिल को दोनों हाथों लूटा जा रहा है। चाहे वह सरकार हो अथवा प्रशासनिक अधिकारी, पहले ऐसा नहीं होता था। पहले रेहडी वालों का सामान दो बार उठाया जाता और उनसे जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ा जाता था, तीसरी बार अगर किसी का सामान उठाया जाता था तो उसे जप्त कर लिया जाता था। सामान छोड़ने का अधिकार सिर्फ सेनेटरी इंस्पेक्टर के पास ही था ना कि किस कच्चे कर्मचारियों के पास।

**-नवतेज नवी पार्षद, वार्ड 30 नगर कौंसिल जीरकपुर।**



आजकल नगर कौंसिल जीरकपुर में अधिकारियों की मिलीभगत चल रही है, जिसके कारण बलटाना में ट्रैफिक जाम का बहुत बुरा हाल है। बलटाना की इस समस्या के चलते ही मैं नगर कौंसिल में प्रस्ताव पेश किया था कि रेहडी-फड़ी वालों को पुलिस चौकी बलटाना के पास कोई जगह है दे दी जाए। इस स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी संबंधी हमने रिकॉर्ड की मांग की लेकिन रिकॉर्ड हमें नहीं दिया जा रहा। अवैध कब्जों संबंधी अगर शिकायत करते हैं तो कोई कार्रवाई नहीं होती। अगर कार्रवाई करने के लिए नगर कौंसिल की टीम आती भी है तो आने से पहले उन्हें में से कोई इन रेहड़ी फड़ी वालों को सूचना दे देता है जिस पर वह रेहड़ी फड़ी वाले वहां से चले जाते हैं और टीम के वापस जाने के बाद फिर से पूरा बाजार पहले की तरह सज जाता है।

**-नेहा शर्मा, पार्षद वार्ड नंबर 5**



-जब उदयवीर सिंह ढिल्लों की अगवाई में कमेटी बनी थी उसे समय भी तथा उसके बाद दोबारा आज से करीब डेढ़ साल पहले प्रस्ताव पास करके मंजूरी के लिए भेजा था। लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं है। बजारो का बुरा हाल है। रेहड़ी फड़ी वाले सड़क के दोनों तरफ कब्जे कर लेते हैं। खरीददार अपनी गाड़ियां सड़क के बीचो-बीच लगा लेते हैं जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ती है। कमेटी की टीम एक दिन रेहड़ी वालों का सामान उठा लेती है और अगले दिन वही रेहड़ी वाले अपना सामान वापस ले आते हैं। इसलिए यहां पर कोई सिस्टम नहीं है और ना ही नगर कौंसिल अधिकारियों के पास कोई रिकॉर्ड है कि कितनी बार सामान उठाया है और कितनी बार वापस किया है।

**-प्रताप सिंह राणा समाजसेवी वार्ड नंबर 1**

### शहर में चार स्थानों की पहचान करने के बाद शुरू कर दी है अगली प्रक्रिया: कार्यकारी अधिकारी

स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी संबंधी जानकारी देते हुए नगर कौंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया ने बताया कि हमने अब तक चार स्थानों की पहचान कर ली गई है और शहर में जल्द ही स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी लागू कर दी जाएगी। इन स्थानों के नक्शे तैयार करके तथा उसके एस्टीमेट बनाकर जल्द ही टेंडर लगा दिए जाएंगे। हम इस पर जोर शोर से कम कर रहे हैं। पहले मीटिंग में डाले हुए प्रस्ताव से इसका कोई संबंध नहीं है। कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि हम जल्द ही अलग-अलग वेंडिंग जोन तैयार कर रहे हैं, हमें सिंहपुर तथा वीआईपी रोड पर कोई जगह नहीं मिली, इस क्षेत्र में हम जगह की तलाश कर रहे हैं।

# चंडीगढ़ में बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान की हुई समीक्षा

## 13 स्टेकहोल्डर विभागों के नोडल अधिकारियों ने इसमें भाग लिया

उपायुक्त-सह-सचिव उद्योग निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक डिपार्टमेंट फार प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटर्नल ट्रेड, नई दिल्ली के नेतृत्व में ब्रेप 2024 का उद्देश्य चंडीगढ़ सहित देश भर में एक निर्बाध व्यापार नियामक ढांचा स्थापित कर मेक इन इंडिया पहल को और बढ़ाना है

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 22 जनवरी।** चंडीगढ़ सचिवालय में बुधवार को उपायुक्त-सह-सचिव उद्योग निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई। इस बैठक में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान (बीआरएपी यानि ब्रेप) 2024 के तहत सुधार कार्य बिंदुओं के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा करने के लिए 13 स्टेकहोल्डर विभागों के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

डिपार्टमेंट फार प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटर्नल ट्रेड (डीपीआईआईटी), नई दिल्ली के नेतृत्व में ब्रेप 2024 का उद्देश्य चंडीगढ़ सहित देश भर में एक निर्बाध व्यापार नियामक ढांचा स्थापित करके मेक इन इंडिया पहल को और बढ़ाना है। इस योजना को प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके, एप्रूवल टाइम (अनुमोदन समय) को कम करके और ऑनलाइन सेवा वितरण को इंटीग्रेट (एकीकृत) करके ईज ऑफ डुइंग बिजनेस (व्यापार करने में आसानी कर महत्वपूर्ण सुधार करने) के लिए डिज़ाइन किया गया है। नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली) और पीएम गति शक्ति जैसी प्रमुख पहल भी इस प्रयास का अभिन्न अंग हैं, जो अधिक पारदर्शी, कुशल और गतिशील नियामक वातावरण बनाने में मदद करती हैं। बीआरएपी 2024 में कुल 343 रिफार्म एक्शसन (सुधार कार्य) बिंदु शामिल हैं जो श्रम, पर्यावरण, कर, भूमि प्रशासन, उपयोगिता परमिट, निरीक्षण और निर्माण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करते हैं। इन सुधारों का उद्देश्य चंडीगढ़ में तेजी से और अधिक कुशल सरकार से बिजनेस सर्विस डिलीवरी (व्यवसाय सेवा वितरण) सुनिश्चित करना है।

निशांत कुमार यादव ने समय पर कार्यान्वयन के महत्व पर जोर दिया और सभी हितधारक विभागों को 1 फरवरी 2025 तक अपने संबंधित सुधार बिंदुओं के कार्यान्वयन को पूरा करने का निर्देश दिया। यह लक्ष्य 15 फरवरी 2025 की राष्ट्रीय समय सीमा से पहले अच्छी तरह से निर्धारित किया गया है जिसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि यूटी, चंडीगढ़ समय पर डीपीआईआईटी को अपनी प्रगति प्रस्तुत करता है।

### डीपीआईआईटी के पोर्टल पर 133 सुधार कार्रवाई बिंदु

आज तक, डीपीआईआईटी के पोर्टल पर 133 सुधार कार्रवाई बिंदुओं के साक्ष्य पहले ही सफलतापूर्वक प्रस्तुत किए जा चुके हैं जिसमें 109 सुधार पूरे हो चुके हैं, हालांकि संबंधित विभागों को संबंधित सुधार कार्रवाई बिंदुओं के कार्यान्वयन के साक्ष्य प्रस्तुत करने हैं। संबंधित विभाग शेष 100 सुधार कार्य बिंदुओं को पूरा करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं, जो वर्तमान में प्रगति पर हैं। सभी विभाग निर्धारित समय सीमा के भीतर इन्हें पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उपायुक्त-सह-सचिव उद्योग ने यह भी कहा कि बीआरएपी 2024 के तहत विभिन्न विभागों द्वारा की गई प्रगति का आंकलन करने के लिए जल्द ही एक और समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। चंडीगढ़ प्रशासन, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) और सभी संबंधित स्टेकहोल्डरों (हितधारक) विभागों के सहयोग से, बीआरएपी 2024 के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसका लक्ष्य व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ाना और औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देना है।

# भाजपा ने सतिंदर सिद्धू और चेयरमैन सुखविंदर काला को किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 जनवरी।** द चंडीगढ़ स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के चुनावों में प्रचंड मतों से जीत दर्ज करके इसके नवनिर्वाचित चेयरमैन सतिंदर सिंह सिद्धू और वाईस चेयरमैन सुखविंदर सिंह काला के सम्मान में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, उपाध्यक्ष देविंदर बबला, पूर्व प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर, वरिष्ठ उप महापौर कुलजीत संधू और बैंक के अन्य निर्वाचित सदस्यों ने इसमें भाग लिया।

संजय टंडन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शाल आदि भेंट कर बधाई प्रदान करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व से संस्था को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी और एक मील का पत्थर साबित होगी। बैंक की भागडौर युवा नेतृत्व के हाथों में सौंपी गयी है ताकि द चंडीगढ़ स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड एक नयी बुलंदियों को छुए और इसके साथ जुड़े शेयरधारकों,सदस्यों और ग्राहकों को आज की तकनीक के साथ जोड़कर उनको लाभ प्रदान किया जाये और इस बैंक के साथ अधिक से अधिक नए लोगों को जोड़ा जाये ताकि इस स्थानीय बैंक की जड़ों को मजबूत किया जा सके।

उन्होंने एक बार फिर से नवनिर्वाचित दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रदान की और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के 10 साल पूरे होने पर चंडीगढ़ में शपथ ग्रहण समारोह

मुख्य सचिव ने बालिकाओं के अधिकारों को बनाए रखने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने व हर लड़की के लिए शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा






**चंडीगढ़, 22 जनवरी।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल के एक दशक के उपलक्ष्य में बुधवार को चंडीगढ़ सचिवालय, सेक्टर-9 में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने सभी को बालिकाओं के अधिकारों को बनाए रखने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और हर लड़की के लिए शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई।

समारोह में सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की भागीदारी देखी गई, जो इस मिशन के प्रति उनकी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस केंद्रीय कार्यक्रम के अलावा, चंडीगढ़ में सभी विभागों, कॉलेजों, स्कूलों और संस्थानों में भी शपथ ली गई, जो लड़कियों को सशक्त बनाने और एक समावेशी समाज को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने के सामूहिक दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने लड़कियों के अधिकारों और गरिमा को बनाए रखने वाले समाज के निर्माण में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी हितधारकों से नए समर्पण और उत्साह के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल के लक्ष्यों की दिशा में काम करना जारी रखने का आह्वान किया। 10वीं वर्षगांठ समारोह लड़कियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देने, समान अवसर सुनिश्चित करने और एक संतुलित समाज की वकालत करने में चंडीगढ़ की निरंतर प्रतिबद्धता और प्रगति को दर्शाता है। कार्यक्रम का समापन भारत की बेटियों के लिए एक उज्जवल, अधिक समावेशी भविष्य के निर्माण के लिए एकता और दृढ़ संकल्प के संदेश के साथ हुआ।

# मेयर चुनाव में हो सकता है बड़ा खेला!

## 'आप व कांग्रेस' में सबकुछ ठीक नहीं, भाजपा को मिल सकता है इसका फायदा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 22 जनवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ के नए मेयर सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर के लिए चुनाव आगामी 30 जनवरी को होना तय किया गया है। इसके लिए 25 जनवरी को फिर से नामांकन दाखिल करना होगा। इस चुनाव में 'बड़ा खेला' होने की संभावना भी जताई जा रही है।

बता दें कि चुनाव संबंधी अधिसूचना शहर के उपायुक्त निशांत यादव की तरफ से गत दिवस जारी कर दिया गया है। हालांकि इसके पूर्व 24 जनवरी को मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनावों के मद्देनजर भाजपा की तरफ से मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर पदों के लिए क्रमशः हरप्रीत कौर बबला, बिमला दुबे और लखबीर सिंह बिल्लू के नामांकन भी करा दिए गए थे, किन्तु डीसी द्वारा जारी नई अधिसूचना के अंतर्गत अब आगामी 30 जनवरी को चुनाव की तिथि घोषित की गई है, इस प्रकार इनके लिए नामांकन की प्रक्रिया फिर से यानि 25 जनवरी को पूरी की जाएगी।

बता दें कि बीते कल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब ताजा नोटिफिकेशन जारी किया गया है। आम आदमी पार्टी की तरफ से संगठन के समझौते के अनुसार मेयर पद के प्रत्याशी का नाम अभी तक फाइनल नहीं किया जा सका है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक नामांकन के दिन अर्थात् 25 जनवरी को ही उनका मेयर प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। वैसे कांग्रेस की तरफ से सीनियर डिप्टी मेयर के लिए जसबीर बंटी और डिप्टी मेयर के लिए तरुणा मेहता का नाम फाइनल किया जा चुका है। उनकी तरफ से विगत 20 जनवरी को नामांकन भी दाखिल करा दिए गए थे। बाद में उसी दिन भाजपा की तरफ से मेयर के लिए हरप्रीत कौर बबला, सीनियर डिप्टी मेयर के लिए बिमला दुबे और डिप्टी मेयर के लिए लखबीर सिंह बिल्लू के नामांकन भी करा दिए गए थे, परंतु डीसी के द्वारा गत दिवस जारी की गई अधिसूचना के अनुसार अब चुनाव आगामी 30 जनवरी को होंगे। इसके लिए तीनों पदों के उम्मीदवारों के नामांकन आगामी 25 जनवरी को दाखिल किए जाएंगे।

### महत्वपूर्ण बिंदु




वर्णनीय है कि विगत 7 जनवरी की अधिसूचना रद्द कर डीसी ने नई अधिसूचना जारी की। वोटिंग शुरू होने के पूर्व तक नाम वापिस लिए जाने का प्रावधान होगा। इसके अलावा पूरी चुनावी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त चुनाव पुरानी प्रक्रिया अर्थात् गोपनीय बैलेट पेपर के आधार पर ही संपन्न होंगे। इसके पूर्व मौजूदा मेयर कुलदीप कुमार की तरफ से मेयर चुनाव गोपनीय बैलेट पेपर की बजाय पार्षदों के हाथ खड़े कराने की मांग की गई थी। किन्तु हाईकोर्ट ने इस बात को मानने से इंकार कर दिया। इस प्रकार चुनावी प्रक्रिया अब पुरानी प्रणाली से ही पूरी होगी।

### रमणीक बेदी होंगे पीठासीन अधिकारी

उल्लेखनीय है कि चुनावी प्रक्रिया के लिए पीठासीन अधिकारी डा. रमणीक सिंह बेदी होंगे। जबकि निगम की ज्वाइंट कमिश्नर-3 शशि वसुंधरा को पीठासीन अधिकारी का वोट गिनने में सहयोग करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। शशि वसुंधरा हरियाणा सिविल सर्विस काडर की अधिकारी हैं।

### रेस में ये पार्षद आगे

आप में मेयर पद के लिए अंजु कत्याल, प्रेमलता, जसविंदर कौर रेस में आगे चल रही हैं। इनमें से प्रत्याशी चयन करने में आप को मुश्किल हो रही है। 'एक को मनाऊं तो दूजा रूठ जाता है... वाली कहावत चरितार्थ होने की प्रबल संभावना है। फिलहाल आम आदमी पार्टी किसके लिए कौन सा फार्मूला अपनाती है यह तो वही जाने। उक्त दावेदारों के अलावा सुमन देवी भी अपनी दावेदारी जता रही हैं। पार्षद रामचंद्र यादव भी पार्टी से कुछ नाराज चल रहे हैं। ऐसे में आप में पहले जैसी एकजुटता नहीं दिखाई दे रही है।

### भाजपा को मिल सकता है आप में फूट का लाभ

यदि इन अटकलों पर गौर करें तो शायद आप की आपसी फूट का लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिल जाए, क्योंकि उनके अकेले अपने 15 पार्षद हैं, जीत के लिए उन्हें केवल 3 वोटों की दरकार है। यदि सबकुछ ऐसे ही चलता रहा तो जीत की बाजी भाजपा के हाथ में जा सकती है।

### कांग्रेस में भी सबकुछ ठीक नहीं

अटकलें हैं कि कांग्रेस के भीतर भी सबकुछ ठीक नहीं है। अटकलें हैं कि कुछ आप के और एक दो कांग्रेस की वोटें भी टूट सकती हैं। फिलहाल परिणाम क्या होगा यह भविष्य के गर्भ में है।

### नगर निगम चंडीगढ़ में पार्षदों की दलीय स्थिति

नगर निगम चंडीगढ़ में मौजूदा समय में कुल 35 वार्डों के 35 पार्षद हैं। इसके अलावा चंडीगढ़ के कांग्रेस नगर सांसद मनीर्ष तिवारी की एक वोट मिलाकर कुल 35 वोट बनते हैं। इसमें भाजपा के अकेले 15 पार्षद हैं, जबकि कांग्रेस के सांसद मनीष तिवारी को मिलाकर 8 वोटें और आम आदमी पार्टी के 13 पार्षदों की वोटें हैं। इसलिए इस चुनाव में जीत के लिए जादुई आंकड़ा 18 है। जादुई आंकड़े को पार करने वाला व्यक्ति मेयर निर्वाचित किया जाएगा। इसी प्रकार अन्य दो पदों सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए भी न्यूनतम इतने ही वोटों की जरूरत पड़ेगी।

आम आदमी की तरफ से अभी मेयर प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गई है। उसकी तरफ से नामांकन की तिथि यानि 25 जनवरी को ही इसकी घोषणा करने की उम्मीद जताई गई है।

सम्पादकीय

# चंडीगढ़ की जरूरतों के पूरा करने की तय हो डेडलाइन

चंडीगढ़ में बीते वर्ष सितंबर में सलाहकार परिषद की बैठक हुई थी, जिसमें अनेक लंबित विषयों को उठाया गया था। हालांकि इस खूबसूरत शहर के लिए यह विडम्बना है कि यहां बातें तो होती हैं, लेकिन उन बातों के पूरा होने की कोई समय अवधि नहीं होती। अब शहर में संसदीय कमेटी की बैठक भी संपन्न हुई है, जिसमें स्थानीय सांसद की ओर से तमाम मुद्दे उठाए गए वहीं प्रशासन के अधिकारियों की ओर से कमेटी के समक्ष रिपोर्ट पेश की गई। संसदीय कमेटी का दायित्व शहर की समस्याओं और उसकी जरूरतों को समझकर इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार के समक्ष रखने का है। इसके बाद केंद्र सरकार की ओर से कार्ययोजना तैयार की जाएगी। प्रश्न यह है कि प्रशासक की सलाहकार परिषद में जिन मुद्दों को उठाया जाता है, क्या वे पूरे हो चुके हैं। यह शहर अपना सांसद चुनता है, क्या उन सांसद की ओर से उठाए गए मुद्दे ही काफी नहीं हैं। यहां नगर निगम है और राजनीतिक दलों की ओर से समय-समय पर ज्ञापन एवं संचार माध्यमों के जरिये शहर से जुड़े मुद्दों को उठाया जा रहा है। इसके बावजूद संसदीय कमेटी भी शहर का दौरा करती है और अधिकारियों की पूरी टीम उन जरूरतों की जानकारी देती है, जोकि शहर के लिए आवश्यक हैं। आखिर दौरों, बैठकों, रपटों के तैयार होने का यह सिलसिला कब तक जारी रहेगा।

**इस बैठक में शहर के अंदर मेट्रो चलाने और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सुधारने की बातें भी हुई हैं। प्रशासन के अधिकारियों की ओर से मेट्रो के प्रोजेक्ट को लेकर कमेटी सदस्यों को जानकारी दी गई। एक जमाने से शहर में मेट्रो को चलाने की चर्चा चली आ रही है, लेकिन यह सिरे ही नहीं चढ़ पा रही। इसका बजट साल दर साल बढ़ता जा रहा है। इस बैठक में भी कोई निर्णायक बात नहीं कही गई। शहर में ट्रैफिक के हालात भी लगातार खराब होते जा रहे हैं। रोजाना हजारों वाहन दूसरे राज्यों से शहर में प्रवेश कर रहे हैं। चौक-चौराहों पर भयंकर जाम की स्थिति होती है। सुबह और शाम के वक्त कोई शहर के अंदर आने और यहां से बाहर जाने के बारे में सोच भी नहीं सकता, क्योंकि चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर हर लाइट पर किलोमीटर लंबी लाइनें लगी होती हैं।**

इस बैठक में शहर के अंदर मेट्रो चलाने और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सुधारने की बातें भी हुई हैं। प्रशासन के अधिकारियों की ओर से मेट्रो के प्रोजेक्ट को लेकर कमेटी सदस्यों को जानकारी दी गई। एक जमाने से शहर में मेट्रो को चलाने की चर्चा चली आ रही है, लेकिन यह सिरे ही नहीं चढ़ पा रही। इसका बजट साल दर साल बढ़ता जा रहा है। इस बैठक में भी कोई निर्णायक बात नहीं कही गई। शहर में ट्रैफिक के हालात भी लगातार खराब होते जा रहे हैं। रोजाना हजारों वाहन दूसरे राज्यों से शहर में प्रवेश कर रहे हैं। चौक-चौराहों पर भयंकर जाम की स्थिति होती है। सुबह और शाम के वक्त कोई शहर के अंदर आने और यहां से बाहर जाने के बारे में सोच भी नहीं सकता, क्योंकि चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर हर लाइट पर किलोमीटर लंबी लाइनें लगी होती हैं। जबकि ट्रिब्यून चौक पर फ्लाईओवर बनाने की भी चर्चा थी, जिसका शिलान्यास भी हो चुका है। लेकिन शिलान्यास के लिए लगी ईंटों से ज्यादा कोई काम नहीं हो सका। इस बैठक में कहा गया है कि शहर में रोडवेज के बेड़े में और बसों को बढ़ाया जाएगा। एक तरफ अधिकारी मेट्रो चलाने की बात कर रहे हैं, वहीं रोडवेज के बेड़े में नई बसों की आवक भी हो रही है। बेशक, दोनों यातायात के साधन हैं, लेकिन अगर मेट्रो प्राथमिकता है तो फिर पहले उसी के लिए काम क्यों नहीं हो रहा।

शहर के एक सिरे पर डड्डूमाजरा में वर्षों से कूड़े का पहाड़ लगातार अपना सिर ऊंचा करता जा रहा है। इस पहाड़ को खत्म करने के लिए न जाने कितने वादे और इरादे जाहिर किए गए हैं, लेकिन सब कुछ शून्य होता दिखता है। इस पहाड़ के लिए हर लोकसभा और नगर निगम चुनाव में राजनीति चमकती है, वादों का शोर होता है लेकिन कहीं एक पत्ता तक नहीं साफ होता। अब सांसद मनीष तिवारी ने कमेटी की बैठक में कूड़े के पहाड़ को साफ करने की मांग उठाई तो अधिकारियों ने जवाब दिया कि इस साल जून तक इसे साफ करवा दिया जाएगा। अब यह सुनकर बहुत अच्छा लगता है कि एक डेडलाइन प्रशासन ने तय कर ली है, लेकिन क्या सच में अगले पांच महीने के अंदर कूड़े के इस बदबूदार पहाड़ को साफ किया जा सकेगा। आखिर संसदीय कमेटी के समक्ष यह मुद्दा उठा था और अधिकारियों को कमेटी सदस्यों को आश्वस्त करना था कि यहां सब कुछ सही है। अब देखना होगा कि वास्तव में ही अगले छह महीने के अंदर यहां सफाई होती है या नहीं। कमेटी ने हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े मामलों की जानकारी ली। हालांकि बरसों से यहां कर्मचारी हाउसिंग स्कीम चल रही हैं जोकि पूरी नहीं हो पा रही। सांसद मनीष तिवारी पहले से अनेक मुद्दे उठा चुके हैं, लेकिन अजीब स्थिति है कि उन मामलों का निवारण होता नजर नहीं आ रहा। इस समय चंडीगढ़ में तमाम ऐसे प्रोजेक्ट हैं, जोकि फाइलों में भी दर्ज हैं। चंडीगढ़ के मास्टर प्लान 2031 का मामला हो या फिर ट्रिब्यून चौक-जीरकपुर फ्लाईओवर के निर्माण का केस, अभी इन पर कुछ भी नहीं हुआ है। हाउसिंग स्कीम, लीज होल्ड टू फ्री होल्ड, सीएचबी के मकानों की वन टाइम सेटलमेंट आदि अनेक ऐसे मुद्दे हैं, जिनका समाधान होना आवश्यक है। दरअसल, यह जरूरी है कि तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की एक डेडलाइन तय की जाए कि उस तारीख तक उन्हें पूरा कर लिया जाएगा। इस प्रकार तो बैठक पर बैठक होती रहेंगी और रिपोर्टों के अंबार लगते रहेंगे। पांच साल में भी अगर एक प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो पाता है तो इसे इच्छा शक्ति की कमी ही समझा जाएगा।

# आत्महत्या करते छात्र गंभीर चिंता का विषय

## जीवन-मृत्यु का प्रश्न बनती कोचिंग के बोझ तले पढाई

**स्कूली पढाई के बजाय कोचिंग के भयावह दौर में, छात्रों में आत्महत्या की प्रकृति और प्रवृत्ति का नए सिरे से अध्ययन करने की भी बहुत सख्त ज़रूरत है, क्योंकि देश की पूरी युवा बौद्धिक संपदा दांव पर लगी हुई है, जिसके दूरगामी गंभीर नतीजे पूरे राष्ट्र के माथे पर गहरा सिकन ला सकते हैं। युवाओं के कंधे पर स्थापित विकासशील प्रगति का पूरा ढांचा ही भरभरा कर गिर सकता है। छात्रों को इसे चुनौती के रूप में लेते हुए पूरी क्षमता के साथ इसका सामना करना चाहिए। परीक्षा जीवन-मृत्यु का प्रश्न नहीं है। परीक्षा परिणामों को जीवन का अंतिम आधार न मानकर अपनी सफलता की राह स्वयं बनानी होती है। बिना श्रम के जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती। अभिभावकों को यह समझना है कि उन्हें अपने बच्चों के साथ कैसा घरेलू बर्ताव करना है।**



**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

वैसे तो इस दौर में पूरी युवा पीढ़ी ही भयावह मानसिक व्याधि से विचलित है, इनमें विशेषतः छात्र विचलन गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। हमारे देश में प्रति 100 में 15 से अधिक छात्र आत्महत्या से प्रभावित हो रहे हैं। वे अवसाद, चिंता और आत्मघात से पीड़ित पाए जा रहे हैं। कठिन प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई-लिखाई में अनुशासन आदि को लेकर तनाव बढ़ रहा है, उससे न सिर्फ़ शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों, बल्कि पूरे समाज की चिंता बढ़ती गई है। पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्त्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। अभिभावकों के सपनों की उड़ान न भर पाने वाले, परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चों को घर पर पिटना पड़ता है। परीक्षा और नतीजों के दबाव में छात्रों की आत्महत्याएँ अब आम घटनाएँ बनती जा रही हैं। छात्र आत्महत्याओं में बेतहाशा वृद्धि के पीछे मानसिक तनाव सबसे आम कारक बन चुका है। तनावग्रस्त छात्रों की आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। जैसे-जैसे परीक्षा के दिन निकट आते हैं, छात्रों का तनाव हद से गुजरने लगता है। पूरी युवा पीढ़ी का परीक्षा के दिनों में ऐसे हालात से दो-चार होना देश और समाज, अभिभावकों और शिक्षाविदों, सभी के लिए अब गंभीर चिंता का विषय हो चला है। शिक्षा क्षेत्र में दशकों से व्याप्त कई बुनियादी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों पर अभी तक पार पाने में कतई कामयाब नहीं हो पा रहा है।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को अनिवार्य कर दिए जाने के बाद से भारतीय छात्रों को प्रतिस्पर्धा करने और प्रदर्शन करने के लिए भारी तनाव का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शन के दबाव को संभालने, माता-पिता की अपेक्षाओं को पूरा करने और आकांक्षाओं को प्राप्त करने में असमर्थता मनोवैज्ञानिक संकट और बाद में अवसाद का कारण बन सकती है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में अकादमिक उत्कृष्टता की निरंतर खोज ने अनजाने में छात्रों के बीच तीव्र दबाव और प्रतिस्पर्धा का माहौल पैदा कर दिया है। शैक्षणिक उपलब्धियों पर अत्यधिक ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक अपेक्षाओं और असफलता के डर ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डाला है। इसने चिंता, अवसाद और तनाव जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों में वृद्धि में योगदान दिया है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए कई बार छात्रों पर अच्छा प्रदर्शन करने का लगातार दबाव रहता है। वे अपनी तुलना दूसरों से करते हैं और आक्रामकतापूर्वक पूर्णता के लिए प्रयास करते हैं। यह अंतर्निहित दबाव मानसिक परेशानी के विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जिसमें चिंता, विफलता का डर और कम आत्मसम्मान शामिल है। गंभीर मामलों में, मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएँ आत्म-नुकसान का कारण बन सकती हैं और यहाँ तक कि आत्महत्या के प्रयासों के विचार को भी जन्म दे सकती हैं।

प्रतियोगी पाठ्यक्रम के भारी भरकम बोझ से बच्चों का मानसिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। इससे बच्चों को भारी नुक़सान झेलना पड़ रहा है। बच्चों के जीवन में तनाव के पौध की बड़ी वज़ह यह भी है कि लंबे समय तक स्कूल के घंटों के बाद बच्चे घर लौटते ही होमवर्क निपटाने में जुट जाते हैं। इसके बाद ट्यूशन के लिए दौड़ पड़ते हैं। खाना-पीना, सोना, खेलकूद, सब हराम हो जाता है। आराम करने और अन्य पाठ्येतर गतिविधियाँ करने का उन्हें समय ही नहीं मिलता है। ऐसे में छात्रों के लिए कम नींद और अवसाद की स्थिति या गंभीर तनाव का सबब बनी रहती है। वर्तमान प्रतियोगी दौर में छात्रों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। परीक्षा केंद्रित शिक्षा से भारत में छात्रों की आत्महत्याओं में अंक, अध्ययन और प्रदर्शन के दबाव के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की तुलना करना इस अवसाद के पीछे महत्त्वपूर्ण कारक हैं। भारत में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी भी छात्र के साथ एक साधारण साक्षात्कार, चाहे वह जेईई, एनईईटी या सीएलएटी हो, यह प्रकट करेगा कि छात्रों के बीच मानसिक संकट का प्रमुख स्रोत उन पर दबाव की असहनीय मात्रा है जो लगभग हर एक द्वारा डाला जाता है। हर शिक्षक, हर रिश्तेदार कठिन अध्ययन और एक अच्छे कॉलेज में प्रवेश पाने के महत्त्व को दोहराते हैं। जबकि छात्र स्कूल से स्नातक होने के बाद क्या करने की आकांक्षा रखता है, या जहाँ उसकी रुचियाँ हैं, उसके बारे में सहज पूछताछ बहुत कम की जाती है।

इन सभी परीक्षाओं की अत्यधिक जटिल प्रकृति (सभी नहीं) का अनिवार्य रूप से मतलब है कि उन्हें पास करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों में दाखिला दिलाने का सपना पूरा करना होगा, इससे छात्र के लिए एक से अधिक तरीकों से समस्या बढ़ जाती है क्योंकि वह कोचिंग पर माता-पिता द्वारा ख़र्च किए गए पैसे को चुकाने के लिए अब परीक्षा को पास करने का दबाव बढ़ गया है और उसे कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त दबावों का भी सामना करना पड़ता है। जब तक देश की परीक्षा संस्कृति से इस कुत्सित व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक छात्रों में आत्महत्या की दर को रोकने के मामले में कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं देखा जाएगा। सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए, अगर वास्तव में हम सोचते है कि ÷ आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। जबरन करियर विकल्प देने से कई छात्र बहुत अधिक मात्रा में दबाव के आगे झुक जाते हैं, खासकर उनके परिवार और शिक्षकों से उनके करियर विकल्पों और पढ़ाई के मामले में। शैक्षिक संस्थानों से समर्थन की कमी के चलते बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से निपटने के लिए सुसज्जित नहीं है और मार्गदर्शन और परामर्श के लिए केंद्रों और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी है।

ऐसे कठिन दौर में, आज छात्रों में आत्महत्या की प्रकृति और प्रवृत्ति का नए सिरे से अध्ययन करने की भी बहुत ज़रूरत है, क्योंकि देश की पूरी युवा बौद्धिक संपदा दांव पर लगी हुई है, जिसके दूरगामी गंभीर नतीजे पूरे राष्ट्र के माथे पर गहरा सिकन ला सकते हैं। युवाओं के कंधे पर स्थापित विकासशील प्रगति का पूरा ढांचा ही भरभरा कर गिर सकता है। छात्रों को इसे चुनौती के रूप में लेते हुए पूरी क्षमता के साथ इसका सामना करना चाहिए। परीक्षा जीवन-मृत्यु का प्रश्न नहीं है। परीक्षा परिणामों को जीवन का अंतिम आधार न मानकर अपनी सफलता की राह स्वयं बनानी होती है। बिना श्रम के जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती। अभिभावकों को यह समझना है कि उन्हें अपने बच्चों के साथ कैसा घरेलू बर्ताव करना है। छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की बढ़ती व्यापकता से निपटने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें व्यक्ति, संस्थान और समग्र रूप से समाज शामिल हो। सफलता को फिर से परिभाषित करना और छात्रों को अपने जुनून और रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। केवल शैक्षणिक उपलब्धियों पर आधारित सफलता की संकीर्ण परिभाषा से आगे बढ़ने से छात्रों को अपनी अद्वितीय प्रतिभा का पता लगाने और अपने चुने हुए रास्ते में पूर्णता पाने का मौका मिलता है।

आत्महत्या के जोखिम कारकों को कम करने के लिए शिक्षकों को द्वारपाल के रूप में प्रशिक्षित करना और परीक्षा के नवीन तरीकों को अपनाया जाना चाहिए। छात्रों की सराहना करने की आवश्यकता है और यह बदलना महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय समाज शिक्षा को कैसे देखता है। यह प्रयासों का उत्सव होना चाहिए न कि अंकों का। छात्रों की चिंताओं, अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को दूर करने के लिए सभी स्कूलों / कॉलेजों / कोचिंग केंद्रों में प्रभावी परामर्श केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। बढ़ते संकट को दूर करने के लिए अतीत की विफलताओं से सीखना और छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, संस्थानों और नीति निर्माताओं सभी हितधारकों को शामिल करने वाले तत्काल क़दम उठाने की आवश्यकता है।

### अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

## सलाहकार परिषद द्वारा राय का तबादला रद्द करने की मांग

चंडीगढ़। आज यहां हुई चंडीगढ़ सलाहकार परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि प्रशासक के सलाहकार श्री बालेश्वर राय को 31 मार्च तक चंडीगढ़ से न बदला जाए। श्री राय के तबादले को रद्द करने की मांग करते हुएइंका के दौलत राम शर्मा व जगन्ननाथ कौशल सजपा हरमोहन धवन तथा भाजपा के सत्यपाल जैन सहित सभी सदस्यों ने कहा कि जो कार्य श्री राव द्वारा शुरु किए गये है, खास कर झुग्गी झोपड़ी वालों के लिए वे प्रशासनीय है बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रशासक सुरेन्द्र नाथ ने कहा कि उनकी भावनाओं को केंद्रीय गृहमंत्रालय तक पहुंचाया जाएगा। इससे पूर्व सुरेन्द्र नाथ ने कहा कि चंडीगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है उन्होंने कहा कि फेस 3 में पानी की स्कीम को जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा ताकि आने वाली गर्मियों में लोगों को पानी की तंगी न महसूस हो सके।

### स्टेट बैंक आफ इंडिया से 51 लाख हज्म कर फरार

चंडीगढ़। स्थानीय पुलिस में स्टेट बैंक आफ इंडिया रामदरबार के प्रबंधक एन के चोपड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि औद्योगिक क्षेत्र-2 के प्लाट नं. 161 के निवासी अनिल गुप्ता व उसकी पत्नी बधु गुप्ता ने मिलकर झूठे बिलों के तहत हेराफेरी करके लगभग 51 लाख रुपए हज्म कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्लाट नं. 161 मों इन्होंने एबीसी नाम से एक फर्म बना रखी थी जिसके तहत बिलों में हेराफेरी करके लगभग 51 लाख रुपए हज्म लिए यह लोग कुमार कैमीकल के मालिक अरुण गुप्ता के भतीजे बताए जाते है। पुलिस ने धारा 420, 406 व 120 के तहत केस दर्ज करके कार्यवाही चालू कर दी है।

### ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1565 - टेलीकोटा की लड़ाई के बाद संपन्न हिन्दू साम्राज्य विजयवाड़ा का पतन हो गया।
1664 - शिवाजी के पिता शाहजी का निधन।
1897 - भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंकने वाले सुभाष चंद्र बोस का जन्म हुआ।
1920 - वायु परिवहन और वायु डाक सेवा की शुरुआत।
1926 - महाराष्ट्र की राजनीति की नब्ज समझने वाले बाल ठाकरे का जन्म हुआ।
1945 - प्रख्यात वकील और शिक्षाविद रास बिहारी बोस का निधन।
1959 - प्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा अनुसंधानकर्ता ज्ञान चंद्र घोष का निधन।
1960 - दक्षिण अफ़्रीका में कोलब्रुक कोयला खदान ढहने से 435 खनिक मारे गए।
1961 - भारतीय जनता पार्टी की जानी-मानी महिला राजनीतिज्ञ दर्शना जरदोश का जन्म।
1965 - दुर्गापुर इस्पात संयंत्र में काम करना शुरू किया।
1973 - अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन द्वारा वियतनाम शांति समझौते की घोषणा।
1972 - मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा राज्य का स्थापना दिवस।
1986 - भारतीय फ़िल्मि अभिनेता, थियेटर एवं टीवी कलाकार सुशांत सिंह राजपूत का जन्म।
1976 - गौतम बुद्ध के लापता शहर कपिलवस्तु को खुदाई के बाद ढूंढ निकाला गया।
1983 - स्वीडिश टेनिस खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग ने संन्यास की घोषणा की।
1997- अमेरिका की पहली महिला विदेश मंत्री मंडलीन अल्बाइट से राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की सरकार में पदभार संभाला।
2002 - अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का पाकिस्तान के कराची से अपहरण कर लिया गया। बाद में, उनकी हत्या कर दी गई।
2020 - भारतीय गृह मंत्रालय ने सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2020 के विजेताओं की घोषणा की।

### बोल ब्यूटीफुल



**आनंद महिन्द्राः** हाल में इसरो ने अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। कुछ इसी तरह इन दिनों महाकुंभ भी धरती पर दिल, आत्मा और मानवता को जोड़ने का काम कर रहा है।

**रमेश श्रीवत्सः** बीसीसीआई ने गत दिनों कहा कि सभी खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलने पर जोर देना चाहिए, अन्यथा...। वहीं जब चैंपियंस ट्राफी टीम के लिए खिलाड़ी को चुनने की बारी आई तो उसने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले करुण नायर को नजरअंदाज कर दिया।

**अनुरंजन झाः** दिल्ली वहीं जीतेगा, जो सबसे ज्यादा फ्री बांटेगा और भरोसा दिला पाएगा कि वह फ्री जरूर देगा। है न कमाल। कुछ तो देश का भी सोचो।

खास मुलाकात

# ओवरलोड वाहनों पर हरियाणा में बहुत जल्द लग जाएगी लगाम

**परिवहन मंत्री अनिल विज से सुमित्रा की बातचीत**

परिवहन मंत्री अनिल विज का रुख ओवरलोड वाहनों के मामले में सख्त है। इस बारे में मिलने वाली शिकायतों पर वे न केवल गौर करते हैं, बल्कि संबंधित जिले के अफसर से जवाब तलब भी करते हैं। कई बार तो अफसरों को डांट भी खानी पड़ती है। उन्होंने नारनौल के सचिव, आरटीए को फोन कर ओवरलोड वाहनों पर लगाम लगाने के निर्देश भी दिए हैं। विज जब राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक बैठक में हिस्सा ले कर चंडीगढ़ लौट रहे थे, तब नांगल चौधरी में एक जगह चाय पीने के लिए रुके तो वहां बड़ी तादाद में लोग इकट्ठे हो गए। उन्होंने विज से ओवरलोड वाहनों को लेकर शिकायत की। विज ने उसी समय आरटीए के सचिव को फोन मिला कर इस मामले में सख्ती बरतने के निर्देश दे दिए। अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र से सात बार चुनाव जीत चुके अनिल विज हरियाणा सरकार में परिवहन और बिजली मंत्री हैं। इससे पहले मनोहर लाल खट्टर सरकार में गृह और स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं। विज राज्य विधानसभा में ऐसे एक-दो विधायकों में शामिल हैं, जिन्हें सातवीं बार चुन कर सदन में पहुंचने का मौका मिला है।

ओवरलोडिंग और राज्य के दूसरे मुद्दों को लेकर परिवहन मंत्री अनिल विज से हाल ही में 'अर्थप्रकाश' के लिए सुमित्रा ने लम्बी बात की। यहां प्रस्तुत हैं इस बातचीत के मुख्य अंशः-







**हरियाणा में ओवरलोड वाहन चलने की बहुत शिकायतें हैं। इस दिशा में क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?**

- इस मामले में मैंने आज ही संबंधित अफसर को सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। अगर इसके बाद भी ओवरलोड वाहन चलते हैं तो कोई भी मुझे फोटो लेकर भेज सकता है। अवश्य कार्रवाई की जाएगी।

**ओवरलोडिंग मामले को लेकर आपसे किसने शिकायत की ?**

- जयपुर से लौटते समय मैं कुछ देर के लिए सिरोही बहाली गांव के पास रुका था। तब लोगों ने मुझे ओवरलोड वाहनों की समस्या बताई थी। मैंने उसी समय आरटीए सचिव को फोन मिला लिया और फोन कर ओवरलोड वाहनों पर लगाम लगाने के निर्देश भी दे दिए। मैंने कहा है कि अगर आज के बाद एक भी ओवरलोड वाहन यहां से गुजरा तो देखना मैं क्या करता हूं।

**क्या इससे पहले भी कभी आपको शिकायतें मिली थीं?**

- कोई भी मेरे पास मोबाइल से फोटो खींच कर भेजता है तो मैं कार्रवाई जरूर करता हूं। अब मैं फिर कह रहा हूं की अगर किसी ने मेरे पास मोबाइल से ओवरलोड वाहनों की फोटो खींच कर भेजता है तो देखना क्या होता है?

**ओवरलोड वाहनों की वजह से ही इस क्षेत्र में दुर्घटनाएं बड़ी हैं। क्या आप भी ऐसा मानते हैं?**

- लोगों की जिंदगी बहुत कीमती है। लोगों की जिंदगी बचाने के लिए जितनी सख्ती हो सकती है, उतनी इन ओवरलोड वाहन चालकों के खिलाफ होनी ही चाहिए। मैंने इस मुद्दे पर आज करीब एक घंटे तक ग्रामीणों से बातचीत की है।

**आपका जयपुर कैसे जाना हुआ ?**

- मैं जयपुर में सोलर पावर को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेने गया था। वहां से लौटते समय थोड़ी देर के लिए यहां रुक गया और लोगों से उनकी समस्याओं को लेकर बातचीत भी की।

**ओवरलोड वाहनों पर कैसे पूरी तरह से लगाम कसी जा सकती है?**

- ओवरलोड वाहनों पर लगाम लगाने और रोडवेज बसों के अच्छे संचालन के अलावा बिना परमिट के चल रही बसों की रोकथाम के लिए सरकार एक पॉलिसी ला रही है, क्योंकि ओवरलोड के कारण सड़कें भी खराब हो रही हैं।

**वाहनों में क्षमता से अधिक वजन मिला तो क्या कार्रवाई होगी?**

- मैंने बताया कि ओवरलोड वाहनों की रोकथाम के लिए एक खास तरह का उपकरण बनाया जा रहा है। अगर वाहन में क्षमता से अधिक वजन मिलता है, तो नई तकनीकी से फौरन पता चल जाएगा। अभी हाल ही में इसको लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी दिल्ली में बैठक की थी। आप मान कर चलिए कि ओवरलोड वाहनों पर बहुत जल्द लगाम लग जाएगी।

**लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन भी दिया है। उनकी क्या दिक्कत है?**

- ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में उन्हें बताया कि अकबरपुर से सिरोही बहाली तक पक्का रास्ता बनवाया जाए, 60-65 साल पुराने ग्राम पंचायत भवन को नया रूप दिया जाए, कम्यूनिटी सेंटर भवन का निर्माण करवाया जाए, गंदे पानी की निकासी के लिए नालों का निर्माण कराया जाए, खेल मैदान की चाहरदीवारी बनवाई जाए और गांव के 40-50 घरों में बिजली की समस्या को दूर करवाया जाए। अकबरपुर के सरपंच व ग्रामीणों ने गांव की इन्हीं समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है।

**सड़कों की स्थिति पर लोगों का क्या मानना है?**

- मेरा भी और लोगों का भी यही मानना है कि पिछले 70 साल से आमजन सड़क, बिजली, नाले व पानी जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझता आ रहा है। यहां तक कि एमएलए की मोहर के बिना एलपीजी सिलेंडर, सीमेंट आदि साधारण-सी चीजें भी नहीं मिल पाती थीं, लेकिन जब से भाजपा सरकार बनी है, मोहर का सिस्टम ही खत्म कर दिया है।

**सरकारी शिक्षकों ने भी आपका आभार जताया है। इसकी क्या वजह थी?**

- इन लोगों को भाजपा सरकार में सरकारी अध्यापक के तौर पर नौकरी मिली थी। इसके लिए पांच शिक्षकों के एक शिष्टमंडल ने आभार व्यक्त किया है। अध्यापकों ने कहा कि वे सभी आपकी सरकार में बिना खर्ची व पर्ची नौकरी लगे हैं। अध्यापकों ने पूछा था कि क्या वे मेरे साथ फोटो ले सकते हैं, तो मैंने कहा कि आप ही नहीं, बल्कि यहां मौजूद सभी लोग उनके साथ फोटो ले सकते हैं।

**परिवहन विभाग में पुलिस अफसरों को नियुक्त किया गया था, लेकिन आपने उन्हें उनके मूल विभाग में लौटना शुरु कर दिया है। क्यों?**

- परिवहन विभाग से सभी पुलिस वाले हटाए जाएंगे। यह तिकड़म कर के इस विभाग में घुसे हैं। पुलिस और सिविल अधिकारियों की ट्रेनिंग अला अलग होती है। इसलिए सिद्धांत यही कहता है कि पुलिस और सिविल अफसरों को अपने अपने विभाग में ही ड्यूटी करनी चाहिए। आईपीएस अफसरों को हटा दिया गया है।

**क्या परिवहन विभाग में पुलिस अफसरों की नियुक्ति ठीक नहीं है?**

- मैंने चिट्ठी लिख कर कह दिया है कि यह ठीक नहीं है, इसीलिए पुलिस अफसरों को इस महकमे से बाहर किया गया है। परिवहन विभाग में आईपीएस अफसर की जगह अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक खेमका को लगाया जा चुका है।

# देव सूर्य मंदिर से कोई नहीं जाता है खाली हाथ, मन्नतें होती हैं पूरी

बिहार के औरंगाबाद जिले के देव सूर्य मंदिर के बारे में बता रहे हैं, जिसके चमत्कार को जानकर आप आश्चर्य में पड़ जाएंगे। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि रातों रात इस मंदिर का मुख्य द्वार पश्चिम दिशा में हो गया था। छठ महापर्व पर देव सूर्य मंदिर के पास मेला लगता है, जिसमें लाखों की संख्या में लोग बिहार और झारखंड से आते हैं। ऐसी मान्यता है कि देव सूर्य मंदिर में सूर्य देव की विधि विधान से पूजा करने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। इस मंदिर का द्वार पूरब या उत्तर में होने की बजाए पश्चिम में है। औरंगाबाद जिले के देव सूर्य मंदिर को देवार्क सूर्य मंदिर भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देव सूर्य मंदिर का निर्माण देवताओं के शिल्पी विश्वकर्मा ने स्वयं अपने हाथों से किया था। इस मंदिर का निर्माण त्रेता या द्वापर युग के मध्यकाल में हुआ है। यह देवार्क मंदिर देश के तीन प्रमुख सूर्य मंदिरों में से एक है। लोलार्क सूर्य मंदिर वाराणसी और कोणार्क सूर्य मंदिर भुवनेश्वर में है।



मंदिर परिसर में भगवान सूर्य की तीन रूपों वाली मूर्तियां स्थापित हैं, जिनमें वे सात रथों पर सवार हैं। सूर्य देव की ये तीन मूर्तियां उदयाचल, मध्याचल तथा अस्ताचल स्वरूप वाली हैं। इस मंदिर के प्रांगण में भगवान शिव और माता पार्वती की भी एक मूर्ति है, जिसमें माता पार्वती भगवान शिव के जांघ पर विराजमान हैं। लोगों की ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर में जो कोई भी अपनी मनोकामना लेकर सूर्य देव की पूजा करता है, वह खाली हाथ नहीं लौटता है। सूर्य देव उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करते हैं। मनोकामना पूर्ण होने पर लोग छठ में सूर्य देव को जल चढ़ाते हैं।

स्थानीय लोग बताते हैं कि औरंगजेब इस देव सूर्य मंदिर को तोड़ना चाहता था। जब यह सूचना लोगों को मिली तो वे मंदिर के बाहर एकत्र हो गए। उन्होंने औरंगजेब से मंदिर न तोड़ने का आग्रह किया, लेकिन वह नहीं माना। लोगों के आग्रह पर औरंगजेब ने कहा कि वह रातभर का समय देता है, यदि तुम्हारे देवता में इतनी ही आस्था है तो इस मंदिर की दिशा पूरब से पश्चिम हो जाए। अगर ऐसा हुआ तो वह इस मंदिर को नहीं तोड़ेगा। अगली सुबह जब लोग मंदिर गए तो सभी दंग रह गए। मंदिर का द्वार पूरब से पश्चिम दिशा में हो गया था। इसके बाद औरंगजेब देव सूर्य मंदिर को छोड़कर चला गया।

# इंसान पहचाना जाता है अपनी संगति से: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** दुष्ट व्यक्ति भी सत्संगति पाकर सुधर जाते हैं। जैसे पारस के स्पर्श से लोहा भी सोना बन जाता है। अध्यात्म के क्षेत्र में सत्संग का अत्यंत महत्व है। सत्संग से हमारे जीवन में विवेक जागृति होता हैं। सत्संग आनंद व कल्याण का मूल है। तभी तो सत्संग के बगैर विवेक जागृति नहीं होता और शुभ योग के बिना सत्संग नहीं मिलता। सत्संग आनंद व कल्याण की बुनियाद है। सत्संग से हृदय की मलिनता दूर होती है। अंतर्मन में झांकने की प्रेरणा मिलती है। सत्संग हमारे अंतःकरण को शुद्ध करता है और सत्पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 तुलसी सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा ज्ञानवान व्यक्तियों की संगति से बुराइयां पहले छिपती हैं और फिर धीरे-धीरे समाप्त हो जाती हैं। ज्ञान ईश्वर है ठीक वैसे ही जैसे आप यदि उजाले मे है, तो अंधेरा आपको छू नही सकता और जहां तक दानव की बात है, वह तो अंधेरे मे ही रहते हैं। जैसे ही आप प्रकाश से दूर होते है तो अंधकार घेर लेता है और वह हावी हो जाता है। इसका यही तात्पर्य



है कि प्रकाश ही सकारात्मक है और अंधकार नकारात्मक। इंसान का जीवन तरह की सजगता और विचारो से चलता रहता है। एक और पशुता और द ूसरी और संत की प्रवृत्ति का हो सकता है। इन्ही दोनो के बीच मे दानव और मानव है, जो द्धंद भी है और यह फैसला आपका है कि आप क्या चाहते हैं।

मनीषीश्रीसंत ने अंत में फरमाया- मानव को ज्ञानी व तेजस्वी लोगों की संगति करनी चाहिए। मानव सामाजिक प्राणी है। कहते हैं कि मनुष्य अपनी संगति से पहचाना जाता है। मानव की संगति जैसी होती है वह धीरे-धीरे वैसा ही बन जाता है। अज्ञानी का संग मानव के व्यक्तित्व व चरित्र का पतन करता है। वहीं ज्ञानी का साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व का उन्नयन करता है। एक धर्म-ग्रंथ में लिखा है कि मनुर्भव यानी मनुष्य बनें। मनुष्य बनकर यह भी आवश्यक है कि हम स्वयं को उठाएं, गिराएं नहीं। ज्ञानी व सदाचारी का साथ उन्नति में सहायक है। सत्य यानी सत्य, संग का आशय है साथ। सत्संग का अर्थ है-सत्य का साथ। सत्य का साथ हमें सत्पथगामी के साथ रहने से ही मिलेगा। जब हम सत्संग में ईश्वर की आराधना करते हैं तो उन भजनों में जब हम मन से डूब जाते हैं तो कई क्षण ऐसे आते हैं कि हम ईश्वर तत्व का अनुभव कर लेते हैं और समाधिस्थ हो जाते हैं।

## चंडीगढ सांसद मनीष तिवारी ने मनीषीसंत से लिया आशीर्वाद

**चंडीगढ।** चंडीगढ़ से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी से आज मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमारजीआलोक ने शिष्टाचारक मुलाकात की। इस दौरान श्री तिवारी ने मनीषीसंत से आर्शीवाद प्राप्त करते हुए कहा मनीषीसंत ने ट्राईसिटी में जो अध्यात्मिक लहर पैदा की है उसका कोई सानी नही है।

मनीषीसंत किसी परिचय के मोहताज नही है। ट्राईसिटी व पंजाब मे मनीषीसंत ने अनेकता मे एकता का जो संदेश दिया है उससे हर धर्म, संपद्राय के लोगो मे मिलवर्तन व प्यार बढा है।उन्होने कहा मनीषीसंत के तप और त्याग को मै नमन करता हूं।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान ने बेटियों के प्रति समाज की बदली सोच: प्रवीण कुमारी

अभियान के दस साल पूरे होने पर छोटूराम धर्मशाला में किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाड़ी सुपरवाईजरों व वर्करों को अभियान को सफल बनाने की दिलाई गई शपथ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पानीपत की धरती से शुरू किए गए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान ने बेटियों के प्रति समाज की सोच को बदला है। जहां पहले लोगों अपनी बेटियों को बाहर भेजने व पढाने व खेलों में भेजने के लिए कतराते थे लेकिन आज इस अभियान ने समाज की सोच को बदला है और आज का समाज बेटियों को अपना सम्मान व अभिमान मानकर उनके आगे बढने् में पूरा सहयोग करता है, जिससे



बेटियां आज खेल, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रही हैं।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छोटूराम धर्मशाला में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभाग की परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाड़ी सुपरवाईजरों व वर्करों को अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलाई और आह्वान किया कि जिला में लिंगानुपात को बढ़ाने में आंगनवाड़ी वर्करों की अहम भूमिका होती है क्योंकि उसे ही गांव के बारे में पता रहता है कि गांव की कौन सी महिला गर्भवती है, गर्भवती महिला के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के साथ-साथ इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं कोई गर्भपात तो नहीं करवा रहा है। अगर आपको कहीं भी भ्रूण हत्या करने वालों के बारे में पता चलता है तो तुरंत उनके खिलाफ कार्रवाई करवाने में सहयोग करें ताकि भ्रूण हत्या करने वालों पर शिकंजा कसा जा सके। कार्यक्रम के दौरान विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण किया गया।


उन्होंने कहा कि जब 2015 में इस अभियान की शुरूआत की गई उस समय हरियाणा अपने लिंगानुपात और बेटियों की स्थिति को लेकर चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा था।

# इंद्रियातित आनन्द ही सच्ची खुशी है

हर मानव के लिए जरुरी है कि आनन्द बना रहे। Blissful state of mind हो। जैसे कहते हैं कि Bliss is the true happiness beyond the senses (आनन्द ही सच्ची खुशी है जो इंद्रियातीत है) सच्ची खुशी तभी महसूस होती है जब हम आनन्द की अवस्था मे होते हैं। आनन्द प्रभु की भक्ति से प्राप्त होता है । यह तब भी कायम रहता है जब जीवन में हम कभी दुखों में घिरे होते हैं। क्या पीड़ा के समय कोई खुश रह सकता है? पीड़ा के समय कोई भी खुश नहीं हो सकता। लेकिन तब भी खुशी का एक अलग स्वरूप होता है जिसे आप अनुभव कर सकते हैं। वह आनन्द है। वही सच्ची खुशी है। सन्त महात्मा क्यों सदैव खुश रह पाते हैं? आप कबीर जी से पूछिए कि आप बड़ी सुविधापूर्ण इमारत में तो नहीं रहते । आपके परिवार में अनेको प्रकार के अभाव भी हैं तो भी आप प्रसन्न हैं। झोपड़ी मे रहने वाले कबीर जी हैं, शबरी भी झोपड़ी में रहने वाली है, उसके पास बहुत साधन नहीं है लेकिन फिर भी वह आनन्द बना हुआ है । Blissful state of mind जिसकी हो पाती है उसी की अवस्था होती है कि-

जो नरु दुख में दुखु नहीं मानै।
सुख सनेहु अरु भै नहीं जाकै कंचन माटी मानै।

न निन्दा न यश। इन सबसे ऊपर उठकर जीवन जीता है । ये जो स्रोत है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

आनन्द का, ये जो परमात्मा है, इसके साथ यह मन का नाता हमेशा जुड़ा रहे। इसकी तरफ अगर ध्यान देते हैं तो चलायमान होते हुए भी ठहराव बना रहता है लेकिन चलायमान की तरफ ध्यान रहता है तो जो ठहरा हुआ है उसको भी हम चलायमान मानकर चलते हैं। कभी आप अनुभव करें, कभी आप किसी रेलगाड़ी में बैठे हुए हों और वह प्लेटफार्म पर खड़ी हुई हो। साथ दूसरी पटरी पर एक और भी है । खिड़की से बाहर हम देख रहे हैं तो लगता है जैसे वही रेलगाड़ी चल रही है, जिसमें हम बैठे हैं । होता यह है कि बराबर में खड़ी रेलगाड़ी चलती है, लेकिन महसूस होता है कि हमारी रेलगाड़ी चल पड़ी है। ज्यों ही प्लेटफार्म की तरफ गर्दन घुमाकर देते हैं तो कहते हैं कि Train तो चल नहीं रही है, ये तो खड़ी हुई है। यानि कि चलायमान की तरफ देखते हैं तो आत्मा भी भ्रम में आ जाती है।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 23 जनवरी, 2025, सूर्योदयः 07:13 ए एम, सूर्यास्तः 05:53 पी एम, चन्द्रोदयः 02:34 ए एम, जनवरी 24, चन्द्रास्तः 12:23 पी एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः गुरुवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः नवमी - 05:37 पी एम तक, नक्षत्रः विशाखा - 05:08 ए एम, जनवरी 24 तक, योगः गण्ड - 05:07 ए एम, जनवरी 24 तक, करणः गर - 05:37 पी एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 06:36 ए एम, जनवरी 24 तक, सूर्य राशिः मकर, चन्द्र राशिः तुला - 10:32 पी एम तक, राहुकालः 01:53 पी एम से 03:13 पी एम, गुलिक कालः 09:53 ए एम से 11:13 ए एम, यमगण्डः 07:13 ए एम से 08:33 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 12:12 पी एम से 12:54 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:46 ए एम से 11:29 ए एम, दुर्मुहूर्तः 03:02 पी एम से 03:45 पी एम, अमृत कालः 07:24 पी एम से 09:10 पी एम, वर्ज्यः 08:46 ए एम से 10:32 ए एम।

## भविष्य फल



**मेषः** बेहतर जिन्दगी के लिए अपनी सेहत और व्यक्तित्व में सुधार लाने कि कोशिश करें। ग्लानि और पछतावे में वक्त बर्बाद न करें।

**वृषभः** आज अपनी सेहत के चिंता करने की कतई जरूरत नहीं है। आपके आस-पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे व सराहेंगे।

**मिथुनः** आउटडोर खेल आपको आकर्षित करेंगे- ध्यान और योग आपको फायदा पहुँचाएंगे। काम-काज में जरूरत से ज्यादा तनाव के चलते परिवार की जरूरतों और इच्छाओं को दरकिनार न करें।

**कर्कः** अच्छी सेहत के लिए दूर तक पैदल घूमें। व्यापार में मुनाफा आज कई व्यापारियों के चेहरे पर खुशी ला सकता है।

**सिंहः** व्यापार में मुनाफा आज कई व्यापारियों के चेहरे पर खुशी ला सकता है। आज आपको अपने होशियारी और प्रभाव का उपयोग संवेदनशील घरेलू मुद्दों को हल करने के लिए करना चाहिए।

**कन्याः** मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते वक्त आपको हिम्मत और मजबूती दिखाने की जरूरत है।

**तुलाः** किसी झगड़ालू इंसान से वाद-विवाद आपका मूड खराब कर सकता है। समझदारी से काम लें और अगर संभव हो तो इससे बचें, क्योंकि किसी भी तरह का विवाद आपके लिए मददगार नहीं रहेगा।

**वृश्चिकः** आपकी ओर से समर्पित दिल और बहादुरी का जज्बा आपके जीवन-साथी को खुशी दे सकता है। आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए।

**धनुः** आपको अपनी सेहत के प्रति ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है, खास तौर पर रक्तचाप के मरीजों को।

**मकरः** दूसरों के साथ खुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा।

**कुंभः** अनजाने ही आपका नजरिया किसी की भावनाओं को आहत कर सकता है। आज आप अपना धन धार्मिक कार्यों में लगा सकते हैं ।

**मीनः** जिंदगी की ओर उदास नजरिया रखने से बचें। आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा।

# नेशनल हाईवे 44 पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** बुधवार को भीगान टोल प्लाजा नेशनल हाईवे 44 पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत, नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सोनीपत के परियोजना निदेशक जग भूषण सिंह, टीम लीडर जेके जैन, मुकेश कुमार और एनएक्सटी इंफ्रा के अधिकारी एसके घोष, समीर विज, एन का बाबू, किशोर शरद, राहुल सिंह एवं मार्को लाइन से आनंद घनघस एवं सहकर्मीयों की उपस्थिति में वाहन चालकों और भिगान टोल प्लाजा के आसपास के आम नागरिकों का निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। एवं इस निशुल्क जाँच शिविर में निशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया.इस दौरान परियोजना निदेशक ने कहा कि हमें अपनी आंखों के साथ संपूर्ण स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बढ़ती उम्र के साथ आंखों की रोशनी धूमिल पड़ने लगती है, जिसके लिए नियमित जांच करवानी चाहिए। आंखों की पूरी उम्र जरूरत रहती हैं। हमे आंखों की बहुत अधिक केयर करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में स्वास्थ्य का बहुत अधिक महत्व हैं। अच्छे स्वास्थ्य के बिना आगे नहीं बढ़ सकते। यही कारण है कि उन्होंने यह आयोजन करवाया।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन आगे भी करवाते रहेंगे।

# मोटरसाईकिल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल नेतृत्व में थाना केयूके की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोप में सौरभ उर्फ बग्गा पुत्र राम मेहर वासी ग्रीन सिटी नरवाना को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 1 जनवरी 25 को थाना कृष्णा गेट में दी अपनी शिकायत में गौरव कुमार पुत्र राकेश कुमार वासी भालखी जिला महेन्द्रगढ ने बताया कि वह कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र में एमबीए का विद्यार्थी है।

# गन्नौर में बस अड्डा का नवीनीकरण कर बनाया जाएगा आधुनिक, राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन का भी होगा सुंदरीकरण: देवेंद्र कादियान

अगवानपुर पंचायत भवन में ग्राम पंचायत विकास योजना के लिए विशेष ग्राम सभा का आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

**गन्नौर।** अगवानपुर पंचायत भवन के प्रांगण में बुधवार को सरपंच मंजीत कुमार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना वर्ष 2025-26 की तैयारी के लिए विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि पंचायत एवं विकास विभाग से डा. नीलम छिक्कारा, एसडीएम मनीष कुमार फोगाट व नायब तहसीलदार गजे सिंह रहे। पंचायत व ग्रामीणों ने अतिथियों को बुके व पग?ी से स्वागत किया। ग्राम सभा में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने डिपार्टमेंट से जुड़ी जनकल्याणकारी



योजनाओं को ग्रामीणों से अवगत कराया और लाभार्थियों को स्कीमों का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया, अधिकारियों ने उनका समाधान करने का भरोसा दिया।

पंचायत एवं विकास विभाग से डा. नीलम छिक्कारा ने कहा कि गांव के विकास योजनाओं के क्रियाकलापों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत पंचायत में साफ-सफाई के कार्यों पर वार्ता की गई। साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम पंचायत एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। उसे साल 2026 मार्च तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा किविधायक देवेंद्र कादियान ने सबसे पहले विस चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने पर ग्रामीणों का सिर झुकाकर आभार जताया और कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार के सहयोग से हलके के विकास कार्यों का खाका तैयार किया जा रहा है। एक साल के भीतर लोगों को घर बैठे लगेगा गन्नौर में कुछ काम हो रहा है। नई तरीके से नई सोच के साथ काम किया जा रहा है। हमारा प्रयास है क्षेत्र में नई-नई योजनाओं को लेकर आना। उन्होंने कहा कि गन्नौर बस स्टैंड का नवीनीकरण कराया जाएगा, हाईवे से सटा पहला आधुनिक बस अड्डा तैयार होगा जो हर तरह की सुविधाओं से लैस होगा। इसके साथ ही गन्नौर व राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण कराने की कोशिश है। गन्नौर शहर में पीने के पानी की दिक्कत चल रही है, इसका स्थाई समाधान करने को लेकर खुब?झाल से पाइप लेन बिछा कर शहर में पानी दिया जाएगा। कादियान ने कहा कि गन्नौर को बाईपास की जरूरत है, ये डिमांड काफी पुरानी है कागज पर बाईपास परपोज्ड है, लेकिन धरातल पर काम नहीं किया। उन्होंने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया है। ऐसे बहुत से काम है जो गन्नौर की जरूरत है, उन्हें पूरा कराने में कोई कसर नहीं छो?ी जाएगी। जनता का भरोसा टूटने नहीं दूंगा। इस अवसर पर पब्लिक हेल्थ एक्सईन गौतम कुमार, पंचायती राज एसडीओ विपुल छौक्कर, कृषि विभाग अधिकारी डा. आनंद सिंह, एडीओ विनयकांत, दिनेश रापरिया, जेई नवनीत, जेई लोकेश, सतेंद्र, आंगनवाड़ह सुपरवाइजर निशा, प्रिंसिपल प्रीति, बिजेंद्र सिंह, सुरेश, पूर्व सरपंच रामंचद्र आदि मौजूद रहे।

# 68वें नेशनल स्कूल गेम्स: लॉन टेनिस में मोतीलाल नेहरु खेल स्कूल राई ने गोल्ड व कांस्य पदक किए अपने नाम

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। रांची (झारखण्ड) में खेले जा रहे 68 वें नेशनल स्कूल गेम्स में मोतीलाल नेहरु खेल स्कूल राई के नकुल और विपाशा ने लॉन टेनिस खेल में हरियाणा के तरफ से खेलते हुए स्वर्ण व कांस्य पदक जीतकर प्रदेश और स्कूल का नाम रोशन किया। 17 से 19 जनवरी तक संपन्न हुए अंडर 19 बॉयज एंड गर्ल्स नेशनल स्कूल गेम्स लॉन टेनिस में नकुल व विपाशा ने हरियाणा की टीम की तरफ से हिस्सा लिया। 68 वें नेशनल गेम्स में लॉन



टेनिस खेल में देश भर से 26 टीमों ने हिस्सा लिया।

टीम कोच विनोद शर्मा ने बताया की नकुल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र की टीम को 6-3 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया वहीं विपाशा ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का मान बढाया! कोच विनोद शर्मा ने बताया की उन्हें हरियाणा द्वारा टीम कोच नियुक्त किया गया था और इसी सन्दर्भ में उन्होंने 08 जनवरी से 13 जनवरी तक फरीदाबाद में स्पोर्ट्स कोम्प्लेअक्स में कैंप का आयोजन भी किया गया था।

# विभिन्न श्रेणियों के लिए 3 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित: डॉ. मनोज कुमार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय सेवा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण /सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत / सर्वश्रेष्ठ गैर सरकारी संगठन को पुरस्कार देने के लिए आगामी 03 फरवरी तक पोर्टल दोबारा खोला गया है। इस दौरान संबंधित व्यक्ति/संस्थाएं 03 फरवरी 2025 तक आवेदन कर सकती है। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 10 श्रेणियों सेंटेनेरियन, सर्वोत्तम माता, साहस व बहादुरी पुरस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, वरिष्ठ पेंटर, वरिष्ठ मूर्तिकार, वरिष्ठ संगीतज्ञ/गायक, नृत्यक, वरिष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार की प्रत्येक श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार के लिए 30 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के लिए 20 हजार रुपए की राशि दी जाएगी।

# नगर निगम के सामान्य सदन की बैठक को बीता साल

पार्षदों में रोष आखिर नगर निगम तय नियमों पर क्यों नहीं चल रहा है

कांग्रेसी पार्षदों ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर शीघ्र बैठक बुलाने की मांग की

अर्थ प्रकाश /आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** नगर निगम की सामान्य सदन की बैठक को लगभग एक साल होने को है। गत वर्ष 2024 के फरवरी महीने में बैठक बुलाई गई थी। अब फिर से फरवरी में बैठक बुलाए जाने पर विचार किया जा रहा है। उधर, नगर निगम की बैठक के साथ साथ सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव का इंतजार कर रहे कांग्रेसी पार्षदों में रोष है कि आखिर नगर निगम तय नियमों पर क्यों नहीं चल रहा है? परिणामस्वरूप, महत्वपूर्ण विकास एजेंडे, बिना किसी ठोस चर्चा या बहस के, सदन की बैठकों के बजाय वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठकों या अन्य बैठकों में अनुमोदित कर दिए जाते हैं।

पड़ोसी शहर चंडीगढ़ की तरह यहां भी कम से कम महीने में एक बार बैठकें होती हैं, लेकिन यहां स्थानीय नगर निकाय के लिए बैठक आयोजित करने में एक साल भी कम समय लगता है। आम सदन की बैठकों से पहले विकास के एजेंडे तैयार किए जाते हैं और उन्हें सार्वजनिक किया जाता है। बैठकों से पहले एजेंडा सत्ताधारी और विपक्षी दोनों दलों के पार्षदों के पास जाता है। इस प्रकार, जनता के साथ-साथ पार्षद भी शहर में किए जाने वाले विशेष कार्यों या मुद्दों के बारे में अपने विचार या फीडबैक दे पाते हैं।

हालांकि, किसी भी बैठक के अभाव में, एजेंडा को बंद कमरे में बैठकों में मंजूरी दी जाती है। वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद सलीम डबकौरी का कहना है कि यह लोकतंत्र की हत्या है। जब सदन की कोई बैठक नहीं होनी है, तो एमसी किस लिए है? फरवरी 2024 में आखिरी सदन की बैठक हुई थी।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले हमने कांग्रेस के सभी पार्षदों की ओर से एमसी कमिश्नर को बैठक आयोजित करने के लिए पत्र भी दिया था। लेकिन उसके बाद भी अभी तक कुछ नहीं किया गया। सदन की बैठकें एमसी का अहम हिस्सा होती हैं क्योंकि यहीं पर निर्वाचित प्रतिनिधि चर्चा करते हैं, बहस करते हैं और शहर के विकास से जुड़े मुद्दों पर फैसला लेते हैं। लेकिन भाजपा को अपने हिसाब से एजेंडा तय करना सुविधाजनक लगता है।




### चुनावों के चलते सदन की बैठक में होती गई देरी

सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी ओर से तर्क दिया कि यह चुनाव का साल है। लोकसभा के बाद राज्य विधानसभा चुनाव थे। इसलिए बैठकें नहीं हो सकीं। मेयर कुलभूषण गोयल ने दावा किया है कि सदन की बैठक फरवरी में होगी। गौरतलब है कि एक साल में प्रदेश में दो बार आचार संहिता लगने के कारण सभी सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं पर रोक लगी रही।

### सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर चुनाव पर अभी तक कोई फैसला नहीं

नगर निगम के नए सदन के चुनाव को चार साल से ज़्यादा हो गए हैं, लेकिन पंचकूला अपने सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का इंतज़ार करता रहा, लेकिन कोई फ़ायदा नहीं हुआ। सत्ताधारी भाजपा इसके लिए चुनाव कराने में विफल रही। दिलचस्प बात यह है कि नवंबर में निगम के सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव आखिरी समय में स्थगित कर दिए गए थे, क्योंकि कथित तौर पर रिटर्निंग ऑफिसर सिमरनजीत कौर बीमार पड़ गई थीं। तब से, चुनाव की तारीख़ की घोषणा नहीं की गई।

## श्रम मंत्री से नहीं आया बातचीत का न्यौता, निर्माण मजदूर 28 को करेंगे प्रदर्शन

**पंचकूला (अप्रस)।** भवन निर्माण कामगार यूनियन द्वारा 28 जनवरी को श्रम मंत्री अनिल विज के निवास अम्बाला कैंट में प्रदर्शन किया जाएगा। हरियाणा के राज्य सचिव लच्छी राम शर्मा ने बुधवार को कहा कि कामगार कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए अभी तक श्रम मंत्री की ओर से बैठक का निमंत्रण नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पांच सदस्यीय कमेटी 15 गत जनवरी को अम्बाला कैंट में श्रम मंत्री आवास पर मंत्री के दोनों पी ए से मिले थे जिसमें उन्होंने आश्वाशन दिया था कि शीघ्र ही मंत्री जी से मिलने का समय दिलवाया जाएगा। लेकिन आज एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई भी बातचीत का समय नहीं मिला है। इसीलिए यूनियन ने यह फैसला किया है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन को लेकर गांव गांव जाकर तैयारी चल रही है और हर गांव से निर्माण मजदूरों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड के अधिकारी अपनी मनमर्जी कर रहे हैं। निर्माण मजदूरों के कन्यादान छात्र वृत्ति के भरे फार्मों को रिजेक्ट कर रहे हैं। निर्माण मजदूरों के नए पंजीकरण नहीं हो रहा है जिनका पहले से हो रहा पंजीकरण को 6 महीने से अपरूव नहीं किया जा रहा है। जिससे निर्माण मजदूरों में रोष है और आने वाली 28 जनवरी को हजारों की संख्या में प्रदेश भर के निर्माण मजदूर श्रम मंत्री अनिल विज के निवास अम्बाला कैंट में इक्ठा होकर प्रदर्शन करेंगे।

# मुख्यमंत्री से अर्बन हेल्थ सेंटर के विस्तार की मांग

आरडब्ल्यूए ने पत्र लिखकर बताया केरोसिन पंप के सालों से खाली पड़े प्लॉट को स्वास्थ्य विभाग को सौंपा जाए


अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** सेक्टर 16 स्थित अर्बन हेल्थ सेंटर (यूएचसी) में मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ रही है। ऐसे में यहां आने वाले मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में पर्याप्त जगह नहीं होने से परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थानीय रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर यूएचसी का विस्तार करने की मांग की गई है। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल मल्होत्रा ने कहा है कि यूएचसी की दीवार से सटा केरोसिन पंप का प्लॉट सालों से खाली पड़ा हुआ है। मरीजों की मांग को देखते हुए पंप के प्लॉट को स्थानांतरित कर इस पर यूएचसी भवन का विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि सेक्टर-16 के लिए एक डीएमसी प्रस्तावित है। इससे यूएचसी में भीड़भाड़-भूमि और भवन की कमी को कम करने में मदद मिलेगी और एक स्वतंत्र लैब स्थापित करने में भी सुविधा होगी जो सीएच-6 की लैब में भीड़ के बोझ को कम करने में भी मदद करेगी। यूएचसी की वर्तमान प्रयोगशाला भी एक बहुत छोटे कमरे में चल रही है, जहां प्रयोगशाला उपकरण भी ठीक से नहीं रखे जा सकते हैं।

वर्ष 2013 में, स्वास्थ्य विभाग ने इस भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया था, जिसका निर्माण केवल डिस्पेंसरी के लिए किया गया था और शहरी स्वास्थ्य मिशन की योजना के तहत आवश्यक संख्या में पदों को मंजूरी भी दी गई थी ताकि घनी आबादी वाले गांव बुडनपुर और राजीव कॉलोनी और इंदिरा कॉलोनी जैसी झुग्गियों के गरीब लोगों के अलावा सेक्टर 9, 15, 16, 17 और 18 के निवासियों की जरूरतों को पूरा किया जा सके। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में शहरी स्वास्थ्य केंद्र ने 2014 से भवन में अपना काम करना शुरू कर दिया। स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार गठित स्वास्थ्य कल्याण समिति (एसकेएस) के माध्यम से आरडब्ल्यूए सदस्य भी शामिल हैं। इसके बाद, अस्पताल की ओपीडी को वापस स्थानांतरित कर दिया गया। यूएचसी के प्रमुख स्थान और पंजाब और चंडीगढ़ की आम सीमाओं के निकट होने के कारण यहां मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती चली गई।

जब से यूएचसी ने काम करना शुरू किया है, तब से भवन की कमी महसूस की जा रही है और इसलिए एसएमओ और आरडब्ल्यूए अतिरिक्त भूमि के आवंटन और भवन के विस्तार के लिए उच्च अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं, जिसके अभाव में स्वास्थ्य विभाग को मौजूदा सेवाओं को ठीक से चलाने और पहले से स्वीकृत स्वास्थ्य सेवाओं को जोडने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इससे यहां तैनात कुशल और समर्पित कर्मचारियों की दक्षता भी बाधित होती है।

### हरियाणा केरोसिन मुक्त राज्य, प्लॉट स्थानांतरण आवश्यक



आरडब्ल्यूए के महासचिव सुभाष पपनेजा ने कहा कि हरियाणा अब केरोसिन मुक्त राज्य है। एसएमओ और आरडब्लूए सदस्यों ने यूएचसी की चारदीवारी से सटे केरोसिन पंप के लिए निर्धारित स्थल को स्थानांतरित करने के लिए सभी संबंधित पक्षों से बार-बार प्रार्थना की। लेकिन दुर्भाग्य से, आरडब्लूए के नियमित अनुसरण के बावजूद आज तक कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, एचएसवीपी और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दें कि वे यूएचसी और आरडब्ल्यूए के इस अनुरोध को स्वीकार करें और केरोसिन पंप के लिए आरक्षित भूमि को जनहित में तुरंत स्वास्थ्य-यूएचसी को हस्तांतरित करें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### चंडीगढ़ में एसबीआई इंटर सर्कल बास्केटबॉल टूर्नामेंट



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** एसबीआई इंटर सर्कल बास्केटबॉल टूर्नामेंट 21 जनवरी को बास्केटबॉल इंडोर स्टेडियम, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 42, चंडीगढ़ में बड़े उत्साह के साथ शुरू हुआ। इस टूर्नामेंट में एसबीआई के सभी मंडलों की सत्रह टीमें भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन एसबीआई के चंडीगढ़ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक, श्री कृष्ण कुमार द्वारा सुजीत कुमार, महाप्रबंधक (नेटवर्क 2), श्री विमल किशोर महाप्रबंधक (नेटवर्क 3), व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिती में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभागी टीमों द्वारा मार्च पास्ट के साथ हुई,व इसके पश्चात मुख्य अतिथि, श्री कृष्ण कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस समारोह में भांगड़ा टीम द्वारा एक भावपूर्ण प्रदर्शन भी किया गया। खेल की शुरुआत कोलकाता और बेंगलुरु टीमों के बीच आयोजन से शुरू हुआ, जिसमें बेंगलुरु की टीम विजयी रही। पहले दिन कुल दस मैच खेले गए। फाइनल मैच 24 जनवरी को खेला जाएगा।

### सीडीओई ने रिज्यूमे लेखन और साक्षात्कार कौशल पर कार्यशाला

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** पंजाब यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर डिसटेंस एंड ऑनलाइन एजूकेशन (सीडीओई) ने जिला रोजगार कार्यालय ब्यूरो (डीबीईई), मोहाली के सहयोग से बुधवार को रिज्यूमे लेखन एवं साक्षात्कार कौशल पर एक परिवर्तनकारी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को करियर में उन्नति के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना रहा। इस दौरान सीडीओई में प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉ. रविंदर कौर ने कौशल अंतर को पाटने में कार्यशाला की प्रासंगिकता पर जोर दिया। इस कार्यशाला में 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, और अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्ति के लिए संसाधन व्यक्तियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े। कार्यशाला में उद्देश्य, प्रस्तुति, सटीकता, प्रूफरीडिंग सहित रि'यूमे लेखन के महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया। इसमें साक्षात्कार की तैयारी, प्रभावी संचार और आत्मविश्वास के साथ चुनौतीपूर्ण प्रश्नों से निपटने पर व्यावहारिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।



### किंडरगार्टन सैक्शन के बच्चों की साप्ताहिक गतिविधि

**पंचकूला (अप्रस)।** पंचकूला सेक्टर- 9 , स्थित बी.के.एम. विश्वास स्कूल के किंडरगार्टन सैक्शन के नन्हे- मुन्ने बच्चों की साप्ताहिक गतिविधि का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत किचन एक्सपीरियंस (नॉन फायर कुकिंग) में विद्यार्थियों को तीन रंगों के सैंडविच बनाने सिखाए। कक्षा अध्यापिका ने बताया इस तरह की गतिविधियों से बच्चे आत्मनिर्भर बनते हैं।





**चंडीगढ़ (अप्रस)। नगर निगम चंडीगढ़ की प्रवर्तन टीमों ने औद्योगिक क्षेत्र चरण-1 में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया और सार्वजनिक भूमि पर प्रदर्शित वस्तुओं को जब्त करने के अलावा क्षेत्र में 89 उल्लंघनकर्ताओं को चालान जारी किए।** *छाया: अजीत कौशल*

# पुलिस कमिश्नर ने 9 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य पुलिस आयुक्तालय पंचकूला ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, आम जनता को बेहतर पुलिसिंग का अनुभव देने और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम हीरो ऑफ द वीक की शुरुआत थी। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य, ने इस कार्यक्रम के तहत पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया। बुधवार को मनसा देवी पंचकूला स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में नौ पुलिसकर्मियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए पुलिसकर्मियों में उप निरीक्षक अभिषेक छिल्लर, उप निरीक्षक जगमीत सिंह, उप निरीक्षक जगदीश कुमार, उप निरीक्षक सुखविन्द्र सिंह, उप निरीक्षक गुरपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार, सहायक उप निरीक्षक राजीव कुमार, मुख्य सिपाही सुनील कुमार व मुख्य सिपाही कुलदीप शामिल है। कार्यक्रम के दौरान, पुलिस आयुक्त ने पुरस्कृत पुलिसकर्मियों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं, और मौजूदा कार्यप्रणाली में सुधार के लिए सुझाव दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को भविष्य में भी इसी तरह से बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 29 जनवरी को लगेगा रोजगार मेला

### छात्रों के लिए रोजगार प्राप्त करने का बडा अवसरः डीसी

अर्थ प्रकाश /सुनील सिंघई



**पंचकूला।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पंचकूला में 29 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में छात्रों को बडी कंपनियों द्वारा रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होने बताया कि इस रोजगार मेले में क्षेत्र की 25 बडी कम्पनियां हिस्सा लेंगी। इनमें गोदरेज मोहाली, स्वराज मोहाली, एलिना ऑटो, नैक्टर लाईफ डेराबस्सी, स्टील स्ट्रीप्स लालडू तथा अन्य कंपनियां शामिल हैं। उन्होने बताया कि कुछ सरकारी विभाग भी इस रोजगार मेले में भाग लेंगे।

उन्होने बताया कि छात्र अपने साथ अपना बायोडाटा, फोटोज तथा अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर समय पर पहुंचे। उन्होने कहा कि छात्रों के लिए रोजगार का यह बडा अवसर है, इसलिए सभी छात्र अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां रोजगार मेले में भाग लेकर अपना रोजगार प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने आईटीआई के विभिन्न टेऊ्डो से पास आउट विद्यार्थियों से भी रोजगार मेले में आकर विभिन्न बडी कंपनियों द्वारा दिए जा रहे रोजगार के अवसर का लाभ लेने की अपील की।

## सामायिक महाकुंभ संलेखना दिवस 23 मार्च को

**चंडीगढ़(अप्रस)।** आर्य वज्र स्वाध्याय संघ के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष 23 मार्च गुरुवार को संलेखना दिवस का गुरु श्रेष्ठि संलेखना अनुमोदन सामायिक महाकुंभ के नाम से आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 12.30 से 2.30 बजे तक होगा। संघ के प्रधान रामकुमार जैन और महामंत्री प्रतिभा जैन ने बताया कि वचन सिद्ध मोनी बाबा सल्लेखना आराधक गच्छाधिपति गुरुदेव सेठ श्री प्रकाश चंद्र जी महाराज पिछले 9 वर्षो से संलेखना में विराजमान है। जैन शास्त्रों में वर्णित उत्कृष्ट 12 वर्ष की संलेखना में आप 9 वर्ष की दीर्घतम संलेखना के अंदर है जो भगवान महावीर के शासन में आज तक की सर्वोत्कृष्ट संलेखना है। इस संलेखना दिवस के उपलक्ष में पिछले वर्ष 23 मार्च को पूज्य गुरुदेव सेठ जी महाराज के चरणों में सामायिक करके अपने सौभाग्य में वृद्धि की थी। इस वर्ष भी विगत वर्ष की भांति गुरु श्रेष्ठि संलेखना अनुमोदन सामायिक महाकुंभ के नाम से आयोजन किया जा रहा है।

# कोरियर के जरिए केरल भेजी जा रही ड्रग्स का मास्टरमाइंड दबोचा

क्राइम ब्रांच ने इंडस्ट्रीयल एरिया में कोरियर कंपनी के स्कैनर से पकड़ी थी 800 ग्राम चरस



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** कोरियर के जरिए हिमाचल प्रदेश से केरल भेजी जा रही चरस की भारी खेप के मास्टरमाइंड पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। कोरियर में खिलौनों में भर कर करीब 860 ग्राम चरस केरल पहुंचाई जानी थी मगर इससे पहले ही पंचकूला में इंडस्ट्रीयल एरिया की कोरियर कंपनी के स्कैनर ने इस खेप को पकड़ लिया, जिसके बाद से पुलिस मास्टर माइंड की तलाश में छापेमारी कर रही थी। सेक्टर 20 थाना पुलिस ने 8 मार्च 2024 को इस मामले में इंडस्ट्रियल एरिया फेज 1 स्थित डीटीडीसी के सिक्योरिटी ऑफिसर कुशल कुमार की शिकायत पर केस दर्ज करते हुए हिमाचल प्रदेश के आशिक राथीश, केरल के कोचीन निवासी अनूपा और अरशद नेना को नामजद किया था। क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर निर्मल सिंह के नेतृत्व में टीम ने अनूपा और अरशद नेना की तलाश में पड़ताल जारी रखी। इस दौरान पुख्ता सूचना पर टीम केरल रवाना हुई जिसके बाद आरोपी आशिक राथीश को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर पंचकूला लेकर आई जिसके बाद उसे पुलिस हिरासत में ड्रग रैकेट के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### यह था मामला

क्राइम ब्रांच की सूचना पर आबकारी एवं कराधान अधिकारी मनिषा अग्रवाल ने मौके पर पहुंच कर पार्सलों को खोला। पहला पार्सल खोलकर चेक करने पर एक एक हाथी नुमा खिलौना काले रंग का जो क्ले का बना हुआ था, के ऊपर पीले रंग से चित्रकारी की हुई थी। इसे चैक करने पर अंदर गुलाबी रंग के पोली बैग में गोली नुमा काले भूरे रंग का पदार्थ मिला। चेक करने पर यह चरस मालूम हुआ। चरस का वजन 280 ग्राम हुआ। इसके बाद दूसरे पार्सल को खोला गया तो तीन खिलौना मछलीयों को तोड़कर चैक किया गया तब उनमें छिपा कर रखा काले भूरे रंग की पदार्थ मिला। इलेकट्रानिक काटा से वजन करने पर चरस का कुल वजन 580 ग्राम था। मनिषा अग्रवाल ने इलेकट्रानिक काटा से चरस का वजन 860 ग्राम था। पुलिस ने दो पार्सलों में चरस छिपाकर सप्लाई करने के आरोप में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20-61-85 के तहत केस दर्ज किया गया था।

# जीरकपुर के नगर कौंसिल परिसर में अब नहीं होगी ट्रैफिक जाम की समस्या

### मुख्य द्वार पर दो तथा पार्किंग एरिया में दो सिक्योरिटी गार्ड तैनात

अर्थ प्रकाश /राजेश गर्ग

**जीरकपुर ।** जीरकपुर के नगर कौंसिल परिसर में अक्सर ही ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती थी क्योंकि यहां पर कई ऐसे दफ्तर है जहां पर पूरे शहर के लोगों का आना-जाना लगा रहता है, जैसे कि नगर कौंसिल दफ्तर, सेवा केंद्र, सब तहसील के अलावा कई अन्य सेवाएं लेने के लिए लोगों का आना-जाना यहां पर लगा रहता है। जिसके चलते लोग परिसर में अपने वाहन जहां पर भी जगह मिलती वहां पर लगा कर अंदर अपना काम करवाने के लिए चले जाते थे और उसके बाद वहां से अपनी गाड़ी निकालना अन्य लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता था। दूसरी ओर गेट के बाहर भी ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ जाती क्योंकि बाहर भी लोग सड़क के बीचो-बीच जहां पर भी जगह मिलती है अपनी गाड़ी लगाकर चले जाते थे।अब नगर काउंसिल में परिसर में चार सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। यह सुरक्षाकर्मी जी 9 एफ सिक्योरिटी एजेंसी की तरफ से लगाए गए हैं जिनमें से दो सुरक्षाकर्मी गेट पर तैनात किए गए हैं और दो अंदर पार्किंग एरिया में गेट पर तैनात किए गए?। सुरक्षाकर्मी गेट के बाहर तथा अंदर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलवाते हैं और पार्किंग एरिया में तैनात किए गए सुरक्षाकर्मी गाड़ियों को तथा दो पहिया वाहनों को सही तरीके से लगवाते है, जिससे लोगों को बाद में अपनी गाड़ी बाहर निकलने में कोई दिक्कत ना आए। नगर काउंसिल के इस प्रयास की वहां पर आने जाने वाले लोगों ने भारी सराहना भी की है।

# पीएम उषा योजना के तहत आईसीटी में उभरते ट्रेंड्स पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन

### एसडी कॉलेज में इंफर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक्सपर्ट डॉ. मनु सूद ने आईसीटी में नवीनतम प्रगति पर डाला प्रकाश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग की ओर से बुधवार को पीएम उषा योजना के तहत आईसीटी में उभरते ट्रेंड्स पर एक एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। इंफर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक्सपर्ट और शिक्षाविद् व हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, शिमला के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रोफेसर और डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनु सूद ने सत्र का संचालन किया। उन्होंने आईसीटी में नवीनतम प्रगति पर प्रकाश डाला, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और उद्योगों और समाज पर उनके प्रभाव शामिल हैं। डॉ. सूद ने इस बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की कि किस प्रकार ये टेक्नोलॉजिस डिजिटल परिदृश्य को नया आकार दे रही हैं तथा उन्होंने छात्रों और प्रोफेशनल्स के लिए इस तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में अपडेट रहने की आवश्यकता पर बल दिया।




# चोरियों के तीन मामले सुलझे, 4 आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस ने 1 दिन में चोरी के तीन मामलों को सुलझाते हुए 4 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। पहला मामला वर्ष 2024 के सितंबर में दर्ज हुआ था। पुलिस को शिकायतकर्ता केपीएस संधू वासी सेक्टर-12 पंचकूला ने बताया था कि वह अपने परिवार के साथ दिल्ली गया था। तब उनकी अनुपस्थिति में कोई अज्ञात शख्स घर की खिडकी तोड?र टेलीविजन व गैस सिलैंडर चोरी कर फरार हो गया था। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर 5 में मामला दर्ज कर आरोपी की जांच में जुट गई थी। अब इस मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 पंचकूला की टीम ने सहायक उप निरीक्षक करमजीत की अगुवाई में आरोपी सन्नी कुमार पुत्र बलविंदर सिंह वासी बलबीर बस्ती जिला फरीदकोट पंजाब को गुप्त सूचना के आधार पर फेज-1 सेक्टर-19 पंचकूला से काबू किया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है।



दूसरे मामले में गत 21 जनवरी में पुलिस को दी शिकायत में धीरज गांव ददेश शिमला ने बताया कि वह सेक्टर-11 पंचकूला में इमेजिन एप्पल स्टोर में काम करता है। जब वह स्टोर में ग्राहकों के साथ बातचीत कर रहा था तब स्टोर में आए दो युवकों ने मौके का फायदा उठाकर वहां डेमो के लिए रखी एप्पल घड़ी को चुरा लिया। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस थाना सेक्टर-5 में दी जिसमें दोनों आरोपियों को उसी दिन पंचकूला के रामगढ़ से काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान सोनू खान व तरूण सैनी उर्फ प्रिंस के रूप में हुई। दोनों आरोपी पंचकूला के रामगढ़ के रहने वाले है। तीसरे मामले में अमित ने शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-4 पंचकूला में अपने परिवार के साथ किराये के मकान में रहता है। वह बैटरी रिक्शा चलाता है। वह अपनी बैटरी रिक्शा को सेक्टर-5 पार्किंग में खड़ा करके किसी काम गया था। वापस आने पर बैटरी रिक्शा नहीं मिली। इस मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 अनुसंधानकर्ता सहायक उप निरीक्षक रमन कुमार ने आरोपी पुनीत कुमार उर्फ विक्की को काबू कर लिया।

### मुख्यमंत्री ने कांगड़ा में विकासात्मक परियोजनाओं की समीक्षा की

# परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने तथा लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने पर दिया बल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज जिला कांगड़ा के धर्मशाला में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को राज्य सरकार की प्रमुख परियोजनाओं (फ्लैगशिप) के क्रियान्वयन को गति प्रदान कर समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 प्रदेश सरकार के लिए 'परफॉर्मिंग ईयर' है और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करना चाहिए। उन्होंने मामलों को लम्बित रखने की प्रथा को 'डीलेड करप्शन' का नाम देते हुए इस प्रथा को समाप्त करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी विभागों को पात्र लाभार्थियों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को प्रदान की जा रही सेवाओं में गुणवत्ता बनाए रखने पर बल देते हुए सभी विभागों को आवंटित की गई धनराशि का उपयोग वित्त वर्ष के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है। जिला कांगड़ा में 8894 किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया है। प्रदेश सरकार ने 294 किसानों से प्राकृतिक खेती से उत्पादित 48.32 मीट्रिक टन मक्की की खरीद की है। उन्होंने कहा कि 'हिम-भोग' ब्रांड के अंतर्गत प्राकृतिक खेती से उगाए उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध करवाने और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए जिला के शहरी क्षेत्रों में शॉपिंग कॉम्पलैक्स में दुकान के लिए स्थान प्रदान करने को कहा।

उन्होंने कहा कि बीपीएल परिवारों के चयन के लिए मानदंड बदले जा रहे हैं, उनकी आय सीमा बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये वार्षिक की जा रही है और इस साल अप्रैल में नया सर्वेक्षण शुरू होगा। उन्होंने अधिकारियों को कांगड़ा जिला में किसानों की आय बढ़ाने के लिए ड्रैगन फ्रूट और ब्लूबेरी जैसे फलों की खेती को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इंतकाल अदालतों के माध्यम से लंबित राजस्व मामलों का समाधान कर लोगों को लाभान्वित किया है। जिला कांगड़ा में इंतकाल के 68,227 मामले, तकसीम के 5,283 मामले, निशानदेही के 6,429 मामले तथा राजस्व त्रुटियों के 1910 मामलों का निपटारा किया है।

उन्होंने कहा कि गत वर्ष प्रदेश में आई भीषण आपदा के समय प्रदेश सरकार ने प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए अपने संसाधनों से 4,500 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज प्रदान किया। कांगड़ा जिले के अंतर्गत पूरी तरह से 383 क्षतिग्रस्त घरों को वित्तीय सहायता की दो किश्तें जारी की गई और तीसरी किश्त भी जल्द जारी कर दी जाएगी।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को कांगड़ा जिले में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने और हरित पंचायतें विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में 995 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के 5602 लाभार्थी और 27 वर्ष तक के 543 लाभार्थियों को इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना में शामिल किया गया है। इसके अलावा, जिला में 1,79,162 पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रतन व मलेन्द्र राजन और वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में उपस्थित थे।



**में अत्याधुनिक उपकरण खरीदने के लिए 1500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दे रही है। स्वास्थ्य संस्थानों में अत्याधुनिक उपकरण खरीदने के लिए 1500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे ताकि प्रदेश के लोगों को घरद्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित हों। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जिला कांगड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। देहरा विधानसभा क्षेत्र के बनखंडी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का जूलॉजिकल पार्क स्थापित किया जा रहा है जिसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और यह कार्य अप्रैल, 2026 तक पूर्ण होने का अनुमान है। रक्कड़ और पालमपुर में हेलीपोर्ट के निर्माण के लिए निविदाएं इस माह आमंत्रित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, पठानकोट-मंडी और मटौर-शिमला फोरलेन राजमार्ग का निर्माण कार्य जारी है। इन सड़कों पर पांच मीटर का मध्य क्षेत्र रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री से भेंट की

## सहकारी क्षेत्र के लिए प्रदेश को उदारतापूर्ण धनराशि प्रदान करें



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री से हिमाचल प्रदेश को सहकारी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं विशेषकर प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स), राज्य कार्यक्रम प्रबंधन यूनिट (पीएमयू) एवं सहकारी प्रबंधन संस्थान (आईसीएम) इत्यादि के कम्प्यूटरीकरण के लिए धन आबंटित करने का आग्रह किया।

मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि राज्य द्वारा पहले से ही जिला ऊना के पंजावर में सहकारी प्रबंधन संस्थान के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध करवा दी गई है तथा इसकी स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि हिमाचल प्रदेश को राज्य में इस अत्याधुनिक सहकारी प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता प्रदान की जाए।

केंद्रीय मंत्री ने उप-मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि सहकारी योजनाओं और परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शीघ्र ही धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

केन्द्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि हिमाचल प्रदेश को सहकारी योजनाओं से संबंधित धनराशि के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। बैठक में राज्य में सहकारी प्रबंधन संस्थान (आईसीएम) खोलने और प्रायोगिक आधार पर महिला सहकारी हाट खोलने के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने के आग्रह पर भी विचार-विमर्श किया गया।

प्रदेश में पैक्स के कम्प्यूटरीकरण की दिशा में हुई प्रगति की विस्तार से जानकारी देते हुए, उप-मुख्यमंत्री ने बताया कि हिमाचल ने कम्प्यूटरीकरण परियोजना में विशेष प्रगति की है। इसके तहत पहले चरण में 870 प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) की पहचान की गई, जिनमें से 647 पैक्स को गो-लाइव कर दिया गया है। इस पर लगभग 18.57 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। जबकि दूसरे चरण के लिए 919 समितियों की पहचान की गई है और डिजिटलीकरण का कार्य प्रगति पर है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि शीघ्र ही सहकारिता मंत्रालय द्वारा इस संबंध में केन्द्रीय और राज्य अधिकारियों की बैठक का आयोजन कर सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

उप-मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री को राज्य में चिट्टे के खतरे और इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई के बारे में अवगत करवाया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार के नियंत्रण के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ड्रग माफिया के विरूद्ध एफआईआर रजिस्ट्रर की जा रही है और नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम 25 जनवरी को

**सोलन (अप्रस)।** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी, 2025 को जिला स्तरीय समारोह उपायुक्त कार्यालय सोलन के सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11.00 बजे आरम्भ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा करेंगे।

### शिमला में चार पशु जिंदा जले

**शिमला (अप्रस)।** शिमला के उपमंडल चौपाल की नेरवा तहसील में



गौशाला में आग लग गई। जिससे चार पशुओं की जिंदा जलने से मौत हो गई। घटना बीती रात नेरवा की ग्राम पंचायत बिजमल में हुई, जहां पवन कुमार नाम के व्यक्ति की गौशाला में अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार घटना में दो गायें, एक बछड़ा और एक भेड़ जिंदा जल गए है । गौशाला मालिक पवन कुमार के मुताबिक, उनकी गौशाला उनके घर से करीब 100-150 मीटर की दूरी पर स्थित थी। रात के समय पास की घासनी में लगी आग धीरे-धीरे गौशाला तक पहुंच गई। दूरी के कारण किसी को आग का पता नहीं चल पाया और जब तक लोगों को जानकारी मिली, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। नेरूवा के राजस्व विभाग के अधिकारी नुकसान का आकलन करने मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पवन कुमार, जो एक गरीब परिवार से हैं, को इस घटना में लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है ।

### ऊना में 10वीं की छात्रा की मौत

**ऊना (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के ऊना में साइकिल बेकाबू होकर दीवार से टकरा गई। हादसे में 16 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। जो स्कूल से घर जा रही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। हादसा अजनोली गांव में मंगलवार की शाम को हुआ है। मृतक की पहचान 16 वर्षीय छात्रा शीतल गुप्ता के नाम से हुई है। शीतल सीनियर सेकेंडरी स्कूल समूर कला में दसवीं कक्षा की छात्रा थी, शाम के समय साइकिल से घर लौट रही थी। ढलान पर उतरते समय साइकिल नियंत्रित हो गई और दीवार से जा टकराई, जिससे शीतल को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल शीतल को तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता का नाम राजीव गुप्ता हैं। ऊना के एसपी राकेश सिंह के ने घटना की पुष्टि की है।

## स्टेट बैंक बद्दी शाखा से 33 करोड़ की धोखाधड़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** सीबीआई ने हैदराबाद की एक निजी कंपनी के दो निदेशकों समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बैंक के साथ 33 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का केस दर्ज दर्ज किया है। भारतीय स्टेट बैंक की बद्दी शाखा के सहायक महाप्रबंधक की शिकायत पर सीबीआई ने एंटी करप्शन ब्यूरो शिमला में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आरोप है कि कंपनी के मुख्य प्रबंध निदेशक संधरपल्ले वेंकटैया, निदेशक गुड़लुरु मस्तान ने अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों के साथ मिलीभगत कर बैंक से धोखा किया। आरोप है कि पहले से गिरवी रखी संपत्तियों को बैंक की बिना सहमति से निपटाने और हटाने का प्रयास किया। बिक्री व पट्टे की राशि का अपने उद्देश्यों के लिए उपयोग किया और उसे उधार देने वाले बैंक (एसबीआई) के पास जमा नहीं किया। ऐसे में सरकारी खजाने को 33 करोड़ का नुकसान पहुंचाते हुए खुद को गलत तरीके से लाभ पहुंचाया। कंपनी के प्लांट और फैक्टरी औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में है और मुख्यालय हैदराबाद में है।

### पीएनबी के साथ भी 3.34 करोड़ की धोखाधड़ी

सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो शिमला ने देवांग सेल्स कॉर्पोरेशन के दो साझेदारों के साथ ही अज्ञात लोक सेवकों और अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। आरोप है कि आपसी मिलीभगत कर आरोपियों ने पंजाब नेशनल बैंक परमाणू से नकद ऋण सुविधा प्राप्त कर बैंक के साथ 3.34 करोड़ की धोखाधड़ी की है। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय राजस्थान में है। इकाई सिरमौर के कालाअंब में है। यह केस बैंक के मुख्य प्रबंधक कपिल मट्टा की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

## हिमाचल में आज-कल बारिश-बर्फबारी के आसार-23 को 6 जिलों में शीतलहर का अलर्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आज और कल प्रदेश में बारिश बर्फबारी होने की संभावना है। बीते कल से ही प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। वहीं कल से 6 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट है।

मौसम विभाग के अनुसार विशेषकर शिमला, कुल्लू, किन्नौर और मंडी जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम में बदलाव से प्रदेश के तापमान में उछाल आया है। प्रदेश में सामान्य तापमान 4 से 6 डिग्री अधिक उछाल दर्ज किया गया है। शिमला का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री पहुंच गया है, जो सामान्य से 5.6 डिग्री अधिक है। केलांग में न्यूनतम तापमान -3.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.8 डिग्री अधिक है।

**जनवरी में सामान्य से 71 प्रतिशत कम बारिश :** मौसम विभाग के अनुसार जनवरी में अब तक सामान्य से 71 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1 से 21 जनवरी के बीच केवल 14.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि इस अवधि में सामान्य बारिश 50.3 मिलीमीटर होती है। प्रदेश का औसत न्यूनतम और अधिकतम तापमान भी क्रमशः 3.1 और 2.5 डिग्री सामान्य से अधिक चल रहा है।



**कल 6 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट**

आईएमडी शिमला ने 23 जनवरी को ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी, कांगड़ा और शिमला जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। 24 जनवरी से मैदानी इलाकों में घने कोहरे की भी चेतावनी दी गई है।

## 4 माह से नहीं मिला डिपुओं में सरसों का तेल, अब फरवरी में आस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** सस्ते राशन के डिपुओं में सरसों के तेल की आपूर्ति करवाने के लिए जनवरी माह में भी टैंडर फाइनल नहीं हो पाए हैं, ऐसे में अब फरवरी में उपभोक्ताओं को सरसों का तेल उपलब्ध होगा। फरवरी माह में विभाग को 4 माह का तेल उपभोक्ताओं को देने को हो जाएगा। पिछले 3 माह से उपभोक्तओं को डिपुओं में सरसों का तेल नहीं मिला है। ऐसे में सरकार फरवरी माह में पिछले 3 महीनों का तेल उपभोक्ताओं को देगी। यह तेल टैंडर होने और सप्लाई पहुंचने के बाद ही स्पष्ट होगा। प्रदेश भर में उचित मूल्य की दुकानों में उपभोक्ताओं को तेल अंतिम बार अक्तूबर महीने में मिला था और इसके बाद से डिपुओं में उपभोक्ताओं को सरसों का तेल नहीं मिला है। प्रदेश में कुल राशन कार्ड धारकों की संख्या 19.65 लाख के करीब है।

हालांकि ईकेवाईसी न करने से अभी तक 2.65 लाख राशन कार्डों को अस्थायी तौर पर ब्लॉक किया जा चुका है, लेकिन सरकार की सख्ती के बाद प्रदेश में ईकेवाईसी कराने को लेकर तेजी आई है। इसके चलते 19 लाख से अधिक परिवारों को फरवरी महीने में 4 महीने का कोटा उपलब्ध कराने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को करीब 1.20 करोड़ लीटर सरसों के तेल की जरूरत होगी।

**4 जनवरी को खुला था टैंडर, लेकिन सरकार से नहीं मिली मंजूरी**

जनवरी में 3 महीने के तेल का कोटा एक साथ मिलने की उम्मीद थी, जिसके लिए 4 जनवरी को तेल का टैंडर भी खुल गया था। इसके बाद तेल का रेट अप्रूव करने का मामला सरकार को भेजा गया है, लेकिन अभी तक सरकार ने रेट अप्रूवल को लेकर अपनी मंजूरी नहीं दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इन दिनों कांगड़ा प्रवास पर हैं। 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री का शिमला लौटने का कार्यक्रम है।

### डिग्री कॉलेज ऊना में आयोजित होगा 15वां जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**ऊना (अप्रस)।** जिला में 25 जनवरी को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जिला, उपमंडल व बूथ स्तर पर किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन राजकीय महाविद्यालय ऊना में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम रहेगी, जिसका मूल उद्देश्य 18 वर्ष पूर्ण व इससे अधिक की आयु के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के साथ निर्वाचनों में सभी मतदाताओं की भागीदारी को अधिक से अधिक बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता दिवस की थीम पर आधारित रंगोली, गायन, नाटक सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

## एक निजी स्कूल के अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन ।** शहर से गुजरते चंडीगढ़- शिमला नेशनल हाईवे पर प्रशासनिक टीम ने बुधवार को एक निजी स्कूल के अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। स्कूल प्रबंधन ने करीब 400 वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया था। उसे एसडीएम सोलन के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने जेसीबी मशीन लगाकर हटा दिया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम के साथ मौके पर एनएचएआई, नगर निगम, लोक निर्माण, राजस्व विभाग के अधिकारी और पुलिस बल तैनात रहा।

लोगों की शिकायत पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने यह कार्रवाई की। इससे पहले गुरुकुल स्कूल प्रबंधन को अतिक्रमण को स्वयं हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने इस समय अवधि में अतिक्रमण को नहीं हटाया। इस पर बुधवार को प्रशासनिक टीम मशीन लेकर मौके पर पहुंची और अतिक्रमण को हटा दिया।

लोगों का कहना है कि एनएच-5 के साथ सटे इन दोनों निजी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक बहुत चिंतित है । अतिक्रमण के कारण बच्चों को स्कूल तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। इसके कारण बच्चे में एनएच पर ही उतारने पड़ रहे हैं। स्कूल टाइम में सुबह व शाम सैंकडों की संख्या में गाड़ियां खड़ी होने के कारण एनएच की एक लेन पर जाम लग जाता है। इसे हमेशा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। यहां पर पहले गुरूकुल स्कूल है । इसके साथ ही डीएवी स्कूल है। एनएच से डीएवी स्कूल की ओर जाने वाली सड़क अतिक्रमण के कारण बहुत संकरी हो गई है। इसके अलावा दोनों ओर वाहन खड़े रहते हैं। स्कूल की बस को भी कैंपस तक पहुंचना भी एक बड़ी चुनौती है।

डीसी सोलन ने इस शिकायत का कड़ा संज्ञान लिया और एसडीएम सोलन को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। तब प्रशासन ने अतिक्रमण को हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया था। समय पर अतिक्रमण हटाने पर बुधवार को यह कार्रवाई की गई। दोनों स्कूल को जाने वाली सड़क फ्रंट में इतनी ज्यादा रिस्की है कि यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। राजस्व विभाग की इस जांच में खुलासा हुआ कि एक निजी स्कूल ने 400 वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया है। इसमें स्कूल का ग्राउंड व भवन का भी कुछ हिस्सा है। इसके कारण यह सड़क संकरी हो गई । दोनों स्कूलों के बच्चों की संख्या करीब 5000 है। पैदल स्कूल आने वाले बच्चों की सुरक्षा खतरे में बनी रहती है। स्कूल जाने के लिए उन्हें फोरलेन की एक लेन को पार करना पड़ता है। दोनों ओर से वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।



एसडीएम सोलन डा. पूनम बंसल ने कहा कि निजी स्कूलों ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया था उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने का भी समय दिया गया लेकिन ऐसा नहीं हुआ इस पर प्रशासन ने अतिक्रमण को हटा दिया है। बच्चों को ड्रॉप और पिक करने की जिम्मेदारी स्कूलों की है। नेशनल हाईवे के साथ लगते इन स्कूलों के प्रबंधन को हिदायत दी गई है कि वह नेशनल हाईवे पर बच्चों को पिक और ड्रॉप न करें। इसके साथ ही नाले के साथ बने ढारों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## सोलन में महिलाओं को दिया गया हाथ से निर्मित धुप, साबुन, मोमबत्ती को प्रमोट करने का मन्त्र

**महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का लक्ष्य**

**इससे पहले कई पंचायतो की महिलाओं को इसे बनाने का दिया जा चुका है प्रशिक्षण**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** जिला सोलन में नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही स्कीम के तहत महिलाओं को ज्वाइंट लाईबिलिटी ग्रुप यानि जेएलजी के तहत अब आर्थिक रोजगार मिलने लगा है। जिला की कई पंचायतों की ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण के बाद अब इसे प्रमोट करने का तरीका बताया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को सोलन शहर में कई महिलाओं को हाथ से बने प्रोडक्ट के बारे में प्रमोट करने की जानकारी दी गई। यह प्रोडक्ट जहां एक तरफ प्योर ऑर्गेनिक है तो वहीं दूसरी तरफ अब धीरे-धीरे मार्केट में भी इसकी डिमांड बढ़ने लगी है। यही वजह है कि अब महिलाएं घर बैठे बैठे आर्थिक रूप से मजबूत होने लगी है। जिला की कई पंचायत में महिलाओं ने नाबार्ड के तहत 50 हजार का लोन लेकर एक ग्रुप तैयार किया और उसके बाद हाथ से निर्मित धूप साबुन मोमबत्ती दूध, सहित कई अन्य प्रोडक्ट तैयार किया। जिसे अब वह बाजार में भी बेचने लगी है। इसके लिए शूलिनी माता मंदिर के पास एक वी-मार्ट भी खोला गया है। जहां आसानी से कोई भी आकर इन प्रॉडक्ट्स को खरीद सकता है। गोरतलब है की कुछ दिनों पहले मही पंचायत में भी इसका इसी का प्रशिक्षण दिया गया था। दस दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में पेंतीस महिलाओं ने भाग लिया था। उधर स्वास एनजीओ की सचिव नीलम राणा कहा की महिलाओं ने अब आर्थिक रूप से खुद को मजबूत करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा की महिलाओं को मोमबती, धूप और साबुन बनाने की विधि बताई गई। उन्होंने कहा कि बुधवार को महिलाओं को हाथ से बने प्रोडक्ट को प्रमोट करने के बारे में बताया गया है। उधर इस दौरान अर्चना ने कहा की वह वार्ड - एक देहूंघाट में वी-मार्ट खोलने जा रही है। जहां महिलाओं द्वारा हाथ से बने प्रोडक्ट्स को लोग आकर खरीद सकते हैं। इस मोके पर सृष्टि, भावना गुप्ता,नीलम चंदेल, दीप्ती शर्मा, लतिका ठाकुर, प्रिया, संतोष निधि, संजना, अर्चना ठाकुर मौजूद रही।



### विस अध्यक्ष ने किया स्कूल भवन का उद्घाटन, विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा

# भारत के पास सदियों से ज्ञान की समृद्धि रही है: हरविंद्र कल्याण

इस भवन के निर्माण पर रुपये 1.95 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई है

इस दो मंजिला भवन में 14 कमरे, छात्र-छात्राओं के लिए 6-6 शौचालय, और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए दो विशेष शौचालय बनाए गए हैं

अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरि



**घरौंडा, 22 जनवरी।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी सोच को स्मार्ट बनाने की सलाह दी और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

आज उन्होंने घरौंडा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूल भवन के नए ब्लॉक का उद्घाटन किया। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत बने इस दो मंजिला भवन में 14 कमरे, छात्र-छात्राओं के लिए 6-6 शौचालय, और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए दो विशेष शौचालय बनाए गए हैं। इस भवन के निर्माण पर रुपये 1.95 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई है।

हरविंद्र कल्याण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि घरौंडा के विद्यार्थी और शिक्षक अत्यधिक प्रतिभाशाली हैं। उन्होंने खुशी जाहिर की कि घरौंडा के विद्यार्थी स्मार्ट क्लास और नई तकनीकों के माध्यम से ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय का उदाहरण देते हुए बताया कि भारत के पास सदियों से ज्ञान की समृद्धि रही है, लेकिन विदेशी आक्रमणों ने हमारी संस्कृति और संपदा को हानि पहुंचाई।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों के पास करियर के अनगिनत अवसर हैं। उन्हें केवल पारंपरिक नौकरियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने रुझान और क्षमताओं के अनुसार करियर का चयन करना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि वास्तविक ज्ञान अर्जित करना होना चाहिए।

हरियाणा में सरकारी नौकरियां अब पूरी तरह मेरिट आधारित हैं। सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि भाई-भतीजावाद और पैसे के दम पर नौकरी पाने की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। अब केवल वही युवा सरकारी नौकरी पा सकेंगे जो प्रतियोगी परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे और मेरिट सूची में आएंगे।

हरविंद्र कल्याण ने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की और कहा कि विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए और स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जो विद्यार्थी संस्कृति से जुड़े होते हैं, वे कभी गलत रास्ते पर नहीं जाते।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि विद्यालय में नया ऑडिटोरियम जल्द ही उद्घाटन के लिए तैयार होगा। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि इसके शुभारंभ के बाद सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यार्थियों के समूहों को विधानसभा का दौरा कराकर संसदीय प्रणाली की जानकारी दी जाए।

पत्रकारों से बातचीत में हरविंद्र कल्याण ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जहां सुविधाओं की कमी है, उनकी सूची मंगवाई गई है ताकि भविष्य में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जा सकें।

इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित सभी अतिथियों ने सराहा।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता, एसडीएम राजेश सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल, बीआरसी जोगेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य इंद्रजीत कालिया, बैंक मैनेजर शशि सरान, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस दौरान आईडीबीआई बैंक द्वारा स्कूल में वाटर कूलर भी प्रदान किया गया, जिसका उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष ने किया।

## गांव पीपलथा में निकाली नशे के खिलाफ रैली, लोगों को किया जागरूक

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 22 जनवरी।** जीन्द जिले को ड्रग मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे व्यापक अभियान के तहत गांव पीपलथा के राजकीय विधालय में पुलिस अधीक्षक जीन्द राजेश कुमार के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी नरवाना अमित भाटिया ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर धूप सिहं सरपंच प्रतिनिधी कंवलजीत, सोहम सिंह नंबरदार, नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज नरेश कुमार, सिपाही ज्योति व सोनिया के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

गांव पीपलथा में पंचायत व पुलिस प्रशासन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में डीएसपी नरवाना अमित भाटिया मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उन्होंने गांव के लोगों को जागरूक किया व रस्सा कस्सी खेल का आयोजन किया गया। स्कूली छात्रों द्वारा गांव की गलियों में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली भी निकाली गई।

इस अवसर पर डीएसपी ने कहा कि आज समाज में ब?ता ड्रग्स का प्रचलन एक बड़ी समस्या है व समय रहते इस बुराई पर अंकुश लगाना जरूरी है । उन्होंने कहा इस कार्य के लिए सभी विभागों को एकजुट होकर व योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा । कहा ग्राम पंचायतो, सामाजिक संगठनों और प्रत्येक व्यक्ति को अपने-अपने स्तर पर ड्रग जैसी बुराई से समाज को बचाने के लिए काम करना होगा।

उन्होंने कहा अगर हर व्यक्ति खुद व अपने परिवार को ड्रग से बचाकर रख ले, तो यह समस्या ही नहीं रहेगी, कहीं न कहीं निरक्षरता, अज्ञान, गरीबी के कारण लोग अपने बच्चों का सही मार्गदर्शन नहीं कर पा रहे। अतः समाज को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने की भी जरूरत है । उन्होने कहा कि नशे की डिमांड को नियंत्रित करने के लिए जो प्रयास किया जा रहे हैं उसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। समाज से ड्रग्स जैसे बुराई को स्थाई रूप से खत्म करने के लिए तस्करों पर सख्ती के साथ-साथ उसकी डिमांड साइड पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। समाज में किसी नशे की डिमांड नहीं होगी तो समाज अपने आप इस बुराई से दूर होता जायेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के दस वर्ष पूरे होने पर निकाली रैली

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास कार्यालय द्वारा स्थानीय नाथ बस्ती व वार्ड नम्बर एक में जागरूकता रैली निकाली गई। सुपरवाइजर पूजा ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि बेटा-बेटी एक समान है, भ्रूण हत्या न केवल एक गंभीर अपराध है, बल्कि यह हमारी समाजिक और नैतिक मूल्यों के खिलाफ भी है। बेटियों को गर्भ में मारना न केवल उनके जीवन का अधिकार छीनता है, बल्कि समाज के विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। भ्रूण हत्या रोकने के लिए सभी को मिलकर जागरूकता फैलानी होगी और बेटियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए संकल्प लेना होगा। उन्होंने बताया कि एक बालिका पढती है तो दो परिवार शिक्षित होते हैं, साथ ही उन्होंने यह बताया के बेटी के जन्म उत्सव पर सभी आंगनबाड़ी में बेटी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता है। बेटी है अनमोल उपहार, शिक्षा है उसका अनमोल अधिकार। इस दौरान आंगनवाड़ी वर्कर कुलविंदर कौर, अनीता, सकीना रेखा, सरोज कुमारी, नीलम सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

### वार्षिक खेल उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न



**शाहाबाद मारकंडा (अप्रस/कुलवंत शर्मा)।** आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद मारकंडा का वार्षिक खेल उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह धूम-धाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक राम करण काला, विशिष्ट अतिथि स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान राम लाल बन्सल ने झन्डा फहराकर व दीप प्रज्जवलित करके किया। विधालय प्रबन्धक समिति के उपप्रधान रविन्द्र गुप्ता, मैनेजर कुलदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, रमन कान्ता शर्मा, ज्वाइंट सैक्रेटरी विपिन चड्ढा, मधु गुप्ता, महिंद्र कंसल, प्रवीण कुमार बंसल,डा. पीयूष अग्रवाल ने मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि को बैच लगाकर व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक राम करण ने कहा कि आर्य स्कूल अपनी उपलब्धियों के लिए सुविख्यात है। उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश के कर्णधार है। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पी. टी., डम्बल, योगा, पिरामिड, भंगड़ा, गिद्धा, कॉम्बो डांस (प्राइमरी विंग), कॉम्बो डांस (हाई विंग) तथा हरियाणवी डांस प्रस्तुत कर दर्शको का मन मोह लिया। समारोह में शिक्षा व खेलकूद में उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विधार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि विधायक राम करण ने 6 लाख की अनुदान राशी प्रदान करने की घोषणा की। इस मौके पर बी.ई.ओ. डा. एस.एस. आहुजा, राम कुमार गर्ग, कपिल गुप्ता, राज कुमार गर्ग सहित स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### शाहाबाद में हुआ रैडटेप शोरूम का शुभारंभ



**शाहाबाद मारकंडा (अप्रस/कुलवंत शर्मा)।** बुधवार को लाडवा रोड पर रैडटेप शोरूम का उद्घाटन हुआ। पूर्व नपा प्रधान बलदेव राज चावला ने रिबन काटकर शोरूम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि बलदेव राज चावला ने कहा कि रैडटेप पूरे देश में ग्राहकों को सस्ते दामों पर बढि?ा कपड़े व जूते मुहैया करवाता है। उन्होंने कहा कि शाहाबाद नगर भी तरक्की की राह पर है और यहां सभी ब्रांडेड शोरूम खुल रहे हैं। रैडटेप के मैनेजर सहित स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि बलदेव राज चावला, राजेश चावला, ललित भार्गव का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर ऋषि चावला, मयंक चावला, ऋतिक चावला, बिल्ला वडैच, आकाशदीप जुनेजा आदि मौजूद थे।

### दिव्य पिंडी पर किया 51 किलो मक्खन का लेप चर्म में लोगों को किया वितरित

**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** महामाई माता बाला सुंदरी मंदिर मुलाना में मकर संक्रांति पर महामाई की दिव्य पिंड़ी पर किया गया 51 किलो मक्खन का लेप बुधवार के दिन हवन यज्ञ के पश्चात चर्म रोग दूर करने की औषधी के रूप में लोगों को वितरित किया गया। मंदिर प्रांगण में आयोजित हवन यज्ञ में मंदिर कमेटी सदस्यों ने आहुति डाली। वहीं मक्खन रूपी औषधि लेने के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगने लग गया। श्रद्धालुओं ने जय माता की जयकारों के साथ मक्खन को औषधी के रूप लिया। मान्यता हैं कि मक्खन रूपी दवाई को चमड़ी के रोगी को लगाने से उसका चर्म रोग दूर हो जाता हैं। मान्यता के चलते मंदिर में सैंकड़ों की संख्या में दुर दराज से श्रद्धालु इस औषधी को लेकर चर्म रोगों को दूर करते हैं । हर वर्ष यहां मक्खन रूपी औषधी लेने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। लोगों को माता की कृपा से मक्खन रूपी औषधी लगाने से चर्म रोगों से छुटकारा मिल रहा है। मंदिर कमेटी सचिव अशोक राणा ने बताया कि यह परम्परा मंदिर में पिछले 16 सालों से जारी है। उन्होंने बताया कि माता बाला सुंदरी मंदिर मुलाना में मकर संक्रांति पर माता की दिव्य पिंडी पर किए लेप में 6 किलो मेवा व 45 किलो मक्खन का प्रयोग किया था । जिसे बुधवार को हवन यज्ञ के पश्चात लोगों में वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि हर साल मंदिर प्रांगण में करीब 31 या 40 किलो की मक्खन से प्रतिमा बनाई जाती थी, लेकिन लोगों को पंहुच रहे फायदे व श्रद्धालुओ की बढ़ती संख्या के चलते पिछले कुछ सालों से मंदिर में 51 किलो मक्खन का प्रयोग कर रहे है। उन्होनें बताया कि इस बार मंदिर कमेटी ने 2 हजार प्लास्टिक की डिब्बी में मक्खन डालकर वितरित किया गया है।

## एनआईटी में पूर्व छात्र संगोष्ठी का हुआ उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/अमित

**कुरुक्षेत्र, 22 जनवरी।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन.आई.टी.) कुरुक्षेत्र के पूर्व छात्र प्रकोष्ठ ने सीनेट हॉल में पूर्व छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में निदेशक बी.वी. रमना रेड्डी, छात्र कल्याण के डीन प्रो. दीक्षित गर्ग, प्रभारी प्रोफेसर प्रो. प्रतिभा अग्रवाल, प्रतिष्ठित पूर्व छात्र, संकाय सदस्य और वर्तमान छात्रों की उपस्थिति ने पुरानी यादों और उत्साह से भरा एक जीवंत माहौल बनाया। अपने उद्घाटन भाषण में निदेशक बी.वी. रमना रेड्डी ने छात्रों और पूर्व छात्रों को राष्ट्र के विकास के लिए अपने बंधन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संस्थान के पूर्व छात्रों का संस्थान के प्रति गहरा लगाव है और वे विशेष रूप से संस्थान और सामान्य रूप से राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण हितधारक हो सकते हैं। वे अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों की पूर्ति के बाद एक निश्चित समय पर अपने अल्मा मेटर को कुछ वापस देना चाहते हैं। संस्थान अपने पूर्व छात्रों से, जिन्होंने संस्थान में अध्ययन किया है, ऐसे आयोजनों में भाग लेने की अपील करता है। ।

इस संगोष्ठी में उल्लेखनीय पूर्व छात्र दिनेश अग्रवाल का प्रेरणादायक भाषण था। दिनेश एन.आई.टी. कुरुक्षेत्र के एक मैकेनिकल इंजीनियर हैं। वे विनिर्माण, सेवाओं और व्यावसायिक रणनीति में 35 से अधिक वर्षों के अनुभव वाले एक अनुभवी व्यवसाय नेता हैं। वे एक प्रमाणित स्वतंत्र निदेशक और व्यवसाय सलाहकार हैं और पहले आर.आर. केबल लिमिटेड के सी.ई.ओ. के रूप में कार्यरत थे।

## नूतन वेदी स्थापना मंगल महोत्सव पर महिलाओं ने निकाली घट यात्रा

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 22 जनवरी।** श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर रेस्ट हाऊस रोड यमुनानगर के प्रांगण में भगवान श्री मुनिसुव्रतनाथ जी की नूतन वेदी की प्रतिष्ठा एवं जिनबिम्ब स्थापना का मंगल महोत्सव ब्र. सुनीता दीदी की सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर प्रधान अजय जैन ने की तथा संचालन उपाध्यक्ष मुकेश जैन व महामंत्री पुनीत गोल्डी जैन ने किया। इस अवसर पर प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा, मंडल स्थापना, ध्वजारोहण, दीप प्रवज्जनला, चित्र अनावरण, जिनवाणी स्थापना, यंत्र स्थापना एवं वेदी शुद्धि इंद्राणियों के द्वारा व अष्ट कुमारियों एवं लोकांतिक देवों के द्वारा करने के पश्चात महिलाओं के द्वारा घट यात्रा धूम-धाम से निकाली गई। ब्र. सुनीता दीदी ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों से धार्मिक प्रभावना बढ़ती है और धर्म का प्रचार होता है तथा समाज व परिवारों में अच्छे संस्कार पैदा होते है। उन्होंने बताया कि मुनि सुव्रतनाथ राजगृही नगरी में राजा सुमित्रा और रानी पद्मावती के यहां तीर्थकर के रूप में जन्म लिया। दीक्षा के 11 महीने बाद उन्हें केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई। भगवान मुनिसुव्रत स्वामी को केवलज्ञान प्राप्त होने के पश्चात् उनका समोवसरन निर्मित हुआ। मुनिसुव्रत स्वामी ने इस संसार का वास्तविक स्वरूप बताते हुए देशना दी तथा बताया कि मोक्ष कैसे प्राप्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि मोक्ष तब होता है जब ज्ञान और कर्म दोनों एक साथ होते हैं, अज्ञानता से किया गया कर्म नहीं, बल्कि देखने और जानने की आत्मा की क्रियाशीलता के साथ किया गया कर्म है। आंतरिक रूप से कर्ता और ज्ञाता के बीच एक पूर्ण सीमांकन है, कोई भी कर्म जो होता है जब ज्ञान के साथ होता है तभी वह मोक्ष होता है। मोक्ष के लिए सबसे पहले मैं कौन हूँ का ज्ञान होना आवश्यक है। इसका बोध पाने के लिए हमें मुनियों ज्ञानियों से मिलना होगा, जो हमें यह ज्ञान दे और उनके दिखाए मार्ग पर चल कर मोक्ष प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर भारी संख्या महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

## महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर-8 का हुआ भूमि पूजन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत थानेसर कुरुक्षेत्र के अंतर्गत बनने वाले महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर-8 का भूमि पूजन प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। संस्था के प्रधान ने सभी को अग्रसेन भवन के भूमि पूजन होने की बधाई दी। यह समाज की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस भवन में दो वातानुकूलित मल्टीपरपज हाल व 12 वातानुकूलित कमरे बनाए जाएंगे। इस के साथ ही फिजियोथेरेपी सेंटर एवं पैथ लैब इत्यादि चैरिटेबल कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर संस्था के महासचिव गौरव सिंगला, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार मित्तल, अशोक गर्ग, अंशुल बंसल, विनोद गर्ग, अन्य सदस्य राजेश सिंगला, मुनीष मित्तल, सुरेन्द्र गुप्ता, मुकेश मित्तल व अन्य मौजूद रहे।

## हिमगिरी स्कूल के विद्यार्थियों ने स्पोर्ट्स डे स्पर्धा में दिखाया जोश और जज्बा

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार




**समालखा, 22 जनवरी।** शहर के बापौली रोड स्थित हिमगिरी में स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के छात्रों ने विभिन्न खेलों में जैसे कि रिंग रेस, कम ओन बैक, कम ओन हेड,फ्रॉग रेस,हर्डल रेस, रिले रेस , और रस्साकशी में उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई । स्कूल के शिक्षकों ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने खेल कौशल को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बतौर विशेष अतिथि रेखा गोयल ( बीजेपी मंडल अध्यक्ष ) का स्कूल मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी ,राजबीर राठी ( रिटायर्ड Dy.D.E.O ) प्रधानाचार्य प्रमोद राठी , उप प्रधानाचार्या रितु लठवाल व स्कूल के ए.ओ रामनिवास पांचाल, चुलकाना रोड स्कूल ब्रांच इंचार्ज ज्योति कोचर ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। वही प्रिंसिपल प्रमोद राठी ने कहा, स्पोर्ट्स डे का आयोजन हमारे स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह हमारे छात्रों को अपने खेल कौशल को बेहतर बनाने और टीम वर्क की भावना को विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। वही विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है, वहीं उनके शरीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग सिर्फ शिक्षा के लिए करना चाहिए और इसका अधिकतर प्रयोग बंद करके दिन में 10 से 15 मिनट कसरत करनी चाहिए। बच्चों में खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को लेकर ही स्कूल में स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ शाहिद अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## समाधान शिविरों के प्रति नागरिकों का बढ़ रहा रुझान

### बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में 9 शिकायतों पर हुई सुनवाई

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 22 जनवरी।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एसडीएम दलजीत सिंह के नेतृत्व में उपमंडल प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का लोगों को खूब लाभ मिल रहा है। शिविर में एसडीएम विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। उपमंडल प्रशासन की इस पहल को लेकर नागरिकों की काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है और प्रशासन के इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं।

एसडीएम ने बताया कि समाधान शिविरों में प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं और शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए तुरंत आवश्यक कार्रवाई करते हैं। बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल 9 शिकायतें/समस्याएं प्रार्थियों द्वारा रखी गई, जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान कर दिया गया । एसडीएम ने कहा कि शिविरों के माध्यम से आने वाली सभी शिकायतों पर गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करें ताकि लोगों को समस्याओं से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तर पर नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

एसडीएम ने बताया कि समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों को नंबर अलॉट किया जाता है व इसकी प्रोपर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। सभी विभागों द्वारा जिन शिकायतों का समाधान किया जाता है उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। समाधान शिविर में बीडीपीओ जितेंद्र चौहान, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ हरिओम नरवाल, राजस्व विभाग से सुनील कुमार कानूनगो, तहसील कल्याण अधिकारी संतरो देवी, जन स्वास्थ्य विभाग के जेई तरसेम लाल, सिंचाई विभाग के जेई विक्रम सिंह, नगर परिषद के जेई कपिल, सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी राकेश, क्रीड विभाग से सुरेश नैन व नितिन, जिला समाज कल्याण से सोनिया लिपिक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने सुनी जनसमस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 22 जनवरी।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बुधवार को अपने फार्म हाउस पर नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याएँ सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। सांसद श्री बराला ने नागरिकों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सांसद सुभाष बराला ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि सरकार नागरिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं को हल करना सरकार की प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर जनता के कल्याण के लिए ठोस कदम उठा रही हैं। सरकारें न केवल विकास योजनाओं को लागू कर रही हैं, बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कर रही हैं।

सांसद श्री बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार, गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के हित में कई कल्याणकारी योजनाएँ लागू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुँचाना सरकार का लक्ष्य है। केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर देश और राज्य के हर क्षेत्र में विकास को नई ऊँचाई पर ले जा रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार की नीतियों से हर वर्ग को लाभ मिलेगा और भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा ।

## अंतरजातीय विवाह पर 14 जोड़ों को मिला करीब 50 लाख रुपये का अनुदान

# हरियाणा सरकार के प्रोत्साहन से अंतरजातीय विवाह को मिला बढ़ावा: विधायक

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**समालखा, 22 जनवरी।** अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना के तहत 14 शादीशुदा जोड़ों को सवा लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि की एफडी प्रदान की। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर विधायक मनमोहन भ?ाना ने शिरकत की। जहाँ जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा, एसडीएम अमित कुमार, बीडीओ नितिन यादव ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

इस दौरान विधायक मनमोहन भड़ाना ने बताया कि उन्होंने कहा कि समाज से जात-पात के जहर को मिटाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना समाज की बेहतरी के लिए उठाया गया एक बेहतरीन कदम है। इस योजना का उद्देश्य समाज से जातिवाद का सफाया करना है। चेक वितरण करने के बाद उन्होंने वर वधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहन देने के लिए यह योजना चलाई गई है। उन्होंने वर-वधू के सुखद भविष्य की कल्पना की और कहा कि लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

**अंतरजातीय विवाह योजना की पात्रता शर्तें:** अधिकारी जयपान हुड्डा ने कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार, युवा जोड़ों के बीच अंतरजातीय और अंतर-खाप संबंधों को लेकर बढ़ती हिंसा और तथाकथित ऑनर किलिंग का सामना कर रही है, अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा देने के प्रयास में सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए इन जोड़ों को मौद्रिक प्रोत्साहन देती है। यह प्रोत्साहन केवल उन विवाहित जोड़ों को दिया जाता है, जिनमें से एक पति दलित हो तथा स्थायी रूप से हरियाणा में रहता हो। उन्होंने बताया कि सबसे पहले तो विवाह के लिए आवेदन करने वाले जोड़े को हरियाणा राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है। तभी उन्हें इस योजना के अंतर्गत संबंधित जिले से लाभ प्राप्त होगा। सिर्फ उस जोड़े या दंपती को लाभ मिलेगा जिनमें एक व्यक्ति दलित और दूसरा सवर्ण जाति का होगा। अंतर्जातीय विवाह करने वाले दंपती का यह पहला विवाह होना चाहिए अन्यथा वो इस योजना के तहत लाभ के अधिकारी नहीं होंगे।

**लाभ पाने के लिए आवश्यक दस्तावेज-** वही उपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले नाम व पते के प्रमाण पत्र (इसमें आपको अपना आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आदि को अपने नाम व पते के प्रमाण पत्र के रूप में दिखाना होगा), जन्मतिथि प्रमाण पत्र (जन्म प्रमाण पत्र, कक्षा 10 की मार्कशीट), पासपोर्ट साइज फोटो, दोनों की। जाति प्रमाण पत्र दोनों का सेल्फ-डिक्लेरेशन एफिडेविट, जिसमें बताना होगा की दोनों की ही ये पहली शादी है। विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र व संयुक्त बैंक खाते की पासबुक की प्रति इत्यादि।

महाकुम्भ से योगी ने दी 'महासौगात'

# यूपी बनेगा एयरोस्पेस का महारथी : योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सामाजिक समागम 'महाकुम्भ 2025' में जहां एक तरफ दुनियाभर के आस्थावानों का जुटान हो रहा है, वहीं प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस महाकुम्भ के जरिए सूबे को 'महा सौगात' दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को तीर्थराज प्रयागराज में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए 10 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसमें उत्तर प्रदेश को एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में 'महारथी' बनाने के उद्देश्य से नई नीति को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य है। इस नीति के लागू होने के बाद प्रदेश के 1 लाख युवाओं को सीधे-सीधे रोजगार मिलने की प्रबल संभावना है।

महाकुम्भ नगर से प्रदेश को महासौगात देने के क्रम में अन्य अहम प्रस्तावों में विदेशी कंपनियों को उद्योग स्थापित करने के लिए एफडीआई नीति में योगी कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है। इसके अंतर्गत योगी सरकार भूमि पर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। इसके अलावा यूपी औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति में भी बड़े सुधारों की तरफ योगी सरकार ने कदम बढ़ाए हैं।

महाकुम्भ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा उत्तर प्रदेश को एक अग्रणी एयरोस्पेस तथा रक्षा केंद्र बनाने पर है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी क्षमताओं, नवाचार और वैश्विक सहयोगी को गति मिल सकेगी। इस नीति का उद्देश्य यूपी में एयरोस्पेस और रक्षा (ए एंड डी) क्षेत्र को सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) में एक मजबूत, विश्व स्तरीय, उच्च प्रौद्योगिकी और कुशल ए एंड डी मैन्यूफैक्चरिंग वातावरण बनाना है। इसके अलावा ए एंड डी क्षेत्र में आधुनिकतम केंद्र विकसित करने के लिए स्टार्टअप और निवेश को भी आकर्षित किया जाएगा। यही नहीं यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा में स्टार्टअप और एमएसएमई के कौशन और क्षमता विकास के लिए ए एंड डी आधारित सामान्य सुविधा केंद्र बनाने पर भी योगी सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है। राज्य में प्रमुख ए एंड डी विनिर्माण परियोजनाओं और डीपीएसयू को आकर्षित करना, अनुसंधान को बढ़ावा देना भी इस नीति का प्रमुख हिस्सा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्ट मंशा है कि राज्य में उन कंपनियों के विकास को बढ़ावा दिया जाए जो ए एंड डी में भारत की आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण का समर्थन करती हो। इस नीति के जरिए ए एंड डी सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सॉफ्टवेयर विकास केंद्र को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। नीति के अंतर्गत अगले पांच साल में 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने के साथ ही 1 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएंगे। इस नीति के अंतर्गत ए एंड डी सेक्टर की यूनिट्स को फ्रंट एंड सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। इसमें लैंड सब्सिडी, स्टैम्प ड्यूटी एग्जम्पशन और कैपिटल सब्सिडी भी दी जाएगी। साथ ही परिवहन शुल्क पर छूट जैसी सुविधाएं भी योगी सरकार प्रदान करेगी। यही नहीं महिला उद्यमियों को इस नीति के जरिए बड़ी राहत दी जाएगी।

### एयरोस्पेस तथा रक्षा उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य

बता दें कि रक्षा मत्रालय द्वारा देश में 2025-26 तक एयरोस्पेस तथा रक्षा उत्पादन को दोगुना करके 25 बिलियन यूएस डॉलर और निर्यात को 5 बिलियन यूएस डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसा आंकलन है कि 2047 तक एयरोस्पेस तथा रक्षा विनिर्माण क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत का योगदान होगा। इसे देखते हुए रक्षा मंत्रालय की ओर से देश में दो रक्षा औद्योगिक गलियारे उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में स्थापित किये गये हैं।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर की स्थापना के लिए 166 बेड के राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, बलरामपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में नि:शुल्क हस्तांतरित करने तथा जनपद बलरामपुर में स्थापित किए जा रहे किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सेटेलाइट सेन्टर को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर में परिवर्तित किए जाने को भी मंजूरी मिली। आम जनमानस को विशिष्ट चिकित्सा सुविधा और युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर को स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, बलरामपुर में केजीएमयू के सेटेलाइट सेन्टर को मेडिकल कालेज में परिवर्तित कर उसके संचालन के लिए एमसीआई/एनएमसी मानकों के दृष्टिगत 1394 शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों का सृजन भी किया जा चुका है।

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क स्मार्टफोन वितरण के लिए योगी सरकार 25 लाख स्मार्टफोन क्रय करेगी। इसके लिए अन्तिम बिड डाक्यूमेंट पर अनुमोदन प्रदान कर दिया गया। यह योजना 5 वर्ष के लिए लागू है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4000 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया गया है। प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाए जाने के लिए स्मार्ट फोन वितरित किए जाने की यह एक अभिनव योजना है। प्रस्ताव पर अनुमोदन से प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं आईटीआई में पंजीकृत कुशल युवावर्ग तकनीकी रूप से सशक्त बनेंगे।

# एससीआर की तर्ज पर प्रयागराज-चित्रकूट व वाराणसी के लिए बनेंगे दो नए डेवलपमेंट रीजन

विजय कुमार निगम

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** प्रदेश के विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने महाकुम्भ में त्रिवेणी तट पर कैबिनेट बैठक करके विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मंत्रिपरिषद की इस ऐतिहासिक बैठक में पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों तक विकास को प्रशस्त करने के लिए स्वीकृत किये गये 'मास्टर प्लान' के अंतर्गत जहां स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर दो नए रीजन बनाए जाएंगे, वहीं दो नये लिंक एक्सप्रेसवे और गंगा और यमुना नदी पर दो बड़े पुलों का भी निर्माण किया जाएगा। इन महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी बुधवार को महाकुम्भ नगर में आयोजित कैबिनेट की बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया को दी। इस अवसर पर प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित मंत्रीपरिषद् के सभी सदस्य मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 144 वर्ष के अंतराल पर प्रयागराज में महाकुम्भ के शुभ संयोग पर महाकुम्भ नगर में मंत्रीपरिषद् की अहम बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट की बैठक में चित्रकूट, प्रयागराज, मीरजापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए कई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रयागराज-चित्रकूट डेवलेपमेंट रीजन को स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) की तर्ज पर विकसित करने का प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया गया है। यह क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा और इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में वाराणसी-विंध्य डेवलपमेंट रीजन के विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक धरोहर और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाने के लिए विशेष योजनाओं पर काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं प्रदेश की बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करेंगी और आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी।

उन्होंने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे को प्रयागराज से मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली और गाजीपुर तक विस्तार दिया जाएगा। यह नया लिंक एक्सप्रेसवे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से भी जुड़ जाएगा, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और सशक्त होगी। इसके अलावा वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र को जोड़ने के लिए नया लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा।

### कैबिनेट द्वारा स्वीकृत अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव

1. उत्तरप्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी
2.भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 20 के अंतर्गत अभियोजन निदेशालय की स्थापना के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी
3.प्रयागराज नगर निगम ,वाराणसी नगर निगम व आगरा नगर निगम हेतु म्युनिसिपल बांड निर्गत करने तथा अवस्थापना विकास निधि से क्रेडिट रेटिंग Enhancement के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने पर अनुमोदन प्राप्त किये जाने के सम्बंध में मंजूरी
4. टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से प्रदेश के 62 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो का उन्नयन व 5 सेंटर फॉर इनोवेशन, इंवेंनशन, इन्क्यूबेशन एंड ट्रेनिंग की स्थापना किये जाने के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी
5.प्रदेश के असेवित जनपद हाथरस, बागपत व कासगंज में भारत सरकार की वायबिलिटी गैप फंडिंग के अंतर्गत पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज संचालित किये जाने हेतु सफल निविदादाता का चयन किये जाने के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी
6. स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर की स्थापना हेतु 166 बेडेड राजकीय संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में नि:शुल्क हस्तातंरण किये जाने व जनपद बलरामपुर में स्थापित किये जा रहे केजीएमयू के सेटेलाइट सेंटर को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर में परिवर्तित किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी

# राजस्व मंत्री ने श्री सिटी के एमडी को किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**श्री सिटी।** सोमवार शाम को चित्तुरू जिला के सुल्लुरुपेटा जूनियर कॉलेज ग्राउंड में आयोजित फ्लेमिंगो महोत्सव के समापन समारोह में, राजस्व, स्टाम्प और पंजीकरण मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री, श्री अनगनी सत्य प्रसाद ने श्री सिटी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक डॉ. रवींद्र सन्नारेड्डी को स्मृति चिन्ह भेंट किया, जिसमें तीन दिवसीय महोत्सव की सफलता में श्री सिटी के महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता दी गई। राजस्व मंत्री ने जैव विविधता, सीएसआर और पर्यावरण संरक्षण पर श्री सिटी में प्रभावशाली कार्यशालाऐं की मेजबानी के लिए डॉ. सन्नारेड्डी की सराहना की।

उन्होंने जिला कलेक्टर के नेतृत्व में सभी आयोजन एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की। जिला कलेक्टर डॉ. एस. वेंकटेश्वर ने महोत्सव के आयोजन में श्री सिटी के अमूल्य सहयोग की सराहना की और प्रभावशाली सीएसआर पहलों के माध्यम से राजस्व सृजन, रोजगार सृजन और सामाजिक कल्याण में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। मंत्री और जिला कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए डॉ. सन्नारेड्डी ने सतत औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए श्री सिटी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने महोत्सव को जैव विविधता के प्रति सार्वजनिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने का एक अनूठा मंच बताया। कार्यक्रम में माननीय बंदोबस्ती मंत्री श्री अनम रामनारायण रेड्डी और विधायक डॉ. एन. विजयश्री, श्री सोमिरेड्डी चंद्रमोहन रेड्डी, श्री कुरुगोंडा रामकृष्ण, श्री पसिम सुनील कुमार, श्री बोज्जला सुधीर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। भव्य समापन समारोह का समापन हार्दिक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसने क्षेत्र की अनूठी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत की अमिट छाप छोड़ी।

वाईएसआर पार्टी प्रवक्ता नागार्जुन यादव ने गठबंधन सरकार की आलोचना की, कहा-

# उद्योगपतियों को धमका रहे हैं तो राज्य में उद्योग कैसे पनप सकते

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



**विजयवाड़ा।** वाईएसआर पार्टी प्रवक्ता नागार्जुन यादव ने आंध्र प्रदेश में उद्योगों के लिए प्रतिकूल माहौल बनाने के लिए टीडीपी गठबंधन सरकार की तीखी आलोचना की।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब गठबंधन के नेता और विधायक कमीशन के लिए उद्योगपतियों को धमका रहे हैं, तो राज्य में उद्योग कैसे पनप सकते हैं।

टीडीपी नेतृत्व की अनेक मार काट आगजनी जैसे माहौल पैदा करने की वजह से राज्य में निवेश करने वाले प्रमुख उद्योगपतियों को विकास से दूर कर दिया है, जिससे राज्य में निवेश में कमी आई है।

नागार्जुन यादव ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की कार्रवाइयों के कारण कडप्पा स्टील प्लांट परियोजना रुकी हुई है, जिसके कारण उद्योगपति सज्जन जिंदल को राज्य से बाहर जाना पड़ा।

उन्होंने नायडू और उनके बेटे लोकेश से माफी की मांग की और राज्य सरकार से जिंदल को राज्य में वापस लाने और 50,000 करोड़ रुपये का निवेश सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार की भ्रष्ट प्रथाओं और खराब शासन के कारण देश भर के उद्योगपति आंध्र प्रदेश में निवेश करने से डरते हैं।

यादव ने टीडीपी नेताओं पर आरोप लगाया कि वे निवेश आकर्षित करने के लिए विदेश यात्रा कर रहे हैं, जबकि उनके कार्यों से राज्य की औद्योगिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। नागार्जुन यादव ने सरकार से अपना दृष्टिकोण बदलने और जिंदल से माफ़ी मांगने का आग्रह किया, ताकि वाईएसआरसीपी के कार्यकाल के दौरान पहले से सुरक्षित निवेश की वापसी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने राज्य में मौजूदा औद्योगिक संकट के लिए नारा लोकेश को भी जिम्मेदार ठहराया।

# जगन रेड्डी ने दुर्घटना में विद्यार्थियों मौत पर दुख व्यक्त किया

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**ताडेपल्ली।** वाईएसआरसीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कर्नाटक के सिंधनूर के पास हुए दुखद सड़क हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया, जिसमें मंत्रालयम के वेद पाठशाला के तीन वैदिक छात्रों और ड्राइवर की जान चली गई।

उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और सरकार से घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार प्रदान करने का आग्रह किया।

दुर्भाग्यपूर्ण घटना तब हुई जब पीड़ित कुरनूल जिले के मंत्रालयम से हम्पी एक धार्मिक आयोजन के लिए जा रहे थे। उनका वाहन पलट गया, जिससे चार लोगों की जान चली गई।

वाईएस जगन ने दुखद दुर्घटना पर अपना दुख व्यक्त किया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने सरकार से इस कठिन समय में उनके परिवारों के साथ खड़े रहने की भी अपील की।

# किशनगंज को मिली 514 करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजना

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**पटना/किशनगंज।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज किशनगंज जिले को 514 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाएं दी। श्री कुमार ने मंगलवार को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में किशनगंज जिले के महेशबथना स्थित नवनिर्मित जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र से 514.26 करोड़ रुपये की 235 विकासा योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 151.17 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की योजनाओं का उद्घाटन तथा 363.09 करोड़ रुपये की लागत से शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने ठाकुरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पटेश्वरी स्थित ग्राम कटहलडांगी में प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास रोड संबंधी समस्याओं का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ठाकुरगंज बाईपास का निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। इस बाईपास के बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। साथ ही आसपास के इलाकों से संपर्कता बढ़ेगी। प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास की कुल लंबाई 4.01 किलोमीटर तथा चैड़ाई 10 मीटर है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 41.30 करोड़ रुपये है।

श्री कुमार ने कटहलडांगी में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन कर योजनाओं के लाभुकों के बीच लाभ का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने अभियान बसेरा-02 के तहत सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीनों को वास के लिए सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवासों की चाबी, सामुदायिक स्वच्छता परिसर की चाबी, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाबी लाभुकों को प्रदान किया।

# शिखर धवन व ओरी ने एमेजॉन एमएक्स प्लेयर को 'सर्वश्रेष्ठ ओटीटी सुपरहिट जोड़ी' का ताज पहनाया और नवाचारी ब्रांड अभियान के लिए साथ मिलाकर काम किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हाल ही में एमेजॉन द्वारा एमएक्स प्लेयर की प्रमुख परिसंपत्तियाँ के अधिग्रहण के बाद, यह सेवा भारत में मुफ्त मनोरंजन को फिर से परिभाषित करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें असाधारण पहुंच और विशाल कंटेंट लाइब्रेरी शामिल है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, स्ट्रीमिंग सेवा ने पिछले सप्ताहांत एक रोमांचक अभियान शुरू किया, जिसमें यह बताया गया कि एमेजॉन और एमएक्स प्लेयर की जोड़ी स्ट्रीमिंग क्षेत्र में 'सुपरहिट जोड़ी' है। इस अभियान में मशहूर क्रिकेटर शिखर धवन और सोशल मीडिया सेंसेशन ओर्री को एक मजेदार अभियान के लिए साथ लाया गया।

अभियान पर अपने विचार साझा करते हुए, अरुणा दरयानानी, हेड्र- मार्केटिंग, प्रोडक्ट और टेक, अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने कहा, हमारा नवीनतम अभियान सभी भारतीयों को मुफ्त में प्रीमियम गुणवत्ता वाला कंटेंट उपलब्ध कराने के अमेज़न एमएक्स प्लेयर के दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। क्रिकेट आइकन शिखर धवन और सोशल मीडिया सेंसेशन ओर्री को साथ लाकर, हमारा उद्देश्य हमारी विशाल कंटेंट लाइब्रेरी को उजागर करना है, जिसे देश भर के दर्शक बिना किसी लागत के आनंद ले सकते हैं! यह अभियान अच्छे भाव को प्रस्तुत करता है तथा बेहतरीन विषय-वस्तु, नवीन विपणन और रणनीतिक साझेदारियों की पेशकश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

शिखर धवन ने इस अभियान का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ÷मनोरंजन में, क्रिकेट की तरह, लोगों को एक साथ लाने की ताकत होती है। इस अभियान के लिए अमेज़न एमएक्स प्लेयर के साथ सहयोग करना बेहद आनंददायक था। शिखर व ऑरी स्पॉट की ऊर्जा और मज़ा कॉन्टेजियस हैं। यह देखकर अद्भुत लगता है कि एमेजॉन एमएक्स प्लेयर लाखों भारतीयों के लिए मुफ्त मनोरंजन को नए रूप में परिभाषित कर रहा है, और इस यात्रा का हिस्सा बनकर मैं बेहद रोमांचित हूं।

# मैं माधुरी दीक्षित की तरह अपने बाल काटती थी व स्टेप्स और एक्सप्रेशन्स को करती थी कॉपी

**चंडीगढ़।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का होमग्रोन फ़ॉर्मेट 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर वर्सेस सुपर डांसर- चैम्पियंस का टशन', जिसकी मेज़बानी हर्ष लिम्बाचिया कर रहे हैं, दर्शकों के लिए एक और हफ्ता शानदार डांस, मनोरंजक बातचीत और भावनात्मक परफ़ॉर्मेंस लेकर आ रहा है। टीम ओनर मलाइका अरोड़ा 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर' का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जबकि गीता कपूर सुपर डांसर के प्रतिभाशाली प्रतिभागियों की अगुवाई कर रही हैं। दिग्गज कोरियोग्राफ़र रेमो डिसूज़ा जजिंग पैनल का नेतृत्व कर रहे हैं, जो इस दमदार प्रतियोगिता में निष्पक्षता सुनिश्चित करेंगे। इस हफ्ते, शो 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर भारतीयता की भावना का जश्न मनाएगा और सम्मानित करेगा। उत्साह को बढ़ाने के लिए, शो के सेट पर सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के प्रतिभागी तेजस्वी प्रकाश, दीपिका कक्कड़, गौरव खन्ना और निक्की तंबोली पहुंचे, जिनके साथ नोरा फतेही और जेसन डेरुलो भी मौजूद थे। तेजस्वी और दीपिका सुपर डांसर का समर्थन करेंगी, जबकि निक्की और गौरव इंडियाज़ बेस्ट डांसर का समर्थन करेंगे।

इस हफ्ते, प्रतियोगियों ने चुनौतियों का सामना करने के बजाय भारत की समृद्ध विरासत से प्रेरित परफ़ॉर्मेंस दिए। टीम सुपर डांसर के तेजस और परी ने जोशीला भांगड़ा परफ़ॉर्मेंस दिया, जबकि टीम इंडियाज़ बेस्ट डांसर के प्रतीक और देबपर्णा ने 'खोया है' गाने पर एक सुंदर डांस से योग का जश्न मनाया। एक अनोखा ट्विस्ट शामिल करते हुए, सुपर डांसर के तुषार और संचित ने भारत के क्रिकेट इतिहास को समर्पित एक परफ़ॉर्मेंस दिया, जो इंडिया बनाम साउथ अफ्रीका के प्रतिष्ठित वर्ल्ड कप फाइनल्स की याद में था। वहीं, टीम आईबीडी के समर्पण ने 'ऐ वतन' गाने पर एक भावपूर्ण परफ़ॉर्मेंस देकर शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

# मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से निजात दिलाने के लिए स्टार्ट-अप एनसो ने की पहल

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल



चंडीगढ़। लोगों को जीवन और रिश्ते के मुद्दों और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों से बेहतर ढंग से निपटने में मदद करने के लिए मनोवैज्ञानिक अहम भूमिका निभा रहा है। आधुनिक युग मे मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर बात तक करने पर जहां लोग काफी संकोच करते हैं और वहीं बदनामी के डर से किसी विशेषज्ञ से सलाह तक लेने मे कतराते भी हैं।

सिटी ब्यूटीफुल में साइकोलॉजिस्ट शबाना आज़म और थिएटर पर्सनालिटी और आर्ट-बेस्ड मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट निशा लूथरा द्वारा स्थापित एक ग्राउंड-ब्रेकिंग स्टार्ट-अप एनसो मानसिक स्वास्थ्य से सम्बंधित समस्याओं से निजात दिलाने के लिए ट्राइसिटी निवासियों के लिए अत्याधुनिक सर्विसेज प्रदान करेगा।

अर्थ प्रकाश से बातचीत करते हुए निशा लूथरा ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। किसी से मदद मांगना ताकत का संकेत है न की कमजोरी का। मॉडर्न आर्ट और परफॉर्मेंस-आधारित तकनीकों को शामिल करके लोगों को मानसिक समस्याओं से निजात दिलाना ही एनसो का मकसद है।

बढ़ती आत्महत्याओं के बारे में पूछे एक सवाल के जवाब मे निशा और शबाना का मानना है कि आत्महत्या मृत्यु का एक ऐसा कारण है जिसे होने से रोका जा सकता है और वे इस मुद्दे से निपटने की योजना बना रहे हैं।

शबाना ने युवा वयस्कों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में योगदान देने वाले सामाजिक बदलावों के बारे में बताया, जिसमें संयुक्त परिवारों का लगातार टूटना, वित्तीय स्वतंत्रता में बढ़ोतरी और सोशल मीडिया का व्यापक प्रभाव शामिल है। निशा लूथरा ने एक्सीलेंस प्राप्त करने, सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप होने और सोशल मीडिया पर मान्यता प्राप्त करने के दबावों जैसे मुद्दों पर जोर दिया और कहा कि इन कारकों से युवाओं में मानसिक तनाव बढ़ता है। उन्होने कहा कि मोबाइल पर हर समय नजरें केंद्रित रखने से नींद संबंधी विकारों से लेकर ध्यान अवधि में कमी और भावनात्मक अपरिपक्वता तक, मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है।

स्टार्ट-अप मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, कॉर्पोरेट और पुलिस कर्मियों में वर्कशॉप्स आयोजित करेगा। यह कॉगनेटिव-बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी), साइकोड्रामा और आर्ट-बेस्ड थेरेपी जैसी इनोवेटिव थेरेपीज को शुरू करेगा।

ज्ञात रहे कि शबाना आज़म एक बेहद स्किल्ड साइकोलॉजिस्ट और हिदायत, होम ऑफ़ काउंसलिंग एंड थेरेपी की संस्थापक हैं; निशा लूथरा द नरेटर्स परफ़ॉर्मिंग आर्ट्स सोसाइटी की संस्थापक निदेशक हैं, और उन्होंने कॉर्पोरेट्स, स्कूलों और अत्यधिक तनावग्रस्त प्रोफेशनल्स के लिए आर्ट और परफॉर्मेंस-बेस्ड वर्कशॉप्स को ट्राइसिटी में पेश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच की सशक्त समाज के निर्माण में अहम भूमिका :भजनलाल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच की अहम भूमिका बताते हुए कहा है कि इनका समाज पर बहुत गहरा प्रभाव होता है तथा वे राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं।

श्री शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बजट में प्रत्येक वर्ग की जरूरतों का समावेश कर सभी के सुझावों का यथासंभव समाहित करेगी जिससे सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को गति मिले। उन्होंने कहा कि एनजीओ, सिविल सोसाइटी एवं उपभोक्ता मंच जैसे संगठन अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ है तथा इनके अनुभव का लाभ जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भीमराव अम्बेडकर के अंत्योदय की अवधारणा पर काम कर रही है जिसके तहत अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले तथा वे समाज की मुख्यधारा से जुड़े सके। श्री शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास राज्य की समृद्धि में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारी सरकार गांवों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के 20 करोड़ मानव दिवस को बढ़ाकर 27 करोड़ मानव दिवस किया गया है। अब तक 24 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस का रोजगार दिया जा चुका है। साथ ही योजना के तहत लगभग सभी श्रमिकों का भुगतान 15 दिन में किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। राजीविका के तहत राज्य में 20 हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों का गठन हुआ है तथा लखपति दीदी योजना के तहत 14 लाख से ज्यादा महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए हैं। राज्य सरकार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी इन महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री में सहयोग भी दे रही है।

## हरियाणा के मुख्य मार्गों पर ऑटोमेटिक सिस्टम लगाने पर किया जा रहा अध्ययन

# हरियाणा रोडवेज को बेहतर बनाने के लिए पूरे हरियाणा की कंडम बसों का होगा सर्वे : विज

प्राकृतिक संसाधन डीजल- पेट्रोल अब धीरे-धीरे समाप्ति की ओर- इलेक्ट्रिक बसों पर रहेगा पूरा बल

550 बसें खरीदने के लिए पिछले दिनों हुई हाई पावर परचेज कमेटी में मंजूरी मिली

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 जनवरी।** हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा के मुख्य मार्गों पर ऑटोमेटिक सिस्टम लगाने पर अध्ययन भी किया जा रहा है जिसके माध्यम से यह पता चल जाएगा कि अमुक गाड़ी सड़क पर चलने के लायक है या नहीं है। इसके अलावा, हरियाणा रोडवेज को बेहतर बनाने के लिए पूरे हरियाणा की कंडम बसों का सर्वे भी करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधन डीजल- पेट्रोल अब धीरे-धीरे समाप्ति की ओर है और इस धरती को प्रदूषण से बचाने पर भी हमारा जोर है इसलिए हमारा इलेक्ट्रिक बसों पर भी पूरा बल रहेगा।

श्री विज जयपुर में गत दिवस आयोजित ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में शिरकत करने के उपरांत वापसी के समय आज नांगल चौधरी में ठहराव के दौरान मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि जयपुर में ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर चर्चा और विचार विमर्श किया गया है और आज मैं इस बैठक से वापस आ रहा हूं।

मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि सुरक्षित स्कूल वाहन नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, इस संबंध में उन्होंने कहा कि हाल ही में उनके द्वारा कैथल में एक स्कूल के विरुद्ध कार्रवाई करवाई गई है। इसलिए वे सभी स्कूल संचालकों से आह्वान करते हैं कि स्कूल वाहन से संबंधित नियम के अनुसार कार्य करें अन्यथा जो मेरे शिकंजे में आ गया मैं उसे नहीं बक्शूंगा।

श्री विज ने बताया कि गत दिनों यह बैठक केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने ली थी और नितिन गडकरी जी की अपने सब्जेक्ट में पूरी मास्टरी है। इस बैठक के दौरान ओवरलोडिंग का यह मामला आया था और उसके अंदर ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के पदाधिकारी भी शामिल हुए थे। उस दौरान बैठक में मैंने स्वयं ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के पदाधिकारियों को कहा कि आपकी इतनी बड़ी एसोसिएशन है तो आप अपने लिए स्वयं नियम निर्धारित करें कि हम ओवरलोडिंग गाड़ी नहीं चलाएंगे, ओवर स्ट्रक्चर्ड गाड़ी को नहीं चलाएंगे और स्टाफ के भी ड्यूटी के घंटे निर्धारित होंगे। क्योंकि एक व्यक्ति सुबह गाड़ी पर बैठता है और 15 से 20 घंटे गाड़ी चलाता है और दुर्घटना होने की पूरी संभावना रहती हैं। इसलिए ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन कोई ना कोई सिस्टम खुद बना ले अन्यथा अगर सरकार बनाएगी तो सख्ती से लागू करेगी।

हरियाणा रोडवेज के बेड़े में बसों की खरीद को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में 550 बसें खरीदने के लिए पिछले दिनों हुई हाई पावर परचेज कमेटी में मंजूरी मिली है। इसके अलावा, पूरे हरियाणा की कंडम बसों का सर्वे भी करवा जा रहा है। वहीं , दूसरी ओर हरियाणा के मुख्य मार्गों पर ऑटोमेटिक सिस्टम लगाने पर अध्ययन किया जा रहा है जिसके माध्यम से यह पता चल जाएगा कि अमुक गाड़ी सड़क पर चलने के लायक है या नहीं है क्योंकि आमतौर पर जब गाड़ी चेकिंग के लिए जाती है और वहां पर अमुक अधिकारी किसी गाड़ी को रिजेक्ट करता है और किसी को सेलेक्ट कर दिया जाता है, यह सब खेल होता है यह सब जानते हैं। इसलिए हम इस पर भी विचार कर रहे हैं।

### ओवरलोडिंग के मामले को लेकर सभी चिंतित है

खनन क्षेत्र में ओवरलोड की समस्या को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बिल्कुल यह सही है कि ओवरलोडिंग से सड़के भी टूटती हैं, लोगों की जिंदगी भी जाती है, चोरी भी होती है और भ्रष्टाचार भी होता है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में दिल्ली में देश के सभी परिवहन मंत्रियों की एक बैठक थी, उसमें एक विचार आया है कि एक गैजेट स्थापित जाएगा जिसके ऊपर वजन आ जाएगा क्योंकि इस तरह की ओवरलोडिंग के मामले को लेकर सभी चिंतित है।

### हमारा इलेक्ट्रिक बसों पर भी पूरा बल रहेगा

इलेक्ट्रिक बसों के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी फिलहाल इलेक्ट्रिक बसें शहरों में ही है और अभी यह कुछ शहरों में है कुछ में नहीं है लेकिन हम इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा देना चाहते हैं क्योंकि जो प्राकृतिक संसाधन डीजल- पेट्रोल अब धीरे-धीरे समाप्ति की ओर है और इस धरती को प्रदूषण से बचाने पर भी हमारा जोर है इसलिए हमारा इलेक्ट्रिक बसों पर भी पूरा बल रहेगा।

### बिना परमिट और बिना नंबर की गाड़ी हरियाणा की सड़क पर नहीं चलने दी जायेगी

हरियाणा की विभिन्न सड़कों से बिना परमिट के बहुत सी स्लीपर बसें दिल्ली आती जाती हैं, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस बारे में मैंने सभी आरटीओ की मीटिंग बुलाई है। उन्होंने कहा कि बिना परमिट और बिना नंबर की गाड़ी हरियाणा की सड़क नहीं चलने दी जायेगी तथा इस बारे में मैंने अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि बिना नंबर और बिना परमिट की कोई भी गाड़ी हरियाणा की सड़कों पर नजर नहीं आनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### लायंस क्लब ने छात्राओं को किया सम्मानित



**डेराबस्सी (अप्रस/चौहान)।** लायंस क्लब द्वारा आज मुबारिकपुर में लड़कियों के प्राइमरी स्कूल में खेलों में प्रथम और द्वितीय तथा क्लास में पहले और दूसरे स्थान पर आने वाली लड़कियों को शॉल और समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। लायंस क्लब के उपप्रधान उपेश बंसल ने बताया कि लायंस क्लब द्वारा इलाक़े की उभरती शक्सियतों को सम्मानित करने की लड़ी में आज मुबारिकपुर के स्कूल की लड़कियों को सम्मानित किया इस अवसर पर लायंस क्लब द्वारा स्कूल के बचो और टीचर्स के लिये आँखों का चेकअप कैम्प भी लगाया । इस अवसर पर 300 से ज़्यादा की आँखें चेक की गई । जिन लड़कियों को चश्मे लगेंगे वो भी जल्दी लगाये जाएँगे । इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल समेत टीचर्स ने लायंस क्लब और डॉक्टर्स का धन्यवाद किया । यह ऑय चेकअप कैम्प ज्योति हॉस्पिटल ढकौली के डॉक्टर्स द्वारा लगाया गया । इस अवसर पर लायंस क्लब के प्रधान नितिन जिंदल आदि उपस्थित थे ।

### पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के तहत रीसाइक्लिंग गतिविधि आयोजित




**डेराबस्सी (अप्रस)।** डीएवी पब्लिक स्कूल, डेराबस्सी ने पर्यावरण जागरूकता और टिकाऊ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा 4 और 5 के छात्रों के लिए रीसाइक्लिंग गतिविधि का आयोजन किया। इस गतिविधि में छात्रों ने बेकार अखबारों का उपयोग करके सजावटी सामान जैसे गुड़िया, पेन स्टैंड और दीवार हैंगिंग बनाई। यह कार्यक्रम भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम का हिस्सा था। इस पहल को पंजाब राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, चंडीगढ़ द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई। डीएवी कॉलेज, जालंधर ने पंजाब के डीएवी स्कूलों के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य किया। स्कूल की प्रधानाचार्या सरिता यादव के नेतृत्व में आयोजित इस गतिविधि में छात्रों ने पुरानी और अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी और सुंदर चीजों में बदलने की अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति जागरूकता और समाधान के लिए रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम की सफलता ने डीएवी कॉलेज, जालंधर, पीसीएसटी, और डीएवी पब्लिक स्कूल, डेराबस्सी के संयुक्त प्रयासों को उजागर किया, जो पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता को प्राथमिकता देने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

# पंजाब सरकार मार्च में प्राइमरी विद्यालय शिक्षकों के दूसरे बैच को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजेगी: हरजोत सिंह बैंस

स्कूल शिक्षा मंत्री ने एस.ए.एस. नगर में स्कूल ऑफ एमिनेंस का फिनलैंड यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों के साथ दौरा किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने आज यूनिवर्सिटी ऑफ तुर्कू, फिनलैंड के विशेषज्ञों के साथ एस.ए.एस. नगर (मोहाली) के फेज 11 में स्थित स्कूल ऑफ एमिनेंस के अपने दौरे के दौरान घोषणा की कि पंजाब सरकार मार्च में 72 प्राइमरी स्कूल शिक्षकों के दूसरे बैच को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने के लिए पूरी तरह तैयार है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि 72 प्राथमिक शिक्षकों के दूसरे बैच के प्रशिक्षण के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ तुर्कू के साथ पहले ही एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस तीन सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पहले सप्ताह का प्रशिक्षण पंजाब में ही दिया जाएगा, जिसके बाद अगले दो सप्ताह का प्रशिक्षण फिनलैंड में होगा।

स हरजोत सिंह बैंस ने विशेषज्ञों, जिनमें श्री एरी कियोस्की, श्री जोएल, सुश्री मिरजामी इनोला और सुश्री सारी इसोकाइटो-सिंजॉय शामिल हैं, का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने दौरे के दौरान, शिक्षा मंत्री ने उनके सहयोग और विशेषज्ञता की सराहना की और राज्य में स्कूली शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में उनकी भूमिका के महत्व को उजागर किया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि फिनलैंड के इन विशेषज्ञों की उपस्थिति पंजाब और फिनलैंड के बीच शैक्षिक मानकों को सुधारने और बेहतरीन अभ्यासों को साझा करने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि उनकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करने और ज्ञान के सफल आदान-प्रदान को सुनिश्चित करने में सहायक साबित होगी।

स बैंस ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को प्रभावशाली प्राइमरी विद्यालय शिक्षण तकनीकों से लैस करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल शिक्षकों को कौशल और शिक्षण विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगी, जिससे न केवल उनके शिक्षण अनुभव में सुधार होगा, बल्कि कक्षा में छात्रों के परिणाम भी बेहतर होंगे। यह कार्यक्रम नवीन शिक्षण रणनीतियों पर केंद्रित है, जो आधुनिक शैक्षिक मानकों के अनुरूप हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि शिक्षक अपने छात्रों की सभी शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार हों।

इस स्कूल के दौरे के दौरान, नेशनल अवार्डी आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षक गुरप्रीत सिंह नामधारी ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विशेषज्ञों से यूरोपीय देश के नक्शे में फिनलैंड के झंडे की लाइव पेंटिंग तैयार करवाई। विशेषज्ञों की टीम स्कूल के छात्रों की कला और क्राफ्ट कौशल से काफी प्रभावित हुई।

शिक्षा मंत्री ने स्कूल के छात्रों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स के साथ विशेषज्ञों की टीम का सम्मान भी किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा निदेशक सुश्री अमनिंदर कौर बराड़, डी.ई.ओ. गिन्नी दुग्गल, स्कूल ऑफ एमिनेंस फेज 11 के प्रिंसिपल लविश चावला, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी और स्कूल स्टाफ भी उपस्थित था।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत कुवि के पांच एनएसएस स्वयं सेवक चयनित

**कैथल (अप्रस)।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए गए यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में युवा संगम फेज 5 में एक भारत श्रेष्ठ भारत लक्ष्य के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पांच छात्रों का चयन हुआ। कुवि एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि यह प्रोग्राम 21 से 29 जनवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस सांस्कृतिक आदान प्रदान के अंतर्गत विद्यार्थी मध्य प्रदेश के पर्यटन, परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और पारस्परिक संपर्क के माध्यम से बहुआयामी अनुभव मिलेगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हरियाणा के 50 प्रतिनिधि सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा महेंद्रगढ़ से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक मध्य प्रदेश के लिए 21 जनवरी को रवाना हुए। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से दर्शनशास्त्र विभाग के हर्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व विभाग के प्रदीप बेनीवाल, लोक प्रशासन विभाग से मनीष कुमार और त्रिवेणी, रसायन शास्त्र विभाग से प्रणव का चयन हुआ। प्रथम दिन सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा के कुलपति प्रो. डॉ टंकेश्वर कुमार पटके पहनाकर सभी का स्वागत किया।

## खेल स्टेडियम लमीनी में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की दूसरी रिहर्सल आयोजित

अर्थ प्रकाश/दिनेश भारद्वाज



पठानकोट, 22 जनवरी। स्थानीय बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम, लमीनी (पठानकोट) में होने जा रहे जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की दूसरी रिहर्सल आज स्टेडियम में आयोजित की गई।

इस अवसर पर सर्वश्री राजेश कुमार जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी, राम लुभाया जिला लोक संपर्क अधिकारी पठानकोट, अरुण शर्मा और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। दूसरे दिन रिहर्सल के दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके अलावा मार्च पास्ट के लिए पंजाब पुलिस, होम गार्ड, महिला पुलिस, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी और एन.सी.सी. विद्यार्थियों ने मैदान में अभ्यास भी किया।

उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी को स्थानीय बहुद्देशीय खेल स्टेडियम, लमीनी (पठानकोट) में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है और पिछले दो दिनों से विभिन्न स्कूलों के छात्र और पुलिस की टुकड़ियों द्वारा इस कार्यक्रम के लिए अभ्यास किया जा रहा है।

## डिप्टी कमिश्नर पठानकोट ने धार ब्लॉक के विभिन्न गांवों का किया दौरा

### विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए आदेश

अर्थ प्रकाश/दिनेश भारद्वाज



**पठानकोट, 22 जनवरी।** श्री आदित्य उप्पल डिप्टी कमिश्नर पठानकोट ने धार ब्लॉक के गांवों का दौरा कर गांवों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और दुनेरा में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ एक वाइस समीक्षा बैठक भी की।

इस अवसर पर सर्वश्री परमजीत सिंह अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास), एसडीएम धार मेजर डॉ सुमित मुद्द और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री आदित्य उप्पल डिप्टी कमिश्नर पठानकोट ने विभिन्न गांवों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को गांवों में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को इन विकास कार्यों का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि गांवों के अंदर पानी की निकासी के लिए थापर मॉडल बनाए जा रहे हैं या नए तालाब बनाए जा रहे हैं। इसके साथ जिन गांवों में पार्कों का निर्माण, पुस्तकालयों का निर्माण आदि विकास कार्य कराए जा रहे हैं, उन कार्यों को भी तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने नरेगा के तहत चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की और कार्यों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिये।

## अमेरिका भेजने के नाम पर 39 लाख की ठगी करने के दो आरोपी काबू

**कैथल (अप्रस)।** अमेरिका भेजने के नाम पर 39 लाख की ठगी करने के मामले में पुलिस ने फतेहाबाद जिला के गांव बलियाला निवासी जगमोहन व गांव समैण निवासी मंदिप को गिरफ्तार किया है। गांव गुहणा निवासी सुरेश ने कैथल पुलि को शिकायत दी थी कि उसका बेटा मनीष विदेश जाना चाहता था। उनके पड़ोसी शिव कुमार ने बताया कि उसके सगे मामा का लड?ा गांव कमालआला जिला फतेहाबाद निवासी सूरजमल युवाओं को विदेश भेजने का काम करता है। सुरेश ने बताया कि वह शिव कुमार के साथ 15 दिसंबर 2022 को सूरज से टोहाना उसके ऑफिस में मिला और उसके बेटे को अमेरिका भेजा की बात 45 लाख रुपये में तय हो गई। सुरेश ने बताया कि बाद में आरोपी सूरज व जगमोहन, समैण निवासी मंदीप और कलड़ी निवासी अनिल ने अलग अलग समय में उससे 39 लाख रुपये ले लिए। 15 फरवरी 2023 को आरोपियों ने उसे दुबई भेज दियों और मार्च 2023 में अजरबैजान भेज दिया। उसके बाद अप्रैल में कजाकिस्तान और वहां से तुर्की भेज दिया। उसके बेटे को आगे का कोई वीजा नहीं मिला तो उन्होंने एजेंट से बात की। आरोपी बोले कि वे जल्द अमेरिका का वीजा लगवा देंगे। बाद में उन्होंने फोन उठाने भी बंद कर दिए। दूसरे एजेंट के माध्यम से उसका बेटा 27 अप्रैल 2023 को तुर्की से भारत वापस आया। सुरेश ने बताया कि जब उसने अपने रुपए वापिस मांगे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। इस बारे थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी सुरजमल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। दोनो आरोपी बुधवार को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

## पानी की बर्बादी रोकने के लिए सर्विस स्टेशन व घरों में लगेंगे मीटर

### नए वाटर वर्कर्स व बूस्टिंग स्टेशन के साथ बिछाई जाएगी पाइप लाइन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 जनवरी।** पानी की बर्बादी को रोकने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने एक्शन प्लान तैयार किया है। उन क्षेत्रों को चिहिन्त किया जा रहा है, जहां पर पानी की बर्बादी सबसे ज्यादा होती है, इनमें सर्विस स्टेशन से लेकर गांव व शहर के गली चौराहे पर लगी सार्वजनिक टूंटियां शामिल हैं।

जनस्वास्थ्य विभाग पानी की व्यर्थतता को कम करने के लिए सर्विस स्टेशन और घरों में पानी के मीटर लगाने की ओर कदम बड़ा रहा है। इससे पानी की बर्बादी अंकुश लगेगा, साथ ही विभाग की आमदन भी ब?ेगी।

जनस्वास्थ्य विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा ने पानी की बर्बादी पर अंकुश लगाने के लिए विभागीय अधिकारियों को एक्शन प्लान तैयार कर उसे अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए हैं। रणबीर गंगवा का कहना है कि विभाग की योजना है कि घरों में पानी के मीटर लगाए जाएं, जितना पानी यूज होगा, उसी दर के हिसाब से बिल आएगा। इससे पानी की बर्बादी रूकेगी और आमजन भी पानी बचाव के प्रति जागरूक होगा।

इसके साथ ही जनस्वास्थ्य विभाग की योजना है कि गांवों में पीने के पानी की सुविधा मुहैया करवाई जाएं। जल जीवन मिशन के तहत नए वाटर वर्क्स और बूस्टिंग स्टेशन के तहत अमरुत योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में पीने के पानी की नई पाइपलाइन बिछाई जाएंगी।

मंत्री रणबीर गंगवा का कहना है कि अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन हर घर में नल और नल में स्वच्छ जल को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा का कहना है कि उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गुणवत्ता में कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। जहां भी उनके संज्ञान में मामले आए हैं, तुरंत कार्रवाई की जा रही है, इनमें कैथल व हिसार में अधिकारियों के साथ निजी एजेंसी के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। वहीं उन्होंने सरकार के 100 दिन पूरे होने पर स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार 100 दिन नहीं, बल्कि हर दिन एक्टिव मोड में रहती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शपथ लेते ही 25 हजार युवाओं को नौकरी देने का वादा पूरा किया। इसके साथ ही डीएससी समाज को 10 फीसदी आरक्षण देने का फैसला पहली कैबिनेट मीटिंग में मंजूर किया गया। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये के मुफ्त इलाज की राशि को बढ़ाकर चिरायु हरियाणा के तहत 10 लाख रुपये किया गया।

## सुधर जाएं अधिकारी वर्ना होगा बड़ा आंदोलन: राम कुमार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 2 जनवरी।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्ज यूनियन की गेट मीटिंग विद्युत सदन नवग्रह चौंक पर 9वें दिन भी एसडीओ सिटी नंबर 2 के खिलाफ जारी रही। आज गेट मीटिंग की अध्यक्षता राकेश जेई ने की और मंच संचालन सिटी नंबर 2 से सतीश शर्मा ने किया। गेट मीटिंग में पहुंचे एसकेएस के जिला कैशियर राम कुमार जेई ने कहा कि अगर समय रहते एसडीओ सिटी नंबर 2 ने गलत ऑर्डर वापिस नहीं लिए तो आने वाले दिनों में यूनियन को और कठोर कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा। यूनियन द्वारा पुतला दहन, शहर में प्रदर्शन, प्रभात फेरी या बिजली मंत्री अनिल विज को ज्ञापन देने जैसी कार्रवाई की जाएगी। राम कुमार ने कहा कि जल्दी ही एसकेएस की भी जिला की मीटिंग बुलाई जाएगी और बिजली विभाग में चल रहे गलत कामों के बारे में चर्चा करके आगे के आंदोलन की रूप रेखा बनाई जाएगी। अगर जरूरत पड़ी तो बिजली विभाग के साथियों के साथ मिल कर एसकेएस जिले में जन जागरण अभियान भी चलाने पर विचार करेगी। मीटिंग में पहुंचे सभी कर्मचारियों ने एक सुर में आंदोलन को और तेज करने पर जोर दिया। गेट मीटिंग में यूनिट प्रधान अमरदीप बनवाला, सिटी नंबर 2 प्रधान भूषण चावला, दीपक दुआ, प्रदीप भट्टी, जितेंद्र सिंह, फोरमैन शेर सिंह, कैशियर दर्शन सिंह, राजेश बीडी, सुशील जेई, संजय सीवन गेट, सतीश सुखीजा, ढांड सब यूनिट प्रधान रवि मोगा, सुरेंद्र पहलवान, कलायत प्रधान सुखदेव जांगड़ा भी मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध : डॉ. धनी राम शांडिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता वास करते हैं और वह समाज हर क्षेत्र में सम्पन्नता तथा नई बुलंदियों को हासिल करता है। यह बात स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने आज यहां 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 8 मार्च, 2025 तक चलने वाले कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, उन्हें समान अवसर प्रदान करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सशक्त भारत के निर्माण के लिए सशक्त महिला सशक्तिकरण नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित कर आर्थिक तौर पर सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है क्योंकि जब महिलाएं आर्थिक तौर पर स्वतंत्र होती है तब वह अपने जीवन से जुड़े निर्णयों को स्वयं लेने में समर्थ होती है।

डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि महिला उत्थान के लिए प्रदेश में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इंदिरा गांधी सुख-सम्मान निधि योजना के तहत पात्र महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से 1500 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, महिला स्वरोजगार योजना और विधवा पुनर्विवाह योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। बेटी बचाओं

राज्य सरकार द्वारा धी (डॉटर्स हेल्पिंग इम्पावरिंग द इकोनोमी), 'देना है एक इनाम बेटी के नाम', और म्हारी छोटी-म्हारी शान जैसी महत्वाकांक्षी पहलों के माध्यम से गरीब अथवा मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद जीवन में कुछ हासिल करने वाली बेटियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न मंचों पर सम्मानित



किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य है कि ऐसी महिलाओं के संघर्षो से प्रेरित होकर अन्य महिलाएं भी जीवन में बड़े लक्ष्यों को चुनें और कड़ी मेहनत कर जीवन में कुछ बड़ा हासिल करें। 'बेटी बचाओ-बेटी पड़ाओ' योजना सहित प्रदेश में चलाई जा रही अन्य महिला केन्द्रित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या में तीव्र गिरावट व लिंग अनुपात में सुधार देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जब प्रदेश के मुख्यमंत्री की शपथ ली तो अपने कार्यालय में जाने से पहले वह टूटीकंडी स्थित बालिका आश्रम गए और वहां रहने वाली बेटियों को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार अब से उनके माता-पिता का दायित्व निभाते हुए उनकी हर जरूरत का ख्याल रखेगी। इसी सोच के प्रतिफल के रूप में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का उदय हुआ जिसके तहत राज्य सरकार ने 6,000 निराश्रित बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में नशे का चलन तेजी से बड़ रहा है जो कि हमारे समाज के समक्ष गंभीर चुनौती लेकर आया है। राज्य सरकार इस पर अंकुश लगाने के लिए सराहनीय कदम उठा रही है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वह भी समाज से इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए आगे आएं। डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने 10वीं और 12वीं कक्षा की मेधावी छात्राओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान बेटी जन्मोत्सव के अन्तर्गत अभिभावकों को बधाई पात्र वितरित किए गए। छोटी बालिकाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण को प्रदर्शित करती हुई परेड भी की गई।

कार्यक्रम के दौरान पीसीएंडपीएनडीटी एक्ट के बारे में सत्र का आयोजन कर महिलाओं को इसके बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर शिशु गृह के बच्चों ने कविता पाठ किया और बेटी बचाओ-बेटी पड़ाओ शपथ भी दिलाई गई।

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता आशीष सिंघमार ने डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महिला कल्याण और उत्थान के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है और इन योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है।

इस अवसर पर निदेशक डब्ल्यूसीडी गंधर्व राठौर और जिला कार्यक्रम अधिकारी शिमला ममता पॉल ने अपने विचार साझा किए।

निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता गंधर्व राठौर ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जिलों से आए बच्चों, उनके अभिभावकों और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



टाटा हिताची की अत्याधुनिक मशीनों की भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो 2025 में शानदार प्रदर्शनी की एक झलक। फोटो सुशील सहगल

# गुरु नानक गर्ल कॉलेज मैं गुरमुख मूवी के स्टार कास्ट प्रीमियर के दौरान पहुँचे



अर्थ प्रकाश /सुशील सहगल

**कॉलेज के स्टूडेंटस के साथ पंजाबी मूवी गुरमुख के स्टार्स कास्ट ने स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंचे**

**यमुनानगर।** पंजाबी ओटीटी प्लेटफार्म की फिल्म 'गुरमुख द आइ विटनेस' का प्रीमियर सोमवार को गुरु नानक गर्ल कॉलेज में हुआ। इस मौके एक्टर कुलजिंदर सिंह सिद्धू समेत कई कलाकार पहुंचे। यह फिल्म 24 जनवरी 2025 से केबल वन पर विशेष रूप से नौ भाषाओं में स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। गुरमुखः द आई विटनेस एक दिलचस्प थ्रिलर है जो न्याय, नैतिकता और एक व्यक्ति की गवाही की शक्ति जैसे विषयों को छूती है। निर्देशक पाली भूपिंदर सिंह की ओर से निर्देशित और कुलजिंदर सिंह सिद्धू तथा सारा गुरपाल की ओर से अभिनीत यह फिल्म केबलवन की हाई क्वालिटी वाली ओरिजिनल कंटेंट प्रदान करने की प्रतिबद्धता में एक और मील का पत्थर है। प्रीमियर इवेंट के मौके बेस्टेक माल में रेड कार्पेट इवेंट हुआ, जिसमें फिल्म की पूरी टीम, क्रू और मनोरंजन उद्योग के विशेष अतिथि शामिल होंगे। फिल्म और उसके प्रीमियर के बारे में अपने विचार साझा करते केबलवन के सीईओ सिमरनजीत सिंह मनचंदा ने कहा कि यह फिल्म विटनेस उस प्रभावशाली और अर्थपूर्ण कहानियों का प्रतीक है, जिन्हें हम अपने दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं। गुरमुख द आइ विटनेस का प्रीमियर गुरु नानक गर्ल कॉलेज मैं हुआ।

# दर्जनों गांव में पानी की किल्लत चौथे या पांचवा दिन आता है पानी

अर्थ प्रकाश /गोविन्द ठाकुर

**नेरचौक।** बल्ह विधानसभा के करनेहडा मथोग अपर ट्रोह गणधो खखरयाना समलोन पण्याली डमयानी थाना गांव में पिछले लंबे समय से पानी की भारी कीलत हो रही है क्षेत्र के खेमचंद शिवराम कौशल्या माया इंद्रदेव गिरजानंद खेमचंद करमचंद मीरा देवी तुलसी देवी का कहना है कि गांव में चौथे या पांचवें दिन पानी आता है लाइनमैन से बार-बार शिकायत की जाती है लेकिन उसका कोई असर नहीं हो रहा है सर्दियों में भी पानी की इस किल्लत से लोग परेशान हो गए हैं लोगों का कहना है जब सर्दियों में ही ऐसी दिक्कत है तो गर्मी में क्या हाल होगा

ग्राम पंचायत प्रधान सम्मलौन जमना देवी का कहना है कि दो से तीन बार ऑनलाइन शिकायत की जा चुकी है वाटर गार्ड को बार-बार इसके बारे में बताया गया है लेकिन समस्या वैसी की वैसी है पहले 15 दिन तक पानी नहीं आया पहले रोजाना पानी सुबह शाम आता था अब अपनी एक बार ही आ रहा है वह भी चौथे या पांचवा दिन क्षेत्र के लोगों का यह भी आरोप है कि पानी जिस दिन आता है वाटर गार्ड वीडियो बनाने पहले पहुंच जाता है आईपीएच एक्शन संदीप चौधरी ने कहा कि अखबार के माध्यम से आज मामला उनके पास पहुंचा है जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा। बल्ह के विधायक इंद्र सिंह का कहना है कि यह व्यवस्था परिवर्तन की सरकार है हर तरफ से लोगों की अनदेखी की जा रही है। वे विभाग से बात करेंगे पानी क्यों नहीं आ रहा है कहां समस्या है।

# उपायुक्त ने किसानों से मिश्रित खेती अपनाने का किया आह्वान



अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा

**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने किसानों से मिश्रित खेती अपनाने और कृषि में उन्नत तकनीकों तथा नई पद्धतियों का प्रयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कृषि में विविधता अपनाकर किसान अपनी आय को बड़ा सकते हैं। वे बुधवार को अनुसंधान उपकेंद्र अकरोट के अनुसंधान फार्म में आयोजित एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए बोल रहे थे।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के ऊना जिला के अंब उपमंडल में स्थित अनुसंधान उपकेंद्र अकरोट और जिला ऊना के कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। उपायुक्त ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को उन्नत तकनीकों और नई पद्धतियों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे उनकी आय में बड़ोतरी हो। उन्होंने बताया कि अनुसंधान केंद्र अकरोट को आलू की किस्मों पर किए जा रहे शोध के लिए कृषि विभाग ऊना द्वारा ट्रांसफर ऑफ टैक्नोलॉजी योजना के तहत 1 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है।

## किसानों को दी गई उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी

प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को नई कृषि सस्य क्रियाओं, फसलों की बुवाई, देखभाल और कटाई में अपनाई जाने वाली विधियों और प्रक्रियाओं, नवीनतम फसल किस्मों और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। इससे किसानों को फसल लागत को कम करने और मुनाफा बड़ाने में सहायता मिलेगी। किसानों ने अनुसंधान फार्म का भ्रमण किया, जहां उन्हें गेहूं, सरसों, चना, मटर, गोभी, ब्रोकली और आलू पर हो रहे शोध कार्यों की जानकारी दी गई।

## विशेषज्ञों ने साझा की महत्वपूर्ण जानकारियां

कार्यक्रम में अनुसंधान उपकेंद्र अक्रोट के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण शर्मा ने किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री के महत्व के बारे में जागरूक किया। वहीं, डॉ. सौरव शर्मा ने विभिन्न फसलों की नवीनतम तकनीकों, सस्य क्रियाओं और जलवायु अनुकूल खेती की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में कृषि उपनिदेशक ऊना डॉ. कुलभूषण धीमान, जिला कृषि अधिकारी डॉ. दविंदर कौर, अनुभाग अधिकारी रामकिशन, प्रक्षेत्र सहायक विशाल चंगोत्रा, केवल, रवि, अजय, अजमेर अली, विषयवाद विशेषज्ञ अंब रमेश लाल, विषयवाद विशेषज्ञ बंगाणा सतपाल धीमान, कृषि विकास अधिकारी बंगाणा पवन कुमार, कृषि विकास अधिकारी अंब सोमराज शर्मा सहित जिला के विभिन्न विकास खंडों से विषयवाद विशेषज्ञ, कृषि विकास अधिकारी, कृषि प्रसार अधिकारी, और किसानों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### दूधिया रोशनी से चमकेगी नगर परिषद नेरचौक

**नेरचौक (अप्रस)।** नगर परिषद नेरचौक में जल्द 200 स्ट्रीट लाइट लगेगी नगर परिषद का क्षेत्र दूधिया रोशनी से चमकेगा हिमाचल प्रदेश में सबसे तेजी से विकसित हो रहा शहर नेरचौक दूधिया रोशनी से चमकेगा परिषद के विभिन्न वार्डों से लोगों की मांग थी कि सड़क और गलियों में रात को अंधेरा होता है तथा वहां पर लाइट लगाई जाए अब प्रत्येक वार्ड में 23 एलईडी लाइट लगाई जाएगी दो वार्डो में लाइट लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है नेर 3वार्ड 8 वार्ड 2 ढांगू 1 मैं 23- 23 लाइटर लगाई जा रही है बाकी बातों में भी लाइट जल्द लगाई जाएगी डडोर से लूनापानी नेरचौक से रति सड़क के किनारे भी लाइट लगाई जा रही है। नगर परिषद के ई ओ हितेश कुमार ने बताया कि सभी आठ वार्डो में 23 एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी परिषद में 200 के करीब न लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है।

### आईपीएच विभाग घर-घर जाकर कर रहा के वाई सी

**नेरचौक (अप्रस)।** आईपीएच विभाग के कर्मचारी लोगों के घर-घर जाकर नल की जानकारी ले रहे हैं तथा मौके पर ही के वाई सी कर रहे हैं । जूनियर टेक्नीशियन नितिन कुमार वह वाटर गार्ड जगदीश वालिया ने आज नेरचौक बाजार में दुकानदारों और घरों में जाकर जिन-जिन घरों में नल है उनकी केवाईसी की जूनियर टेक्नीशियन नितिन ने बताया कि विभाग के आदेशों के तहत यह कार्य किया जा रहा है नेर चौक नगर परिषद के अधिकांश लोगों की केवाईसी कर ली गई है कसारला रति गैहरा नौरु टिकर पंचायत में भी केवाईसी कर ली गई है उन्होंने आम जनता से गुजारिश की है कि इस कार्य में सभी मदद करें।

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर किया जयघोष



**मैहतपुर (अप्रस)।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर सनातनियों द्वारा मंदिरों में पूजा अर्चना, सत्संग, कीर्तन व भंडारे प्रसाद का आयोजन कर जय सिया राम का जयघोष किया गया। जिसमें राम भक्तों ने बड़ी श्रद्धा के साथ मूर्ति स्थापना की प्रथम वर्षगांठ को हर्षोल्लास से मनाया। मैहतपुर में शिवसेना के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट एसडी वशिष्ट की अध्यक्षता में श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर कमेटी मैहतपुर तथा महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लड्डू प्रसाद बांटकर राम भक्तों ने एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर महिला मंडल की प्रधान मंजू राय, दर्शना देवी, चांद ठाकुर, सुषमा, मीरा, संतोष छाबड़ा, राजेश कुमारी, संगीता, शालू ,कोमल, राजन, राजीव कुमार मेनन, कमल, राजीव, अरुण, सुधीर चंद्र, समेत राम भक्तों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया। इस वर्षगांठ के शुभ अवसर पर मैहतपुर सहित अन्य आसपास के गांवों में भी राम भक्तों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना पर रावमापा हरोली में कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा

**हरोली।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरोली में खंड स्तरीय 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'वो दिन योजना' पर एक दिवसीय कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम हरोली विशाला शर्मा ने की। इस दौरान समाज में बेटियों के महत्व और उनके स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

एसडीएम हरोली विशाला शर्मा ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का उद्देश्य समाज में बालिका लिंग अनुपात को संतुलित करना, लड़कियों को शिक्षा के अवसर प्रदान करना और उन्हें समान अधिकार देना है। उन्होंने बताया कि एक समृद्ध और सशक्त समाज की नींव बेटी को बचाने और उसे शिक्षित करने से बनती है। वर्तमान में बेटियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं, इसलिए उनकी उच्च शिक्षा पर जोर दिया जाना चाहिए, ताकि वे परिवार, प्रदेश और देश का



नाम रोशन कर सकें।

कार्यक्रम में डॉ. शिखा शर्मा, चिकित्सा अधिकारी ने किशोरियों के लिए सुपोषण, माहवारी स्वच्छता और मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों और मिथकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किशोरियों के स्वच्छता संबंधी व्यवहार और माहवारी के दौरान सफाई के तरीकों पर भी विशेष जोर दिया।

बाल विकास परियोजना अधिकारी हरोली, शिव सिंह ने बताया कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत खंड हरोली में शिशु लिंगानुपात 940 तक पहुंच चुका है, जो इस अभियान की सफलता को दर्शाता है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी लोगों को इस दिशा में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान, महिलाओं और किशोरियों को उनके स्वास्थ्य, अधिकारों और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। यह कार्यशाला 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'वो दिन योजना' के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई और लोगों में जागरूकता का संचार किया। इस मौके पर डीपीओ ऊना नरेंद्र कुमार, स्कूल प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार, परियोजना की सुपरवाइजर नीलम सैणी, ब्लॉक कार्डिनेटर पोषण ज्योति शर्मा सहित स्कूली स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 पर कार्यशाला आयोजित

**गोहर (सुभाग सचदेवा)।** उप मंडल गोहर की ग्राम पंचायत नांडी में आज सामाजिक कल्याण एवं अधिकारिता विभाग द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें तहसील कल्याण विभाग द्वारा अधिनियम 1989 को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विभाग द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में तहसील कल्याण अधिकारी, थाना प्रभारी गोहर, प्रधान ग्राम पंचायत नांडी, प्रधान ग्राम पंचायत छपराहन व स्थानीय लोगों ने भाग लिया ।आए हुए अधिकारियों ने लोगों को अनुसूचित जाति जनजाति अल्पसंख्यक वह अन्य सामाजिक कमजोर वर्गो को किसी द्वारा भी किसी प्रकार से प्रताड़ित किया जाए उसके खिलाफ कैसे कानूनी सहायता ली जाए उनकी समस्याओं का कैसे समाधान हो पूरी विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों ने इस कार्यशाला के आयोजन के लिए समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व आए हुए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# कुश्ती प्रतियोगिता में जिला बिलासपुर के पहलवान बलबीर चिल्ला ने मचाई धमाल



राष्ट्र स्तर पर गोल्ड मैडल को किया अपने नाम

इससे पहले भी राष्ट्र स्तर पर कुश्ती में कमा चुके हैं नाम

अर्थ प्रकाश /देशराज

**बरठी।** 15 से 17 जनवरी तक मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित 46वीं अखिल भारतीय विद्युत नियन्त्रण मंडल कुश्ती प्रतियोगिता में बिलासपुर के पहलवान बलबीर चिल्ला ने हिमाचल के लिए गोल्ड मैडल को अपने नाम किया है। अपने गृह जिला पहुँचने पर उनके चाहवानों के साथ कुश्ती प्रेमियों ने सम्मानित करते हुए जोरदार स्वागत किया।

गौर रहे कि इस कुश्ती प्रतियोगिता में देश भर के नामी पहलवानों ने भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया । लेकिन अपने भार वर्ग में बलबीर ने सभी पहलवानों की पैंतरेबाजी को ध्वस्त करते हुए नंबर वन होने का पुख्ता सबूत पेश किया है तथा गोल्ड मैडल पर कब्जा किया है।

गोल्ड मैडल हासिल करने पर प्रदेश कुश्ती संघ के तमाम पदाधिकारीयों के साथ कुश्ती प्रेमियों ने बलबीर को बधाई प्रेषित की है। उल्लेखनीय है कि बलबीर चिल्ला प्रदेश विद्युत विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और ये उपलब्धि उन्हें खेलों के दम पर ही हासिल हुई है।

# शिव शक्ति सेवा मंडल के विवाह महोत्सव में मंचित हुआ 'नो बहार धर्म देवी' सांग

अर्थ प्रकाश/ रविन्द्र गिरी

**घरौंडा।** घरौंडा शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा आयोजित 23वें सामूहिक विवाह महोत्सव के तहत 2 फरवरी को 15 लड़कियों का विवाह संपन्न होगा। इस आयोजन के अंतर्गत 31 जनवरी तक नई अनाज मंडी में हरियाणवी सांगों का मंचन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को 'नो बहार धर्म देवी' सांग का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंगला (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), राजपाल कैमला (जे.जे.पी. घरौंडा प्रधान), राम कुमार दहिया (गुड़ा) और प्रमोद पांचाल रहे। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा किया जा रहा यह कार्य अत्यंत पुण्य का है। लड़कियों की शादी



कराकर संस्था उनके परिवारों को संबल प्रदान कर रही है। यह सब समाज के सहयोग से संभव हो रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

मंगलवार को मंचित 'नो बहार धर्म देवी' सांग की कहानी राजा जीत सैन और आत्मा देवी के पुत्र नौबहार के जीवन पर आधारित थी। जन्म के समय ही पंडितों ने भविष्यवाणी कर दी थी कि वह अल्पायु होगा और उसे बचाने के लिए उसका विवाह शीघ्र करवाना होगा। पिता की आज्ञा से नौबहार की शादी धर्म देवी से कर दी जाती है, जो अपने बाल पति को जंगल में ले जाती है।

समय बीतने के बाद जब नौबहार अपने घर लौट रहा होता है, तो रास्ते में उसे एक सांप काट लेता है। डर के कारण धर्म देवी उसे नदी में बहा देती है, लेकिन नौबहार का जीवन यहीं समाप्त नहीं होता। नदी में बहते हुए वह एक अन्य राज्य में पहुंच जाता है, जहां एक राजकुमारी उसे बचाती है और उससे प्रेम करने लगती है। उधर, नौबहार को एक माली की बेटी से प्रेम हो जाता है। संयोग से धर्म देवी भी वहां पहुंच जाती है, जिससे कहानी में नाटकीय मोड़ आ जाता है। तीनों महिलाओं में नौबहार को पाने की लालसा तीव्र हो जाती है, लेकिन अंत में वह माली की बेटी को ही अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करता है।

शिव शक्ति सेवा मंडल के धीरज भाटिया ने बताया कि 31 जनवरी तक हरियाणवी सांगों का मंचन जारी रहेगा। फिलहाल सुभाष योगी (राजस्थान) अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। 24 से 27 जनवरी तक हरीश यादव (राजस्थान) और 28 से 31 जनवरी तक संजय मालिक (मुजफ्फरनगर) अपने सांग प्रस्तुत करेंगे।

इस अवसर पर कुलदीप कैमला, राज सिंगला, दीपक शर्मा, पुष्कर टक्कर, देवेंद्र धीमान, शुभम शर्मा, हरीराम बड़ोता, विनोद गोयल और बंटी शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## धनोटू के अन्तर्गत सिंगल यूज़ प्लास्टिक को साफ़ करके पंचायत घर भेजें

**नेरचौक (अप्रस)।** बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों , महिला तथा युवक मण्डलों, स्वयं सहायता समूहों तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया । इस बैठक को सम्बोधित करते हुए कौशल द्वारा बताया गया कि सभी पंचायतवासी सिंगल यूज़ प्लास्टिक को साफ़ करके एक बोरी डाल कर रखें और जब बोरी भर जाए तो इसे पंचायत घर डुगराईं में पहुँचाएँ , जहाँ से यह प्लास्टिक विकास खण्ड धनोटू के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सलवाहन में स्थापित प्लास्टिक प्रबन्धन इकाई भेजा जाएगा ।

सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उचित प्रबन्धन पर ग्राम पंचायत डुगराईं में एक बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी श्री मनोज कौशल की अध्यक्षता में किया गया

# भाजपा के संकल्प पत्र से दिल्लीवालों रहना सावधान : कुमारी सैलजा

## मतदान के बाद भाजपा भूल जाती है जनता से किया हर वादा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी किया है वह मात्र छलावा है। दिल्ली वालों को भाजपा के संकल्प पत्र से सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि भाजपा जो भी घोषणाएं करती है उन्हें पूरा नहीं करती, मतदान के बाद भाजपा जनता से किया गया अपना हर वायदा भूल जाती है। हरियाणा की जनता से भी भाजपा ने चुनाव से पहले वायदे किए थे जो सरकार गठन के चार माह बाद भी पूरे नहीं हुए है। अगर भाजपा दिल्ली वालों को पानी-बिजली निशुल्क जारी रखने की बात करती है तो हरियाणा की जनता की जेब पर क्यों डाका डाल रही है। आज स्थिति ये है कि भाजपा के नेता, उनकी नीति और उनकी नीयत कुछ भी साफ नहीं हैं।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने दिल्लीवासियों वायदा किया है कि दिल्ली में जन कल्याण की चल रहीं वर्तमान योजनाएं उनकी सरकार (भाजपा) बनने के बाद भी जारी रहेंगी। योजनाओं से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत और उनमें सुधार किया जाएगा। उनको भ्रष्टाचार मुक्त भी किया जाएगा। भाजपा का संकल्प पत्र तीन चरणों में लागू होगा। भाजपा ने जरूरतमंदों परिवार के बच्चों को केजी से लेकर पीजी की शिक्षा मुफ्त, एससी छात्रों को हर महीने एक हजार रुपये की मदद, ऑटो-टैक्सी वालों के लिए वेलफेयर बोर्ड, युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की मदद का जनता से वायदा किया है। जबकि भाजपा ने हरियाणा की जनता के बारे में ऐसा कभी नहीं सोचा यानि भाजपा एक ही देश के दो राज्यों की जनता से भेदभाव करती है। भाजपा ने वायदा किया है कि वह दिल्ली में महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 देगी, चार माह पूर्व हरियाणा की महिलाओं से 2100 रुपये प्रतिमाह देने का वायदा किया था जो अभी पूरा नही हुआ है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि दिल्ली में गर्भवती महिलाओं को 21000 रुपये देने का वायदा किया था, अच्छी बात है पर हरियाणा की महिलाओं को इस लाभ से क्या वंचित रखा गया। भाजपा ने संकल्प पत्र में पुजारियों-ग्रंथियों को हर महीने 18,000 रुपये की आर्थिक मदद की बात कही गई है, इस प्रकार की मदद के बारे में हरियाणा की महिलाओं की अनदेखी की गई। कुमारी सैलजा ने कहा कि इससे साफ है कि भाजपा जन कल्याण को लेकर कोई घोषणा नहीं करती वह चुनाव में लाभ हासिल करने के लिए ही संकल्प पत्र जारी करती है, भाजपा की नीयत और सोच हर राज्य में बदल जाती है यानि भाजपा भौगोलिक स्थिति के आधार पर भी लोगों में भेदभाव करती है। एक पार्टी की नीतियां जनता के लिए समान होती है, उनके भेदभाव बताते है कि इस प्रकार की घोषणाएं लाभ लेने के लिए की जाती है। ऐसे में दिल्ली के लोगों को भाजपा के संकल्प पत्र से सावधान रहना होगा और भाजपा के झांसे में आने से बचना होगा।

## गरिमापूर्ण, भव्य व शानदार तरीके से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोहः अमित कुमार

**समालखा(मनदीप कुमार)।** उपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस मनाना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इस बार भी आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन नई अनाज मंडी में गरिमापूर्ण, भव्य व शानदार ढंग से मनाया जाएगा। इसमें देश भक्ति व विभिन्न लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें और अपने विभाग से संबंधित तैयारियों को समय रहते पूरा करें।

उपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि समारोह में जो भी झांकियां शामिल हों, वे विशेष थीम पर आधारित होनी चाहिए। गणतंत्र दिवस समारोह में पुलिस प्लाटून द्वारा भव्य मार्च पास्ट किया जाएगा। परेड में शामिल टुकड़ियों द्वारा 18 से 23 जनवरी को अनाज मंडी में पूर्वाभ्यास किया जाएगा तथा 24 जनवरी को फुल ड्रैस फाइनल रिहर्सल निर्धारित समयानुसार किया जाएगा।

# कृष्णपाल गुर्जर ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**हरीश बैसला, राजेश चौधरी, गौरव चौधरी एवं मुकेश झा बने तिगांव विधानसभा से भाजपा मंडल अध्यक्ष**



अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ

**फ़रीदाबाद।** भाजपा तिलपत मंडल में मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद तिलपत मंडल के मंडल अध्यक्ष हरीश बैसला, सराय इंद्रप्रस्थ मंडल अध्यक्ष राजेश चौधरी, बसंतपुर मंडल अध्यक्ष गौरव चौधरी और सेहतपुर मंडल अध्यक्ष मुकेश झा ने केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेंद्र चौधरी जी से मुलाकात कर मंडल अध्यक्ष नियुक्त करने पर बुके देकर उनका आभार व्यक्त किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और देवेन्द्र चौधरी ने नवदायित्व के लिए उन्हें आशीर्वाद के साथ मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, निवर्तमान पार्षद जितेन्द्र यादव, अजय बैसला, तिलपत के पूर्व सरपंच उमेश शर्मा, पप्पी चेयरमैन, आलोक मिश्रा, सुरेश महाजन, कपिल चौहान, अमित पंडित व उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनायें दी । भाजपा फरीदाबाद द्वारा 29 संगठनात्मक मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई, तिगांव विधानसभा के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं हरीश बैसला को तिलपत मंडल का मंडल अध्यक्ष, राजेश चौधरी को सराय इन्द्रप्रस्थ मंडल अध्यक्ष, मुकेश झा को सेहतपुर मंडल अध्यक्ष और गौरव चौधरी को बसंतपुर से मंडल अध्यक्ष चुना गया । सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष काफी वर्षो से पार्टी पार्टी संगठन में कार्यरत हैं और मंडल में महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं । संगठन पर्व के तहत बूथ अध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से इन युवा कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष निर्वाचित किया गया ।

इस अवसर पर हरीश बैसला और उपस्थित सभी मंडल अध्यक्षों ने कहा कि पार्टी संगठन ने उन्हें मंडल अध्यक्ष बनाकर उन्हें मान सम्मान दिया है । मंडल अध्यक्ष के रूप में मंडल के पुराने और नए कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी संगठन का विस्तार कर पार्टी को और अधिक मजबूत करेंगे । उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पार्टी संगठन और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजी गांव थमबड़ की गलियां



अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड़

**बराडा।** गांव थम्बड़ में बुधवार को विशाल एंव भव्य श्रीराम शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमे भारी संख्या में श्रद्धांलुओं ने भाग लिया। गांव के मंदिर में आयोजित रामायण पाठ का सुबह भोग डाला गया इसके बाद शोभायात्रा का शुभारम्भ गांव के श्री खेड़ा मंदिर से किया गया। जो गांव की हर गली से होकर निकली। शोभायात्रा में शामिल भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वतावरण श्रीराममय कर दिया। हर गली में पुष्पवर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। वही गांववासियो ने श्रद्धालुओं के लिया चाय प्रसाद के स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण किया। बीरबल राणा ने बताया कि यह शोभायात्रा हर वर्ष उत्साह एंव श्रद्धा के साथ निकाली जाती है जिसमे पुरे गांव के लोगो का सहयोग रहता है।

इस अवसर पर ब्लॉक समिति मेंबर सुधा सिंह बीरबल राणा सुदेश राणा संजय राणा राजकुमार राणा अशोक रंजीत विनय गुड्डू विजय राणा, रानू रामसिंह,जॉनी राणा प्रमबीर समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नूंह पुलिस का ऑपरेशन साइबर आक्रमण में किए 15 साइबर ठग गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** साइबर ठगों पर शिकंजा कसते हुए जिला पुलिस नूंह द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। पुलिस की टीम ने साइबर ठगों के एक ऐसे गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है जो सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते थे। इस गिरोह के 15 सदस्यों को नूंह जिला पुलिस की टीम ने अलग-2 स्थानों से गिरफतार किया है जिनसे 20 मोबाइल, 29 फर्जी सिम, 250 नकली सोने के सिक्के व 01 नकली सोने की ईंट बरामद की गई है। इस उपलब्धि पर हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ने नूंह जिला पुलिस को बधाई दी है।

**क्या था मामला :** पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप ने बताया कि साइबर ठगों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कार्ययोजना तैयार की गई और अलग-2 टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा विशेष अभियान चलाया गया जो मंगलवार सुबह करीब 11 बजे शुरू हुआ और देर रात तक चला। टीमों द्वारा गांव पल्ला, सौंख, नई आदि सहित अलग-2 स्थानों पर छापेमारी की गई। इन आरोपियों द्वारा साइबर अपराध के लिए सोशल मीडिया प्लैटफार्म का इस्तेमाल किया जा रहा था। आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन जाते थे जिसके बाद लोगों के साथ धोखाधड़ी की जाती थी। मुख्य रूप से सभी आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी पहचान छुपाकर होटल बुकिंग, सैक्सटॉरसन, सोने का सिक्का धारक बनकर व ऑनलाइन रैपिडो टैक्सी का विज्ञापन डाल कर झांसा दिया जाता था।

साइबर क्राइम पुलिस थाना नूंह के एसएचओ विमल राय ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि इन आरोपियों द्वारा उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान से फर्जी सिम कार्ड मंगवाए जाते थे। ये आरोपी सोशल मीडिया पर अलग-2 प्रकार के विज्ञापन देते थे। इसके अलावा, आरोपी अपनी पहचान छिपा कर फर्जी सिम व मोबाईल के प्रयोग से लोगों की अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर कर फर्जी खातों में पैसे डलवा कर लोगों से ठगी करते थे।

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आमजन से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनो के झांसे मे ना आएं और किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक ना करें। इसके अलावा, लोग गूगल आदि पर दिए गए हैल्पलाइन नंबरों पर फोन करने से पहले इनकी आधिकारिक पुष्टि कर लें। यदि कोई भी व्यक्ति पुलिस अधिकारी, ईडी या अन्य अधिकारी बनकर डिजीटल अरेस्ट की धमकी दें तो तुरंत सावधान हो जाएं अन्यथा साइबर ठगी का शिकार होना पड़ सकता है। साइबर ठगी होने पर हैल्पलाइन नंबर-1930 पर तुरंत फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करें।

# पलवल और फरीदाबाद में कम्पनियों की दीवार तोडकर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड, तीन गिरफ्तार





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पलवल।** जिला पुलिस की डिटेक्टिव टीम ने कंपनियों में दीवार तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पलवल और फरीदाबाद में दस कंपनियों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल की गई कार और चोरी के औजार भी बरामद किए हैं।

डिटेक्टिव स्टाफ प्रभारी हनीश खान के अनुसार मामला 2 जनवरी को सामने आया, जब एक कंपनी के अधिकारी प्रशांत आजाद ने शिकायत दर्ज कराई थी। चोरों ने रात के समय कंपनी की दीवार तोड़कर लाखों रुपए का सामान चुरा लिया था। इसी तरह की कई अन्य वारदातें भी सामने आने के बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया। गिरफ्तार आरोपियों में मंदपुरी गांव का आसिफ, पुठली गांव का तौफीक और सुवालीन शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पलवल और फरीदाबाद की दस कंपनियों में चोरी की वारदात कबूली है। पुलिस को आशंका है कि पूछताछ के दौरान इनसे और भी कई वारदातें सामने आ सकती हैं। आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा का हुआ विस्तार



**कुरुक्षेत्र (वालिया)।** कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार देसराज भटनागर श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा जिला इकाई कुरुक्षेत्र के मुख्य संरक्षक घोषित किए गए हैं। इसकी आधिकारिक घोषणा श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की संस्थापक/ प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्दु बंसल ने की है। इस अवसर पर भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की राष्ट्रीय प्रवक्ता व श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्दु बंसल ने नवनियुक्त कुरुक्षेत्र जिला मुख्य संरक्षक देसराज भटनागर को संघ के कुरुक्षेत्र इकाई के नए मुख्य संरक्षक नियुक्त होने पर बधाई देते हुए कहा कि 'देसराज भटनागर एक समर्पित और अनुभवी पत्रकार हैं, जिनका प्रदेश में पत्रकारिता के प्रति योगदान सराहनीय रहा है। कुरुक्षेत्र जिले के मुख्य संरक्षक पद पर उनकी नियुक्ति श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम है।' डॉ बंसल ने कहा, 'देसराज भटनागर के अनुभव पर हमें पूरा विश्वास है कि संगठन नए आयामों को छुएगा और पत्रकारों के हितों के लिए वह अपनी ऊर्जा और ज्ञान का सर्वोत्तम उपयोग करेंगे जिससे हमारा संगठन नए आयाम स्थापित करेगा।'

### एंटी नारकोटिक्स सेल ने हेरोइन तस्कर को किया काबू

**पंचकूला (अप्रस)।** एंटी नारकोटिक्स सेल ने हेरोइन तस्करी के मामले में 1 आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान नीरज निवासी कॉलोनी दफरपुर जिला मोहाली पंजाब उम्र 23 साल के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि दफरपुर वासी नीरज हेरोइन बेचने का काम करता है। वह सेक्टर-28 पंचकूला में शमशान घाट के नजदीक किसी ग्राहक को हेरोइन बेचने आएगा। जिसके आधार पर एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को घेरा डालकर काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 14.90 ग्राम हेरोइन व 2400 रुपये नगदी बरामद की गई।

# फसल अवशेष प्रबंधन के लिए किसानों और आम लोगों को करें जागरूक : डॉ. मोहम्मद

अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल




**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में कृषि विज्ञान केंद्र रोहतक के तत्वावधान में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की एनसीसी, वाईआरसी व एनएसएस इकाईयों के सौजन्य से किया गया। इसमें मुख्य वक्ता कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. मोहम्मद, डॉ. मीनाक्षी व डॉ. जगत सिंह रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं का कॉलेज प्राचार्य डॉ. जोगेंद्र दहिया ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान कॉलेज में फसल अवशेष प्रबंध पर निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में एनसीसी कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निबंध लेखन में कैडेट्स शुभम नरवाल प्रथम, साहिल, द्वितीय, कोमल तीसरे स्थान पर रहे और पोस्टर मेकिंग में केशव प्रथम, आदित्य द्वितीय व शिवम तीसरे स्थान पर रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जोगेंद्र दहिया ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मुख्य वक्ता डॉ. मोहम्मद ने एनसीसी कैडेट्स व वालिंटियर्स को संबोधित करते हुए बताया कि फसल उत्पादन के दौरान, मिट्टी को अच्छी तरह से ढीला और हवादार किया जाना चाहिए। खाद और उर्वरकों का प्रयोग सावधानी से करना चाहिए और फसलों की सिंचाई नियमित रूप से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए किसानों और आम लोगों को जागरूक करें।उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से धुआं निकलता है, ग्रीन हाउस गैसें निकलती हैं, साथ ही पौधों के पोषक तत्वों की हानि होती है और मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेषों का उपयोग मृदा स्वास्थ्य सुधार, प्रदूषण को कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और कृषि की स्थिरता और लचीलापन बढ़ाने के लिए किया जा सकता है।

डॉ. मीनाक्षी सांगवान ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे किसानों को फसल के अवशेष न जलाने को प्रेरित करें और उन्हें बताएं कि फसल अवशेषों को खेत में ही छोड़ दें ताकि उनसे जमीन की उत्पादन शक्ति बढ़ सके। उन्होंने कहा कि ज्यादातर किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन न करके उसे खेत में ही जला देते हैं या फिर ऐसे बर्बाद होने देते हैं, जबकि किसान इन फसल अवशेषों से खाद बनाकर अपने खेत की उर्वरता बढ़ा सकते हैं।

## सक्षम युवा योजना-2016 के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**फरीदाबाद (अप्रस)।** रोजगार निदेशालय हरियाणा की सक्षम युवा योजना-2016 के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को मानदेय का कार्य उपलब्ध करवाया जाता है। यह जानकारी देते हुए उपमंडल रोजगार अधिकारी डॉ निकिता यादव ने बताया कि मानदेय के रूप में 6000/-रु0 अधिकतम प्रतिमाह 60रु प्रति घंटा अधिकतम 100 घंटे तथा बेरोजगारी भत्ते के रूप में स्नातकोत्तर 3000/-रु0 स्नातक-1500/-रु0 12वीं पास-900/-रु0। सक्षम युवा योजना-2016 के पंजीकरण हेतू www.hreyahs.gov.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण करवायें।

उपमंडल रोजगार अधिकारी डॉ निकिता यादव ने बताया कि इस योजना के तहत स्नातकोत्तर / स्नातक तथा 12वीं पास प्रार्थियों को अपना नाम रजिस्टर करवाना होता है जिसकी शर्तें निम्न प्रकार से है- आवेदक हरियाणा का निवासी होना चाहिए, आवेदक किसी भी सरकारी/ गैर सरकारी नौकरी में न हो, आवेदक किसी भी तरह के रोजगार जैसे-सार्वजनिक / निजी क्षेत्र/अर्ध सरकारी और स्व-रोजगार में शामिल नहीं होना चाहिए।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर करें कार्यः धीरेन्द्र खडटा




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेन्द्र खडटा ने कहा कि बच्चे व महिलाएं देश के भविष्य की आधारशिला है, जिन्हें मजबूती प्रदान करना महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ सम्पूर्ण समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य करें। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण करना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त धीरेन्द्र खड?टा स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि उपस्थितगण को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने जिला में प्रसव पूर्व लिंग जांच तथा कन्या भ्रूण हत्या पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खंड से पांच-पांच आंगनवाड़ी केन्द्रों की सूची उपलब्ध करवाई जाए, जिन्हें मॉडल आंगनवाड़ी केन्द्रों में परिवर्तित किया जा सके। बच्चें व महिलाएं देश के भविष्य की आधारशिला है, जिन्हें मजबूती प्रदान करना महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ सम्पूर्ण समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थितगण को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ भी दिलवाई तथा दो बेटियों के जन्म के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाली महिलाओं को शॉल देकर सम्मानित भी किया।

# उच्च शिक्षा निदेशालय हरियाणा द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

अर्थ प्रकाश /जग्गी



**कालका।** श्रीमती अरुणा आसफ अली राजकीय महाविद्यालय कालका में उच्च शिक्षा निदेशालय हरियाणा द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय भारतीय ज्ञान प्रणाली और संबद्ध अनुशासन रहा। राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने संगोष्ठी के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि वैश्विक चुनौतियों का पता लगाने के लिए दुनिया को सिर्फ प्रौद्योगिकी और अर्थशास्त्र के बारे में ही नहीं सोचना चाहिए बल्कि अपनी शिक्षा के बारे में भी सोचना चाहिए। मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉक्टर अल्पना मिश्र , हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ने परंपरा के वास्तविक अर्थ पर प्रकाश डाला और कहा की परंपरा कठोर और भद्दी नहीं होनी चाहिए बल्कि आधुनिकता को आगे बढ़ाने के लिए उस पर निरंतर काम करने की आवश्यकता है। तकनीकी सत्र प्रथम की शुरुआत सहायक प्रोफेसर, शोधार्थियों और छात्रों द्वारा प्रस्तुतियों से हुई। दर्शनशास्त्र विभाग पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की प्रोफेसर शिवानी शर्मा ने विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली को समझना पहचान, स्रोत और दृष्टिकोण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रोफेसर शिवानी शर्मा ने धर्म के वास्तविक अर्थ पर बल दिया जिसमें धार्मिकता, ज्ञान के अपने भारतीय स्रोतों को स्वीकार करने की आवश्यकता, अद्वैत और बहुदेववाद की अवधारणा शामिल है।

# शिव शक्ति सेवा मंडल के विवाह महोत्सव में मंचित हुआ 'नो बहार धर्म देवी' सांग

अर्थ प्रकाश/ रविन्द्र गिरी



**घरौंडा।** घरौंडा शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा आयोजित 23वें सामूहिक विवाह महोत्सव के तहत 2 फरवरी को 15 लड़कियों का विवाह संपन्न होगा। इस आयोजन के अंतर्गत 31 जनवरी तक नई अनाज मंडी में हरियाणवी सांगों का मंचन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को 'नो बहार धर्म देवी' सांग का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंगला (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), राजपाल कैमला (जे.जे.पी. घरौंडा प्रधान), राम कुमार दहिया (गुड़ा) और प्रमोद पांचाल रहे। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा किया जा रहा यह कार्य अत्यंत पुण्य का है। लड़कियों की शादी कराकर संस्था उनके परिवारों को संबल प्रदान कर रही है। यह सब समाज के सहयोग से संभव हो रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

मंगलवार को मंचित 'नो बहार धर्म देवी' सांग की कहानी राजा जीत सैन और आत्मा देवी के पुत्र नौबहार के जीवन पर आधारित थी। जन्म के समय ही पंडितों ने भविष्यवाणी कर दी थी कि वह अल्पायु होगा और उसे बचाने के लिए उसका विवाह शीघ्र करवाना होगा। पिता की आज्ञा से नौबहार की शादी धर्म देवी से कर दी जाती है, जो अपने बाल पति को जंगल में ले जाती है।

समय बीतने के बाद जब नौबहार अपने घर लौट रहा होता है, तो रास्ते में उसे एक सांप काट लेता है। डर के कारण धर्म देवी उसे नदी में बहा देती है, लेकिन नौबहार का जीवन यहीं समाप्त नहीं होता। नदी में बहते हुए वह एक अन्य राज्य में पहुंच जाता है, जहां एक राजकुमारी उसे बचाती है और उससे प्रेम करने लगती है। उधर, नौबहार को एक माली की बेटी से प्रेम हो जाता है। संयोग से धर्म देवी भी वहां पहुंच जाती है, जिससे कहानी में नाटकीय मोड़ आ जाता है। तीनों महिलाओं में नौबहार को पाने की लालसा तीव्र हो जाती है, लेकिन अंत में वह माली की बेटी को ही अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करता है।

शिव शक्ति सेवा मंडल के धीरज भाटिया ने बताया कि 31 जनवरी तक हरियाणवी सांगों का मंचन जारी रहेगा। फिलहाल सुभाष योगी (राजस्थान) अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। 24 से 27 जनवरी तक हरीश यादव (राजस्थान) और 28 से 31 जनवरी तक संजय मालिक (मुजफ्फरनगर) अपने सांग प्रस्तुत करेंगे।

इस अवसर पर कुलदीप कैमला, राज सिंगला, दीपक शर्मा, पुष्कर टक्कर, देवेंद्र धीमान, शुभम शर्मा, हरीराम बड़ोता, विनोद गोयल और बंटी शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





# शिक्षा व्यक्ति के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण और देश निर्माण में करती है सहयोग : बंडारू दत्तात्रेय

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 22 जनवरी।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होती है, जो देश निर्माण में सहयोग करती है। इसीलिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी देशभर में नई शिक्षा नीति लागू करने का फैसला लिया है और हरियाणा प्रदेश सरकार इसी वर्ष 2025 से इस शिक्षा नीति को लागू करने जा रही है।



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज ब्रह्मर्षि विश्वात्मा बावरा जी महाराज की अन्तर्राष्ट्रीय जयंती महोत्सव ब्रह्मर्षि आश्रम विराट नगर में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे।

बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत देश का आधार नैतिक मूल्यों से है। नई शिक्षा नीति में नैतिक मूल्यों से युक्त शिक्षा शामिल की गई है। स्वास्थ्य नीति निर्माण के साथ इसको आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बहुत अधिक संख्या में साधु-संत और महात्मा मौजूद हैं। इन संत-महात्माओं ने देश की संस्कृति की रक्षा करते हुए आगे ब?ाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने से भी देश की उन्नति होगी।

राज्यपाल ने कहा कि ब्रह्मर्षि विश्वात्मा बावरा जी महाराज आधुनिक युग की उन विशिष्ट विभुतियों में से एक थे, जिन्होंने तप, योग और अध्यात्म को ही जीवन का लक्ष्य मान कर मानवता की सेवा का प्रण लिया। उन्होंने लगातार 50 वर्षों तक देश विदेश के 150 विश्वविद्यालयों में ब्रह्मविद्या का प्रचार-प्रसार किया। इसके साथ-साथ उन्होंने वैदिक सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का भी प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने बताया कि ब्रह्मर्षि विश्वात्मा बावरा द्वारा विभिन्न विषयों पर 85 ग्रंथ प्रकाशित किए। आज धर्म, संस्कृति और योग प्रचार के क्षेत्र में ब्रह्मर्षि जी का नाम न केवल देश और प्रदेश में बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़े आदर, सम्मान व श्रद्धा के साथ लिया जाता है।

उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारतीय सनातन संस्कृति में आस्था की डुबकी लगा रहा है। प्रयागराज में तेरह जनवरी से दुनिया के कोने-कोने से आकर पवित्र स्नान कर रहे है। आज विश्व भारत की ओर देख रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ आस्था, विश्वास, और एकता का प्रतीक है। यह साधु-संतों, गुरुओं, और श्रद्धालुओं के मिलन का केंद्र है। यह लोगों को आत्म शुद्धि का अवसर प्रदान करता है।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं में 90 फीसदी से अधिक अंक लेने वाले स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और अध्यात्म विषय पर आधारित डॉ. मनीषा द्वारा लिखी गई पुस्तक का विमोचन किया गया।







# 100 दिन में सरकार की कलेक्टर रेट, बिजली पर फ्यूल सरचार्ज और ईडीसी बढ़ोतरी बड़ी उपलब्धि : अशोक अरोड़ा

अरोड़ा बोले, 100 दिन के कार्यकाल में सरकार की कोई जनहितैषी उपलब्धि नहीं

आरोप : किसानों को यूरिया व डीएपी के साथ धान पर एमएसपी न मिलना सरकार की बड़ी उपलब्धि



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 22 जनवरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने भाजपा सरकार के 100 दिन के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद भी सरकार ने कुछ नहीं किया। हालांकि, इस कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी के साथ बिजली पर फ्यूल सरचार्ज और ईडीसी बढ़ाना है।

कांग्रेस विधायक ने अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार लगातार 10 साल से भाजपा की है, इसलिए तीसरी बार बनी भाजपा सरकार के 100 दिन चालू सरकार के ही हैं। तीसरी बार सत्ता में आने के बाद भाजपा सरकार का 100 दिन का कार्यकाल पूरा हो चुका है, लेकिन इस अवधि के दौरान कोई बड़ी उपलब्धि नहीं है, जिसका सरकार उल्लेख कर सके। सरकार ने न तो जनहितैषी कदम उठाए और न ही पहले से चली जा रही परियोजनाओं को पूरा करने में कोई दिलचस्पी दिखाई। सरकार केवल हनीमून पीरियड में चल रही है, जिससे जनसरोकारों से कोई मतलब नहीं है।

### अरोड़ा ने प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर उठाए सवाल

कांग्रेस विधायक ने प्रदेश की वित्तीय स्थिति सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश पर कर्ज लगातार बढ़ रहा है, जिससे वित्तीय स्थिति खराब हो चुकी है। सरकार प्रति व्यक्ति आय बढने का दावा कर रही जबकि दूसरी तरफ 75 फ़ीसदी लोग बीपीएल की श्रेणी में आ चुके हैं। सरकार 24000 युवाओं को रोजगार देने की बात करती है लेकिन एचकेआरएन के तहत लगे सिंचाई विभाग के 1000 से ज्यादा कर्मचारी हटाए गए हैं।

कांग्रेस विधायक ने आरोप लगाया कि जब सरकार आई तो मंडियों में किसानों की धान एमसपी पर नहीं बिकी, इसके बाद किसानों को गेहूं बिजाई के लिए डीएपी नहीं मिली और फिर यूरिया की किल्लत झेलनी पड़ी।


अरोड़ा ने पटवारियों की भ्रष्टाचार में संलिप्तता पर सवाल उठाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार में अगर कोई भी अधिकारी कर्मचारी शामिल है तो कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन सरकार एक तरफ सूची जारी करती है दूसरी तरफ मुख्यमंत्री का बयान आता है सूची कैसे लीक हुई इसकी जांच करेंगे। पटवारियों पर सरकार कार्रवाई कर रही है लेकिन बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद हुई थी उसकी गिरदावरी अब तक नहीं हुई है।

### हरियाणा में एनसीसी कैडेट व एएनओ के मेस भत्ते बढ़ोतरी

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के एनसीसी कैडेटों व एएनओ को एनसीसी शिविरों व अन्य गतिविधियों के लिए मेस भत्ते की दरों को 150 रूपये से बढ़ाकर 220 रूपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। यह भत्ता 22 मई, 2024 से प्रभावी होगा। सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि एनसीसी कैडेटों और एसोसिएटेड एनसीसी अधिकारियों (एएनओ) के संबंध में मेस भत्ते को बढ़ाया गया है, जो नौकायन/साइक्लिंग अभियानों सहित विभिन्न एनसीसी शिविरों में भाग लेते हैं। मेस भत्ते की दरों को 150 रूपये से बढ़ाकर 220 रूपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन करने से राज्य के 25 प्रतिशत हिस्से के लिए प्रति वर्ष 36.50 लाख रुपये का वित्तीय भार पड़ेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर रोहतक में एएनओ 132 और एनसीसी कैडेट 9794 है।





















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)